शैक्षणिक स्तर पर हिन्दी भाषा के अध्ययन- अध्यापन की वैश्विक स्थिति काफी सन्तोषप्रद हैं। भारत के बाहर लगभग 160 विश्वविद्यालयों

में हिन्दी संस्थाओं की व्यवस्था की गई हैं।

मारिशस, फिजी, सूरीनाम,क्यूबा, मंगोलिया, फिनलैंड, पौलैंड़, रूस, अमेरिका, कनाड़ा, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, पोलेण्ड आदि देशों में हिन्दी अध्ययन की व्यवस्था है।

फादर कामिल बुल्के के शब्दों में 'सम्पर्क' भाषा के रूप मेंहिन्दी की योग्यता के विषय में मेरा विनम्र निवेदन है कि हिन्दी केवल देश के लोगों की साहित्यिक भाषा ही नहीं, बल्कि बोलने वाले, समझने वालों की बड़ी संख्या में यह विश्व की तीसरी भाषा है। अत: जब तक हम स्वयं हिन्दी को अपनी राष्ट्रभाषा नहीं बनायेंगे, यदि यूँ ही लड़ते रहेंगे तो कोई अन्य इसके महत्व को क्या समझेगा ? अत: सबसे पहले अपने देश को लागू करना है और इतना ही नहीं अधिक समृद्धशाली बनाना है कि विश्व के सभी लोग इसे सीखने तथा बोलने का प्रयत्न करें।

हिन्दी ने विभिन्न भाषाओं के शब्दों को स्वीकार किया हैं, उन्हेंआत्मसात किया हैं। अंग्रेजी के अनेक शब्द आज हिन्दी मेंसर्व सम्मत रूप मेंप्रयुक्त किये जाते है- स्कूल, पेंसिल, कॉलेज, स्टेशन, रेडियों, बोर्ड, मोटर, कार आदि। फारसी के खूबसूरत, किताब, मदरसा गुलाब, कागज, दुकान, बादाम, फौज, चश्मा, दरवाजा, शराब, शादी आदि। तुर्की में-तमगा, लाश, चाकू, कब्ची, तोप, कुरता, चेचक, चम्मच, कालीन आदि। अरबी में मुकदमा, अदालत, जुर्माना, ताकत, वकील, हवा, तूफाल, सुबह, तारीख,कुर्सी, आदमी, औरत, फकीर, कानून, मकान आदि। जापान-रिक्शा, ताँगा, आदि। पुर्तगाली- कमरा, गमला, तौलिया, काजू,गोदाम, आदि।

इसके अतिरिक्त संयुक्त संकर शब्दों की काफी संख्या हिन्दी मेंप्रयुक्त है।

भाषा की अभिव्यक्ति की दृष्टि से जैसा बोला जाता है वैसा ही उच्चारण भी किया जाता है, साथ ही हर प्रकार के भावों को समझने के तरीके से व्यक्त करने की योग्यता भी हिन्दी में निहित है। भाषा सरल, स्पष्ट, प्रभावशाली है। हिन्दी महत्वपूर्ण अधिकार पाने पर लेखन की सहज क्षमता उत्पन्न होती है। रसास्वादन की, और रस-ग्रहण ही अपरिसीमित क्षमता है। भाषा मूलत: मनुष्य का एक संस्कार है। भाषा मूलत: सामाजिक वस्तु है। अत: समाज उसका अनेक विधियों से उपयोग संभव होता है।

प्राचीन ऋग्वेद से लेकर वर्तमान सदी तक संस्कृत भाषा ने अत्यधिक समृद्धि प्राप्त की हैं। उपनिषदों, ब्राह्मण ग्रन्थों तथा दर्शन ग्रन्थों ने बहुत गहन आध्यात्मिक चिन्तन प्रस्तुत किया है जिसके कारण भाषा अत्यंत प्रगल्भ एवं समृद्धशाली बनी है। इसके साथ ही प्राकृतों तने तथा बौद्ध जैन आचार्यों ने भाषा को अधिक उच्चतम अभिव्यक्तियाँ प्रस्तुत की है। अत: कहा जा सकता है कि ईसवीं सन् 6000 वर्षों के निरन्तर वाड्मय ने भाषा को पूर्णत: शब्द सामर्थ्य प्रदान किया है।

इतना ही नहीं आचार्यों ने धर्म, दर्शन, व्याकरण, आयुर्वेद, आदि अनेक शास्त्रों को रचा है, जिनमें हिन्दी भाषा वैभव सम्पन्न हुई है, इसलिए वैश्वीकरण के रूप में हिन्दी भाषा पूर्णत: सभी प्रकार के व्यवहारों के लिए उपयुक्त हो चुकी है।

भारत एक बहुभाषी देश है। भारतीय जनगणना 1961 में मातृभाषा के रूप में भाषाओं की संख्या 1652 थी। भारतीय जनगणना 1981 में 107 मातृभाषाओं उल्लेख पाया जाता था। देश की लगभग 43 प्रतिशत जनता मातृभाषाओं के रूप मेंहिन्दी का प्रयोग करती है।

'दि केंब्रिज इन साइक्लो पीडिया ऑफ लैंग्वैजस्' में विश्व की प्रथम बीस भाषाओं में हिन्दी मातृभाषा के रूप में चौथा तथा जनसंख्या की दृष्टि से तीसरा स्थान दिया गया है।

आंकड़ों के अनुसार सन् 1961 में हिन्दी भाषा भाषियों का प्रति वर्ष 30.37 प्रतिशत था, जबकि सन् 1971 में 29.67 प्रतिशत था और सन् 1981 42.88 प्रतिशत था। भारत के बाहर भी हिन्दी भाषा जानने वाले लोगों की हिन्दी भाषी समाज के समवेत जनसंख्या 53 प्रतिशत थी।

हिन्दी भाषियों का 81.7 प्रतिशत गाँवों में निवास करता है और केवल 19.03 प्रतिशत हिन्दी भाषी लोग भारत के शहरों में निवास करते है। तीसरी भाषा के रूप में हिन्दी की समानुपातिक स्थिति निम्नानुसार है- गुजराती 93.77 प्रतिशत उड़िया 90.45 प्रतिशत, मराठी 87.17 प्रतिशत, मलयालम 84.8 प्रतिशत, बंगाली 82.76 प्रतिशत, सिन्धी 69.81 प्रतिशत, असमिया 56.61 प्रतिशत, तेलगु 51.47 प्रतिशत, उर्दू 43.92 प्रतिशत, कन्नड़ 36.35 प्रतिशत, तमिल 19.57 प्रतिशत और कश्मीर 8.58 प्रतिशत।(उक्त आंकड़े 1981 की जनगणना के आधार पर दिये है)

इन सबसे स्पष्ट होता है कि हिन्दी भाषा के जानने वाले लोगों की निरन्तर अभिवृद्धि हो रही है, जिससे हिन्दी का अत्यधिक महत्व बढ़ गया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. बेलर्ड- थॉट एण्ड लैंग्वेजस्
2. श्रीनाथ मुखर्जी-राष्ट्रभाषा की षिक्षा
3. डॉ. सुधांषु- सम्पर्क भाषा, हिन्दी
4. देवेन्द्र शर्मा- भाषा का लक्षण
5. ब्लूम फील्ड- Nature of Language
6. दण्डी- काव्यादर्श
7. डॉ. श्याम सुन्दर दास- भाषा और अभिव्यक्ति
8. मनु- मनु स्मृति

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

हिंदी साहित्य में महिला साहित्यकारों का योगदान

कमला नरवरिया *

* सहायक प्राध्यापक, एम .जे. एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिण्ड (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – हिंदी साहित्य में साहित्य लेखन की वृहद परंपरा रही है जो संस्कृत साहित्य से होकर हिंदी साहित्य में आई है। प्राचीन हिंदी साहित्य में नारी केंद्रित साहित्य तो खूब लिखा गया लेकिन स्त्रियों को लिखने का अवसर कम ही मिला ।लेखन की दृष्टि से हिंदी साहित्य को मुख्य रूप से चार भागों में बांटा जा सकता है। आदिकाल ,भक्तिकाल, रीतिकाल और आधुनिक काल।प्रत्येक काल में हिंदी साहित्य में महिला लेखिकाओ का योगदान कम या ज्यादा रहा है लेकिन उनकी भूमिका किसी न किसी रूप में उपस्थित अवश्य रही है।

आदिकाल का समय सिद्धो– सामंतों का समय था ।इस काल में कवियों को राजश्रय प्राप्त था तथा स्त्रियों की सामाजिक स्थिति अत्यंत दयनीय थी , ऐसे विपरीत समय में महिला साहित्यकारों को फलने फूलने का अवसर ना मिला फलस्वरुप साहित्य के क्षेत्र में इनकी उपस्थिति नगण्य ही रही मगर भक्ति काल तक आते–आते हिंदी साहित्य के क्षेत्र में मीराबाई के रूप में उम्मीद की एक किरण नजर आई। भक्ति काल जो कि मुस्लिम शासकों का समय था आम जनता अपने दुखों से त्रस्त थी । ऐसे विपरीत समय में संत महात्माओं ने ईश्वर भक्ति मार्ग द्वारा आमजन को दुख व पीड़ा से मुक्ति का मार्ग दिखाया। इन संत महात्माओ ने आमजन की समझ मे आ सकनेवाली सरल व बोधगम्य भाषा में अपने ग्रंथों की रचना की ।इन संतो मे कुछ महिला संतो जिनमे सहजोबाई, दयाबाई, लल्लेश्वरी तथा बाबरी साहिबा आदि के नाम उल्लेखनीय है। जिन्होंने अपने लेखन से हिंदी साहित्य को समृद्ध किया। इस काल में मीराबाई महिला साहित्यकारों की प्रतिनिधि बनकर सामने आई।जिनके भक्तिपूर्ण पद आमजन मे खूब लोकप्रिय हुए।

रीतिकाल का समय दरबारी कवियों का समय था इस काल में दरबारी कवियों ने अपने आश्रय दाताओं को प्रसन्न करने के लिए उनके प्रशस्ति गान करने के साथ–साथ नायिका के भेद तथा उनके नख –शिख का वर्णन अश्लीलता की हद तक किया तथा महिला साहित्यकारों को कोई बढ़ावा नहीं दिया गया। अत: शेख रंगरेजिन और सुजान जैसे छुटपुट नामों के अतिरिक्त कोई बड़ा नाम सामने नहीं आया।

अत: इस काल में महिला लेखिकाओ का लिखने का अनुकूल माहौल नही मिला, फलस्वरूप साहित्य में उनकी सक्रिय भूमिका अधिक नही रही।

आधुनिक काल में राजेंद्र बाला घोष (बंग महिला) से महिला लेखन की शुरुआत हुई जो महादेवी वर्मा से होती है हुई अभी तक जारी है ।आजादी की लड़ाई के समय जो स्वर साहित्य में उभरा उसमें देशकालिक परिस्थितियां और देश प्रेम की अभिव्यक्ति स्पष्ट लक्षित होती है सुभद्रा कुमारी चौहान, महादेवी वर्मा ,सरोजनी नायडू,उषादेवी मित्रा आदि कई लेखिकाओ ने अपने समय को अभिव्यक्ति दी और उनके सशक्त लेखन का योगदान हिंदी साहित्य को प्राप्त हुआ ।[1]

साहित्य हो या समाज स्त्री को अपने हिस्से का उचित सम्मान कभी नहीं मिला वह दोनों ही जगह अपने हक अधिकारों से वंचित और उपेक्षित रही। प्राचीन समय में उसके लिखे साहित्य को कमतर वह महत्वहीन आंका गया।फलस्वरूप महिला लेखिकाओं के नाम कोई विशेष उपलब्धि हासिल नही हो सकी। मूलभूत अधिकारों से वंचित होने के बावजूद जब भी स्त्री को अवसर मिला उसने अपने को साबित किया चाहे वह लेखन क्षेत्र हो या जीवन का कोई अन्य क्षेत्र।भक्ति काल में मीराबाई के लोकप्रिय पद इस बात के सबूत हैं कि स्त्री में बौद्धिक चेतना की कमी नहीं है।यदि उसे उचित अवसर दिया जाए तो वह अपनी प्रतिभा दिखाने से नही चूकती है।इसका श्रेष्ठ उदाहरण मीराबाई, महादेवी वर्मा जैसी विदुषियां है जिन्होंने हिंदी साहित्य में एक अलग पहचान बनाई।आधुनिक काल में छायावाद के कवि चतुष्टय में महादेवी वर्मा जी किसी परिचय की मोहताज नहीं है फिर भी साहित्य में एक लंबे अरसे तक महिला साहित्यकारों की कमी खलती रही ।

स्वतंत्र्योत्तर भारत में जिन महिला लेखकों ने अपने साहित्य के माध्यम से हमारा धयान आकर्षित किया है वे है मैत्रेयी पुष्पा, प्रभा खेतान और अलका सरावगी। प्रभा खेतान ने एकदम भिन्न पृष्ठभूमि परिवेश और संस्कृतियों में नारी नियति का चित्रण किया है। स्त्री दमन व शोषण के विरोध में उनके नारी पात्र विद्रोह की भावना से भरे रहते हैं। प्रभा खेतान का मानना है कि स्त्री मुक्ति का मार्ग स्त्री के आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने में छिपा है। जिससे वह समाज में एक सम्मानजनक जीवन जी सके। मैत्रेयी पुष्पा जी ने स्त्री अधिकारों के लिए अपनी आवाज बुलंद की। उन्होंने स्त्रियों की दयनीय स्थिति को अपने कथा साहित्य के माध्यम से उजागर किया।आपने बुंदेलखंड और ब्रज क्षेत्र के अहीरों, जाटों और कबूतरा जाति का यथार्थ आंचलिक जीवन चित्रित करते हुए इनके समाजों में स्त्री पर होने वाले अत्याचारों का प्रमाणिक और मार्मिक चित्रण किया है इन समाजों की अधिकांश स्त्रियां इन अत्याचारों को चुपचाप सहन करती हैं किंतु उनमें से कुछ ऐसी भी निकलती हैं जो इन अत्याचारों का विरोध करती हैं और अत्याचारों से जूझती है ।[2] इसी तरह की विषयवस्तु पर आधारित आपका एक अन्य उपन्यास है इदन्नमम । इदन्नमम की मंदाकिनी स्त्रियों के लिए निर्मित पारिवारिक व सामाजिक बंधनों को तोड़ती है और अत्याचारों के विरुद्ध तन कर खड़ी हो जाती है।'चाक' की सारंग ,'झूला नट' की शीलो ,'अल्मा कबूतरी' की अल्मा आज भी विद्रोही और जुझारू स्त्री पात्र हैं। संभवत: काम संबंधों का मुक्त चित्रण भी इनके उपन्यासों में इसी विद्रोह भाव को व्यक्त करने के लिए किया गया है जो

लेखिका की साहसिकता (बोल्डनेस) का परिचायक है।[3]

अलका सरावगी ने अपने पहले ही उपन्यास कलिकथा: बाया बाईपास से हिंदी साहित्य जगत में अपना एक अलग स्थान बनाया है ।इस उपन्यास का कथाशिल्प व वस्तु विधान ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। कलिकथा: बाया बाईपास में यथार्थ और फंतासी का मिश्रण करके एक मारवाड़ी परिवार की पांच पीढ़ियों की कथा कह दी है जिसमें प्लासी के युद्ध से लेकर बाबरी मस्जिद के ध्वंस तक की कथा समाहित है। इस उपन्यास में वस्तु के अनेक स्तर विधमान हैं ।जिनमें से एक स्तर मारवाड़ी समाज में स्त्रियों की घुटन भरी विवश अंधोरी जिंदगी का है जिसका केंद्र किशोर बाबू की विधवा भाभी है।[4] इसी तरह से आपका एक अन्य उपन्यास 'शेष कादंबरी' है जिसमें रूबी जी की स्मृतियों ,सपनों कादंबरी से फोन पर की गई बातचीत, उसके पत्रों, रपटो आदि के माध्यम से कही गई।[5] वस्तुत: शेष कादंबरी की कथा का केंद्र नारी उत्पीड़न है इसमें नारी उत्पीड़न के विभिन्न स्त्री पात्रों को कहानियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया हैं। अलका सरावगी के उपन्यासों की प्रमुख विशेषता यह है कि वह नारी व्यथा का सफल चित्रण करने में पूर्णत: सफल रही हैं। स्त्री चाहे किसी भी देश या धर्म की हो सर्वत्र शोषित और पीड़ित है। स्त्री की इसी पीड़ा को हिंदू और मुस्लिम महिला साहित्यकारों ने अपने साहित्य में प्रस्तुत किया है ।मुस्लिम कथाकार मेहरून्निसा परवेज जिन्होंने मुस्लिम व ईसाई समाज को अत्यंत करीब से देखा है इन समाजों की स्त्रियों का दुख दर्द और वेदना इनके साहित्य में प्रतिबिंबित होता है इन महिला कथाकार ने केवल सामाजिक सरोकारों से संबंधित साहित्य ही नहीं लिखा वरन राजनैतिक चेतना से संबंधित साहित्य भी रचा। इस संदर्भ में नासिरा शर्मा जी का नाम उल्लेखनीय है।उनके उपन्यासों में वस्तुगत विविधाता है। यदि वे अपने पहले उपन्यास 'सात नदिया एक समंदर' में ईरानी जनता के रजाशाह पहलवी के विरुद्ध विद्रोह, उसके शासन से मुक्ति, अयातुल्लाह खुमैनी के शासन की स्थापना फिर तानाशाही शासन से जनता के मुक्त न हो पाने और तानाशाही के अत्याचारों को सहने के लिए विवशता का चित्रण करती है तो अपने दूसरे उपन्यास 'शाल्मली' में हिंदू समाज में विषम दांपत्य जीवन में यातना भोगती स्त्री का चित्र उपस्थित करती है।[6] इन महिला कथाकारों चाहे मैत्रेयी पुष्पा हो या प्रभा खेतान या नासिरा शर्मा सभी के साहित्य में महिलाओ की वेदना उनकी पीड़ा का सजीव चित्रण मिलता है इसका प्रमुख कारण यह है एक महिला कथाकार होने की वजह से वह महिलाओं की समस्याओ को भलीभांति समझती है। जो उन्हें पुरुष लेखकों की तुलना में अधिक संवेदनशील बनाता है यही वजह है उनके लेखन में कृत्रिमता न होकर स्वाभाविकता पाई जाती है ।

स्त्री जीवन की समस्याओं की सामान्य भूमि स्पर्श करते हुए भी प्रत्येक उपन्यास लेखिका का अपना विशिष्ट अनुभव संसार है । जिसे उसने अपनी कृतियों में अभिव्यक्त किया है ।मंजुल भगत ने मध्यम वर्गीय परिवारों में चौका बर्तन करनेवाली या इसी प्रकार के अन्य छोटे-मोटे काम करके अपनी जीविका कमाने वाली स्त्रियों को अपनी सहानुभूति का पात्र बनाया है इस दृष्टि से अनारो (1977) उनका प्रतिनिधि उपन्यास है ।[7] वही मंजुल भगत के उलट मृणाल पांडे जी के उपन्यास स्त्री केंद्रित न होकर समाज के उन नकारात्मक सामाजिक विसंगतियों को प्रस्तुत करते हैं जो आम आदमी के शोषित होने के कारण हैं।

हिंदी साहित्य में कई लेखिकाओं ने आंचलिकता से भरपूर साहित्य रचा है। इनमें मृणाल पांडे ऋता शुक्ल और चंद्रकांता का नाम प्रमुख रूप से लिया जा सकता है। चंद्रकांता के उपन्यासों में कश्मीर तथा कश्मीरियत की आंचलिकता को अपने में समेटे वहां की सभ्यता और संस्कृति का चित्रण मिलता है जबकि ऋता शुक्ल के उपन्यासों में हमें बिहार के विशिष्ट आंचलिक जीवन के चित्र मिलते हैं। वही मृणाल पांडे का उपन्यास 'पटरंग पुराण' आंचलिक जीवन यथार्थ को प्रस्तुत करता है। अत: स्पष्ट है कि महिला साहित्यकारों ने सामाजिक आर्थिक राजनीतिक व आंचलिकता जैसे विषयों पर खूब लिखा ।

स्वतंत्रता के पश्चात नारी लेखन में नारी मुक्ति के स्वर प्रमुखता से उभरे है। महिला साहित्यकारों ने अपने लेखन से नारी की पारंपरिक छवि को तोड़कर एक नई स्त्री की छवि गढ़ी। कृष्णा सोबती, मैत्रेयी पुष्पा और प्रभा खेतान, ममता कालिया, सुनीता जैन, कुसुम अंशल इत्यादि का लेखन इसका उदाहरण है ।कृष्णा सोबती की 'मित्रों मरजानी' की मित्रो, मैत्रेयी पुष्पा की 'चाक' की सारंग स्त्रियों के मुक्ति का मार्ग दिखाती है । स्त्री मुक्ति की दिशा में प्रभा खेतान की अनूदित पुस्तक 'स्त्री उपेक्षिता' इस संदर्भ में मील का पत्थर साबित होती है उनकी यह पुस्तक ,हमें स्त्री विमर्श पर विविध आयाम प्रस्तुत करती है और हमें स्त्री मुक्ति के लिए सोचने पर विवश करती है।इन महिला साहित्यकारों ने अपने रचे पात्रों के माध्यम से एक नए स्त्री विमर्श को जन्म दिया।

समाज के बदलते हुए परिवेश में स्त्री – पुरुष समानता पारिवारिक तथा सामाजिक मूल्यों में बदलाव के साथ वैयक्तिक चेतना ने महिला लेखन को एक नई दिशा प्रदान की अमृता प्रीतम ,मन्नू भंडारी , ममता कालिया, निरूपमा सेवती, मेहरुन्निसा परवेज, चंद्रकिरण सोनरिक्शा, शशि- प्रभा शास्त्री, सुधा अरोड़ा, चंद्रकांता, चित्रा मुदगल आदि के लेखन ने नारी मूल्यों को एक नया स्वर दिया है ।जिनमे प्रेम ,यौन शुचिता, विवाह, परिवार, बच्चे तथा आर्थिक रुप से सक्षम बनना, अपने फैसले स्वयं लेने की स्वतंत्रता इत्यादि से संबंधित समस्याओं का यथार्थ चित्रण अपने साहित्य मे किया है।जिसमें आधुनिकता व परंपरा के अंर्तद्वंद के बीच पिसती स्त्री के मनोदशा का अंकन मिलता है।

नई पीढ़ी की महिला कथाकारों में मनीषा कुलश्रेष्ठ, दिव्या विजय, अनु सिंह चौधारी, योगिता यादव, गीताश्री, रजनी मोरवाल ,अंजू शर्मा इत्यादि साहित्य लेखन में सक्रिय महिला कथाकारों ने अपने कथा लेखन से हिंदी साहित्य को एक नई दिशा प्रदान की है। इस नई पीढ़ी की महिला कथाकारो ने धीरे-धीरे सामाजिक पारिवारिक मूल्यों के बीच पिसते नारी अस्तित्व ने नए मूल्य तलाशने आरंभ कर दिए । दांपत्य जीवन के बदलते संबंध- संदर्भ पारिवारिक मूल्यों व मान्यताओं में बदलाव, वैयक्तिक चेतना, परिवेश के प्रति सजगता तथा अपने पर हो रहे अन्याय का प्रतिरोध, विवाहेतर संबंधों का स्वीकार नीति-अनीति और फिर समय बीतने के साथ-साथ पुरुषों के साथ कंधो से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में कार्यरत महिला की भूमिका, घर और बाहर के वह दोहरे बोझ से उत्पन्न द्वंद-दुविधा और संघर्ष इन सब तत्वो ने समकालीन स्त्री कथा साहित्य के नए यथार्थ को देखा, समझा और उसे लेखन में ज्यों का त्यों उतारा।[8]

अत: हम कह सकते हैं कि वर्तमान पीढ़ी की महिला साहित्यकारों ने हिंदी साहित्य को अपने लेखन से एक नई दिशा की ओर अग्रसर किया है और आगे भी करती रहेंगी। जिससे निश्चित ही हिंदी साहित्य का बहुआयामी विकास संभव होगा । दुनिया के सभी क्षेत्रों में अपना परचम फहराने वाली महिलाएं साहित्य के क्षेत्र में भी अच्छा लेखन कार्य कर रही है ।और हिंदी

साहित्य के क्षेत्र उनके अमूल्य योगदान की उपेक्षा नही की जा सकती है।इन लेखिकाओं ने हिंदी साहित्य को एक नई पहचान दी है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. उमा अर्पिता, गधाकोश
2. डॉ नगेंद्र, हिंदी साहित्य का इतिहास पृ.724
3. वही,पृ.724
4. वही पृ.724
5. वही ,पृ.724
6. सं.डॉ. नगेंद्र ,हिंदी साहित्य का इतिहास पृ.722
7. वही पृ.724
8. उमा अर्पिता, गधाकोश

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

जनजातियों में प्रचलित शिकार की प्राचीन विधियाँ

डॉ. संगीता धुर्वे (मरावी) *

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) नवीन महाविद्यालय, बाडी, जिला रायसेन (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – आदिकाल के मनुष्य ने जब पहली कुल्हाडी और धनुष बनाया था तो वह अर्थशास्त्र नहीं था, वह केवल हम कह सकते है तकनोलॉजी थी। वे लोग पत्थर या लकड़ी से आग बना लेते थे। चूंकि प्राचीन काल के आदिवासी प्रकृति की गोद में बसते आये हैं। ये पहाडों, जंगलों, दुर्गम स्थानों में बसते गए। जहां कोई आज के सभ्य कहे जाने वाले लोग नहीं रह सकते। ये प्रकृति से जुड़े होते हैं। प्रकृति के सहारे ही जीवन यापन करते है। इसलिये आदिवासियों को प्रकृति पुत्र या बनवासी कहा गया है। प्रकृति के संरक्षण में ही उनका पूरा जीवन गुजरता आया है। समय परिवर्तनशील है। परिवर्तन के साथ मनुष्य के विचार भी बदलते रहे। क्रमश: आगे बढ़ते गए। परम्परागत समाज से आखेट युग में प्रवेश किये। स्वामाविक है कि मनुष्य कुछ सोच विचार कर अपनी बुद्धि या दिमाग से अपने लिये कुछ करने को कोशिश की। ताकि अपना जीवन को और अच्छा बना सकें। रोजी-रोटी की तलाश में अन्न के साथ-साथ शिकार करने की इच्छा जागृत हुई होगी। शिकारी युग में या यों कहें आखेट युग में जंगली जानवरों या पक्षियों को मारने के लिये कुछ औजार या उपकरण बनाने पर विचार किया होगा। कि किस प्रकार जंगली जानवरों और जंगली पक्षियों को पकड़ सकें और उनका शिकार कर सकें। शिकार के लिये परम्परागत से तरीको या उपायों का प्रयोग किया जिसमें धनुष-बाण, कुल्हाड़ी, भाला, बन्दूक, तीन कमान फरसा, तलवार, आदि उनके अस्त्र थे जिनका प्रयोग आज भी होता है।

भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ के ये लोग विभिन्न तरीकों या विधियों का इस्तेमाल करते है। जिनका वर्णन इस प्रकार है –

(1) **फन्दा** – फन्दा मजबूत रस्सी का होता है। फंदे से ही खरगोश का शिकार किया जाता है। पक्षियों का शिकार भी फन्दे के सहारे से की जाती है। शिकार के लिये कोई निश्चित दिन तय किया जाता है। शिकार के लिये अनुष्ठान किया जाता है कि किस क्षेत्र में शिकार के लिये जाया जाय। दिशा का भी अनुमान लगा लेते है। तब उसी दिन शिकार करने के लिये निकलते है। जिन जंगली जानवरों का शिकार किया जाता है उनमें गोडरी जंगली सुआर, सांभर, हिरन, घुटरी, खरगोश आदि।

(2) **मचान बांधना** – जहॉ पानी का झरना या स्त्रोत रहता है वहां मचान बनाया जाता है। जंगली जानवर शाम ढलते ही पानी पीने के लिये आते है। साहसी शिकारी बन्दूक लिये ऊपर बैठे रहते है जैसे ही कोई भी जानवर आता है बन्दूक की गोली से मार देते है। यह कार्य बहुत साहस की है, शेर जैसे का शिकार करना कठिन है। मचान 10 फुट से 15 फुट की उंचाई पर बनाते है।

(3) **जॉल बांधना** – गोंड़-बैगा जाति के लोग जंगली जानवरों के शिकार के लिये अपने पुराने उपाय जॉल बॉधकर जानवरों को फंसाते है। जंगल-पहाडों में जानवर जैसे खरगोश, हिरन-सांभर जिस दिशा में भागते है। उसी दिशा में जॉल बांधा जाता है और जानवर फंस जाते है। यह आसान तरीका है। मजबूत और बरीक धागों का जॉल संभावित दिशा में बिछा दिया जाता है। कहीं-कहीं खम्भा गाड़कर सीधे बॉध देते है। जंगली जानवर घूमते-घूमते उस जॉल में फस जाता है।

(4) **तीर-कमान** – गोंड़ बैगा जनजाति तीर कमान से भी शिकार करते है। प्राचीन काल से इस पद्धति का प्रयोग करते आये है। रामायण और महाभारत युद्ध में तीर कमान देखा जा सकता है। जनजाति के लोग विलक्षण तीरंदाज होते है। शिकार के लिये विशेष तकनीक से बनाये गये तीर नुकीले तथा चौडे फलक वाले होते है। जो लगने के बाद आसानी से जानवरों के शरीर के बाहर नहीं निकलते।

गोंडवंश की महारानी दुर्गावती एक निपुण शिकारी होने तीर कमान से शेर का शिकार करने वाली वीरांगना अपनी प्रजा के लिये कितनी समर्पित थी। म.प्र. के राजे-महाराजे सभी तीर कमान और बन्दूक से शिकार करते थे।

(5) **सामान्य हॉक** – हांके में जानवरों को उस ओर हांकते हैं जहां शिकारी पूर्व नियोजित तैयारी के साथ बैठे रहते है। जैसे ही जानवर नजदीक आये और बन्दूक से गोली चलाकर शिकार कर लेते है।

(हांका) – यह सामूहिक शिकार करने की पद्धति है। हांके में फन्दों की तरफ जानवर भगाते हैं और उस फन्दें में जानवर फंस जाते है। सामूहिक फंदे में शेर चीतल, सांभर भी फंस जाते है। शिकार करने का सरल साधन फन्दा है।

(6) **भाले से शिकार करना** – घर का पालत कुत्ता जानवरों के पीछे करते है। जानवरों के पीछे-पीछे कुत्ता दौड़ता जाता है और जानवर मांगते-मांगते थक जाता है तो खड़ा होकर आराम करते समय कुत्ता घेर लेता है। तब तक शिकारी आकर माले से शिकार कर लेता है।

(7) **गोफना** – यह शिकार करने की एक पद्धति है। तीन रस्सियों के सहयोग से बनाया जाने वाला अस्त्र है। जिसमें सांके की शक्ल में बीच में तीनों रस्सियों को बॉधकर उसमें पत्थर रखकर घुमाकर जोरों से निशाने पर फैंका जाता है जो खेत की चिड़ियों को उड़ाने लेकर उनके शिकार के लिये उपयोग किया जाता है।

(8) **वाटर होल पनवा लगाना** – जंगलों में कुछ स्थान ऐसे हैं जहां गर्मियों के दिनों में पानी सूखता नहीं है। जिसे झिरिया कहते है। यहां पर शिकारी छिपकर ताक लगाये बैठे रहते है। जैसे ही प्यास बुझाने जानवर झिरिया के

पास आया शिकारी अपने अस्त्र से शिकार कर लेता है।

(9) **कटन** – जंगलों में कुछ स्थान ऐसे होते हैं जहां प्राय: अधिकांश जानवर चारागाह के उस स्थान से होकर निकलते हैं। रास्ते में शिकारी बैठ कर आने वाले जानवरों की राह देखता है जैसे ही जानवर आया अपने बन्दूक से शिकार कर लेता है।

(10) **कुसियारी** – यह प्राचीनतम शिकार की पद्धति है जिसमें दिन के समय सोते या छुपे हुये खरगोश को धोके से मारा जाता है। इस पद्धति में एक व्यक्ति एक लम्बे बांस में रंगीन कपड़ा लपेटकर बैठे हुये खरगोश के पास से जोरों से हिलाते हुये निकलता है। छुपा हुआ खरगोश लगातार उसे देखता रहता है और पीछे से आकर दूसरा व्यक्ति उसे डंडे से मार देता है।

(11) बस्तर के दण्डायी माड़िया लोगों में शिकार की एक पुराना पद्धति है वह यह है अक्कुम नामक पीपल का एक झाड़ होता है। इस अक्कुम नामक पीपल का बाजा अथवा गाय–भैंस के सींग से फूंकते हैं जिससे आवाज निकलती है इस आवाज के सहारे कई तरह से जानवरों को घेरा जाता है और जानवरों को उस दिशा की ओर खदेड़ा जाता है जिस तरफ तीर धनुष और अन्य हथियार लेकर आदिवासी छिपे बैठे रहते है। जैसे ही जानवर उस तरफ से गुजरते है, उस पर एक साथ तीरों की बौछार की जाती है। घायल अवस्था में जानवरों का पीछा थोड़ी दूर करना पड़ता है और फरसेनुमा लोहे के हथियार से घायल जानवर को मार दिया जाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. मध्यप्रदेश जीवन और विकास 25 जून 1989
2. चौमाठा –जुलाई नवम्बर 1984
3. दैनिक भास्कर जून 2007 (डॉ. प्रसन्न कुमार दुबे का लेख)
4. भारत के आदिवासी – पृष्ठ 446–47 लेखक पी.आर नायडू

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

भारत में सामाजिक न्याय के निर्वचनकर्ता के रूप में मानव जीवन के विकासात्मक पहलुओं पर सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका

असीम कुमार शर्मा *

* LL.M., Ph.D. 6/27-F, जवाहर नगर नानाखेडा, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – सामाजिक न्याय किसी भी लोक कल्याणकारी राज्य की बुनियादी अवधारणा है। लोक कल्याणकारी राज्य की संकल्पना में ही सामाजिक न्याय अंतर्निहित है। भारत का संविधान भारत गणराज्य को एक लोककल्याणकारी राज्य के रूप में स्थापित करता है। भारतीय संविधान की उद्देशिका भारत को एक समाजवादी राज्य बनाने और भारत के समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय उपलब्ध कराने तथा प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्रदान करने की बात कहती है। संविधान के भाग 4 राज्य के नीति–निदेशक तत्वों में स्पष्टत: सामाजिक अधिकारों की उद्घोषणा करता है। संविधान के अन्य कई प्रावधान भी सामाजिक न्याय की बात विविध रूपों में कहते हैं, जिनमें मूल अधिकार भाग तीन व्यक्ति के अधिकारों को प्रतिष्ठित कर सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक न्याय के तत्व उपलब्ध कराते हैं। जैसे अवसर की समानता, वृत्ति, उपजीविका, व्यापार या कारबार करने की स्वतंत्रता, अस्पृश्यता का अन्त, मानव के दुर्व्यवहार और बलात् श्रम का प्रतिबंध, कारखानों आदि में बच्चों के नियोजन का प्रतिषेध ऐसे उपबंध हैं जो सामाजिक न्याय को व्यक्तिगत अधिकारों में राजनैतिक न्याय व आर्थिक न्याय के रूप में उपलब्ध कराते हैं। समाजवादी समाज की स्थापना आर्थिक न्याय की अवधारणा को पुष्ट करती है। संविधान का भाग 16 कुछ जनवर्गों के संबंध में विशेष उपबंध की बात कहता है। सर्वोच्च न्यायालय संवैधानिक न्यायालय है एवं न्यायालयों के सौपानक्रम में सर्वोच्च है। अत: सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सामाजिक न्याय के संबंध में न्यायिक निर्वचन एवं भूमिका का अध्ययन करना इस शोध पत्र का उद्देश्य है। सर्वोच्च न्यायालय ने भाग–तीन में प्रत्याभूत मूल अधिकारों एवं भाग चार में उल्लेखित राज्य नीति के निदेशक तत्वों का सामंजस्यपूर्ण निर्वचन कर सामाजिक न्याय को विशेष बल दिया है।

प्रस्तावना – संविधान एवं संविधानवाद के अध्ययन में एक सिद्धान्त जिसने विश्व में समस्त संविधानों में अपनी छाप पुरज़ोर तरीके से छोडी है, वह है शक्ति पृथक्करण का सिद्धान्त, जिसे माण्टेस्क्यू ने अपनी किताब "Spirit of laws" में उल्लेखित व प्रतिपादित किया था। यह सिद्धान्त व्यवहारिक शासन पद्धतियों में 'नियन्त्रण व संतुलन' का सिद्धान्त बनकर प्रस्तुत हुआ। भारत के संविधान में भी शासन के दोनो अंगों पर मूल अधिकारों व राज्य के नीति निदेशक तत्वों को लागू करने पर बल दिया है जो कि व्यक्तिगत अधिकारों एवं सामाजिक अधिकारों के रूप में उल्लेखनीय है। संविधान में सामाजिक न्याय की प्रबल आवाज संविधान की उद्देशिका एवं राज्य के नीति निदेशक तत्वों में स्पष्टत: दिखाई देती है। संविधान कहता है विधान मण्डल कानूनों को बनाएगा और कार्यपालिका उन्हे लागू करेगी। विधान मण्डल द्वारा कानूनों को बनाते हुए राज्य की नीति निदेशक तत्वों को अधिनियमित करना विधानमण्डल अर्थात संसद एवं राज्य विधानमण्डलों का कर्तव्य है तथा इन कानूनों का क्रियान्वयन सरकार, अर्थात संघ एवं राज्य सरकार अर्थात सम्पूर्ण कार्यपालिका का कार्य है। इन दोनो अंगों पर इस कार्य का उत्तरदायित्व संविधान द्वारा सौंपा गया है और विधान मण्डलों द्वारा अधिनियमित कानूनों का निर्वचन करना न्यायालय का कार्य है अर्थात सम्पूर्ण न्यायपालिका, सर्वोच्च न्यायालय से लेकर अधीनस्थ न्यायालय तक।

समाजशास्त्रीय विधिशास्त्र के साथ न्यायिक क्रियात्मकता – सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायिक निर्वचन के माध्यम से विधियों का एवं विधियों की अनुपस्थिति की दशा में मार्गदर्शक सिद्धान्तों को विहित कर सदैव सामाजिक न्याय की न्यायिक माँग को पूरा किया है। उपभोक्ता शिक्षा एवं अनुसंधान केन्द्र बनाम भारत संघम के अपने निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि संविधान की प्रस्तावना तथा अनुच्छेद 38 सर्वोच्च विधि है, जिसमें विधि द्वारा सामाजिक बदलावों का लक्ष्य है कि मानव जीवन को गरिमापूर्ण बनाया जा सके तथा सामाजिक न्याय ऐसा माध्यम है जो निर्धनों, वंचितों, शोषितों व साधनहीनों को विशेष संरक्षण प्रदान करें। इंदिरा साहनी बनाम भारत संघम के अपने निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान को सामाजिक परिवर्तनों की अपेक्षाओं के अनुरूप निर्वचित किए जाने पर बल दिया है। सार्वजनिक हित के मामलों को अनुच्छेद 32 व उच्च न्यायालयों द्वारा अनुच्छेद 226 के अंतर्गत सुनवाई का अधिकार देकर लोकहित दावों के माध्यम से न्यायिक दृष्टिकोण सदैव सामाजिक न्याय की स्थापना में सहायक रहा है।

विशाखा बनाम राजस्थान राज्यम का निर्णय श्रमिक महिलाओं के कार्यस्थलों पर यौन शोषण को रोकने के लिये इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है कि यह विधान मण्डल द्वारा विधि न होने की स्थिति में न्यायालय द्वारा निर्देश किया गया था। यह निर्णय विधायी विधि की अनुपस्थिति में न्यायिक विधि के रूप में था जो कि न्यायालय का सराहनीय प्रयास है।

भारत का संविधान और सामाजिक न्याय – सामाजिक न्याय भारतीय संविधान की नींव है। मध्य बीसवीं सदी में निर्मित होने वाले इस संविधान के निर्माता न्याय के विभिन्न सिद्धान्तों के प्रयोगों व कमियों से पूरी तरह अवगत थे। वे न्याय के ऐसे प्रारूप की खोज में थे जो समग्र क्रान्ति की अपेक्षाओं को पूरा कर सकें। पण्डित नेहरू ने संविधान सभा के समक्ष बोलते हुए कहा था

– 'इस संविधान सभा का प्रथम कार्य यह है कि एक नवीन संविधान द्वारा भारत को स्वाधीनता दिलाई जाये, जिससे कि भूख से बिलख रही जनता को भरपेट रोटी मिल सकें तथा नग्न लोगों को आवश्यक वस्त्र दिए जा सके तथा प्रत्येक भारतीय को इस बात का सर्वोत्तम अवसर दिया जाय कि वह अपनी हैसियत के अनुसार अपना विकास कर सकें।'[3] इस प्रकार सामाजिक न्याय को भारतीय संविधान में तात्विक स्थान मिला। भारत का संविधान न्याय की किसी एक पारम्परिक विचारधारा–समतामूलक, उपयोगितावादी, समझौतावादी या हकवादी से पूरी तरह प्रतिबद्ध नहीं है। संविधान की प्रतिबद्धता सामाजिक न्याय की प्रगतिशील अवधारणा से है और न्याय के विभिन्न नियम – गुणवत्ता, सद्व्यवहार, आवश्यकता, विकल्प आदि इसके सहायक अंग है। दरअसल संविधान की प्रतिबद्धता ऐसे सामाजिक न्याय से है जो भारतीय परिवेश में कल्याणकारी राज्य की अपेक्षाओं को सार्थक रूप में पूरा कर सकें। इसीलिए एक तरफ समता के मूल्य की बात की गई है, जो अरस्तु के समानों के साथ समान व्यवहार का उद्घोष करते हुए राज्य को निर्देशित करती है वह 'भारत के राज्य क्षेत्र में किसी व्यक्ति को विधि के समक्ष समता और विधियों के समान संरक्षण से वंचित नहीं करेगा।'[4] जो वितरणात्मक न्याय है। दूसरी तरफ समाज के पिछड़े वर्गो, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गो के लिए विशेष उपबन्ध के माध्यम से संरक्षात्मक विभेदीकरण की बात कही गई है। जो सुधारात्मक या प्रतिकरात्मक न्याय का प्रतीक है।

'भारत का संविधान, जो कि देश की सर्वोच्च विधि है, दो उद्देश्यों पर आधारित है –

1. नई सामाजिक व्यवस्था का निर्माण जिसमें सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक न्याय हो, और
2. लोगों की स्वतन्त्रता की तानाशाही शक्तियों के आक्रमण से रक्षा करना। ये दोनों विचार संविधान की योजना में स्वर्णिम बिन्दुओं की तरह स्थापित है।

सामाजिक न्याय का दर्शन भारतीय संविधान की प्रस्तावना में स्पष्ट व सुन्दर शब्दों में है। ये चार प्रकार की संकल्पनाएँ प्रस्तुत करता है – न्याय, स्वतन्त्रता, समानता और सहिष्णुता – जो कि राष्ट्रीय उन्नति के मार्गदर्शक सिद्धान्त है। प्रस्तावना मात्र संविधान का आमुख नहीं है बल्कि संविधान के प्रावधानों में तात्विक रूप से सम्मिलित हैं।

सामाजिक न्याय की योजना संविधान के भाग–3, भाग–4 और भाग– 16 में सम्मिलित है। अत: सामाजिक न्याय की योजना को क्रियान्वयन करने के लिये भारतीय संविधान ने निम्न कदमों को उठाया है –

1. संविधान नई सामाजिक व्यवस्था बनाने के जिसमें सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक न्याय को स्थान मिले।
2. भारतीय संविधान कुछ मूलभूत अधिकारों की उद्घोषणा करता है व इन्हें न्यायालयों द्वारा प्रवर्तनीय बनाता है।
3. संविधान राज्यों को आवश्यक उन्नति व विकास के लिये सामाजिक व आर्थिक अधिकार प्रदान करने का निर्देश देता है।

उक्त मूलभूत अधिकार तथा कानूनी अधिकार सामाजिक नियन्त्रण के न्यायपूर्ण कानूनों से सामाजिक न्याय के लिये इस प्रकार अन्तर्सम्बन्धित हैं।

जीवन के कई महत्वपूर्ण अधिकारों को प्रदान करने में न्यायिक भूमिका – न्यायालय ने कई महत्वपूर्ण निर्णयों में सामाजिक न्याय से जुडे बुनियादी अधिकारों को जनहित में निर्वचित किया है। पीपुल्स यूनियन फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स बनाम भारत संघम के निर्णय में एशियाड खेलों में बनने वाले निर्माणों पर काम में लगे हुए मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी के भुगतान न करने को प्राण के अधिकार के अंतर्गत जीविकोपार्जन के अधिकार का अतिलंघन माना और ठेकेदारों को न्यूनतम मजदूरी भुगतान करने का आदेश दिया। डी.के. यादव बनाम जे.एम.आई. इण्डस्ट्रीजम के निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि प्राइवेट नियोक्ता द्वारा किसी कर्मकार को प्राकृतिक न्याय के सिद्धान्तों को पालन किये बिना नौकरी से हटाना अनुच्छेद 21 के अंतर्गत मानव गरिमा से जीवन जीने के अधिकार का उल्लंघन है। ऑल इंडिया इमाम संगठन बनाम भारत संघम के निर्णय में न्यायालय ने कहा कि मस्जिदों के इमामों को भी पारिश्रमिक पाने का अधिकार है ताकि वे अनुच्छेद 21 के अंतर्गत प्राण के जीविकोपार्जन करने के अधिकार का प्रयोग कर सकें। जॉली जार्ज वर्गीज बनाम कोचीन बैंकम के निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि एक धनहीन किन्तु ईमानदार ऋणी को ऋण न चुका पाने की दशा में गिरफ्तार कर निरोध में रखना अनुच्छेद 21 का व सिविल एवं राजनैतिक अधिकार अभिसमय के अनुच्छेद II का उल्लंघन है। सी.ई.एस.सी. लिमिटेड बनाम सुभाषचन्द्र बोसम के निर्णय में न्यायालय ने कहा है कि 'सामाजिक न्याय का अधिकार' एक मूल अधिकार है। कर्मकारों का स्वास्थ्य 'प्राण के अधिकार' के अंतर्गत आता है, जिसकी रक्षा होनी चाहिये। विक्रमदेवसिंह तोमर बनाम बिहार राज्यम के निर्णय में जनहित याचिका पर नारी निकेतन, पटना' में रहने वाली दयनीय एवं अमानवीय स्थितियों में जीवन जी रही महिलाओं को उचित रहवासी सुविधा को उपलब्ध कराने का न्यायालय निर्देश दिया है।

आर.डी. उपाध्याय बनाम आंध्रप्रदेश राज्यम के निर्णय में देशके विभिन्न कारावासों में बन्द महिला कैदियों के साथ रहने वाले बच्चों की देखभाल पर विशेष ध्यान दिया और कहा कि अनुच्छेद 21, 23, 39(C), 39(F) और 21-A के अन्तर्गत बच्चों को भोजन, चिकित्सा सहायता, कपडे, शिक्षा और मनोरंजन की सुविधायें मिलनी चाहिये। मोहिनी जैन बनाम कर्नाटक राज्यम के अपने निर्णय में शिक्षा पाने के अधिकार को मूल अधिकारों में माना और अनुच्छेद 21 का तत्व माना है। नेशनल फेडरेशन ऑफ ब्लाइण्ड बनाम संघ लोक सेवा आयोगम के निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि शारीरिक रूप से विकलांग प्रतिभागियों को भी प्रशासनिक सेवाओं में प्रतिस्पर्धा करने का पूरा हक है तथा सरकार की जिम्मेदारी है कि इसके लिए उन्हे ब्रेल लिपि लेखक या सहायक मुहैया करवायें। विकलांग विद्यार्थियों को भी सामाजिक जीवन में भागीदारी का पूरा अधिकार है।

पी.यू.सी.एन. बनाम भारत संघम के अपने निर्णय में सर्वोच्च न्यायालय ने खाद्य सामग्री खरीद पाने में असमर्थ लोगों को राज्य द्वारा भोजन सामग्री प्रदान किये जाने की बात कही। न्यायालय में बच्चों, बुजुर्गों, सगर्भा महिलाओं, निराश्रित महिला–पुरूषों, दुग्धपान कराने वाली महिलाओं आदि को राज्य के गोदामों से अनाज एवं खाद्य सामग्री प्रदान किए जाने को अनुच्छेद 21 के अंतर्गत मूल अधिकार माना है। सुभाषकुमार बनाम बिहार राज्य के अपने निर्णय में प्रदूषण मुक्त जलवायु के उपभोग को भी अनुच्छेद 21 में उपबंधित 'प्राण के अधिकार' का आवश्यक तत्व माना है।

विशाखा बनाम राजस्थान राज्यम के महत्वपूर्ण फैसले में श्रमजीवी महिलाओं के विरूद्ध काम करने के स्थलों में होने वाले यौन शोषण को रोकने हेतु कई सारे मार्गदर्शक सिद्धान्त विहित किए हैं। न्यायपालिका के

इस निर्णय ने विधान ने विधानमंडल को विधि निर्माण के लिये प्रोत्साहित किया।

श्रमिकों के प्रति दृष्टिकोण एवं श्रम कानूनों में सामाजिक न्याय – किसी भी राष्ट्र की आर्थिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण सरोकार उत्पादन के साधनों का जीवंत पक्ष श्रम व श्रमिकों की कुशलता व कल्याण से होता हैं। भारत में श्रमिकों को शोषण व अन्याय से बचाने के लिये एक समाजवादी समाज की स्थापना का लक्ष्य रखा गया हैं जो कि भारत के संविधान की उद्देशिका में समाजवादी शब्द के रूप में प्रयुक्त किया गया हैं। इस उद्देशिका के लक्ष्य को अन्य शब्द आर्थिक न्याय से और ज्यादा बल मिल जाता हैं। यद्यपि भारत के संविधान ने किसी विशेष आर्थिक नीति या पद्धति को मानने की बात नहीं की हैं, वरन् नीतियों का विषय संसद व कार्यपालिका पर छोड़ दिया हैं। लेकिन राज्य के नीति निदेशक तत्वों ने राज्य की आर्थिक नीतियों के लिये मार्गदर्शक सिद्धान्त विहित किए हैं। इनमें श्रमिकों के कल्याण का लक्ष्य भी हैं।

एक मामले में डॉ.पी.बी. गजेन्द्र गड़कर ने अपना मत व्यक्त करते हुए कहा सामाजिक न्याय संविदात्मक सम्बन्धों पर आधारित नहीं होता हैं, न ही उन्हें संविदा के नियमों के आधार पर लागू किया जा सकता हैं। सामाजिक न्याय का सिद्धान्त संविदा के नियमों के सिद्धान्त की परिधि से बाहर होता हैं।'[5] भारत में श्रम विधिशास्त्र पर संविदा की आत्यंतिक स्वतंत्रता के सिद्धान्त की शास्त्रीय संकल्पना को अस्वीकृत कर एक समाजवादी सामाजिक–आर्थिक व्यवस्था को स्थापित करने पर जोर दिया गया हैं।

न्यायाधिपति पी एन भगवती ने बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज बम्बई बन्दरगाह बनाम दिलीप कुमार[6] के मामले में कहा हैं – न्याय केवल दिखाने मात्र के लिए प्रदान नहीं किया जाना चाहिये बल्कि उसे होता हुआ भी प्रतीत होना चाहिए।' औद्योगिक न्यायनिर्णयन के उपर्युक्त सिद्धान्तों को न्यायमूर्ति गजेन्द्र गड़कर ने स्पष्ट करते हुए कहा हैं, कि सामाजिक न्याय को एकपक्षीय दृष्टिकोण नहीं प्रदान करना चाहिए। सामाजिक न्याय का सिद्धान्त एक सुविधा का सिद्धान्त या अन्धा सिद्धान्त नहीं हैं बल्कि परिपक्वता तथा वास्तविकताओं को धारण किया हुआ सिद्धान्त हैं। इस प्रकार श्रम विधिशास्त्र एक आधुनिक अवधारणा को स्थापित करता हैं जिसके अन्तर्गत नियोजकों तथा कर्मकारों के पारस्परिक हितों में सामंजस्य स्थापित किया जाता हैं, जिससे यह प्रक्रिया दोनों पक्षकारों के लिए न्यायोचित तथा सम्मानजनक प्रतीत होती हैं। इससे पूंजी तथा श्रम में सौहार्द्रपूर्ण सम्बन्ध स्थापित किए जा सकेंगे।

लोकहितवाद और सामाजिक न्याय – लोकहितवाद न्यायिक सक्रियता का एक आयाम है। 'यह उच्चतम न्यायालय की पत्रवाही अधिकारिता की एक प्रक्रिया है। उच्चतम न्यायालय ने लोक भावना वाले नागरिकों द्वारा की गई उन शिकायतों को ग्रहण किया है जो उन सुविधाहीन, अकिंचन, स्वत्वहीन एवं वंचित व्यक्तियों के अधिकारों अथवा व्यक्तियों के एक समूह के अधिकारों के अतिक्रमण के बारे में हैं जो अपनी दीनता अथवा आर्थिक सुविधाहीन दशा के कारण अपने तई न्यायालय में नहीं जा सकते हैं।'[7] भारत में जनहित याचिका सम्बन्धी अवधारणा का बीजारोपण सर्वप्रथम न्यायमूर्ति कृष्णाअय्यर ने किया है कि हमारे न्यायशास्त्र की विश्लेषणात्मक शाखा में जहाँ ग्रामीण गरीबों सामाजिक रूप से कमजोर लोगों के सम्बन्ध में अवधारणा मिलती है एवं इस सम्बन्ध में ऐसी कई कमियाँ हैं, जिनका सम्बन्ध प्रक्रियात्मक न्याय से है तथा जिसमें प्रतिनिध्यात्मक कार्यवाही द्वारा विधिक प्रक्रिया के भाव को विस्तृत कर सामान्य मनुष्य के लिए न्याय प्रदान करने की बात की जाती है। जनहित याचिका का विकास 'सुनवाई के अधिकार' 'लोकस स्टैण्डी' से हुआ है, जिसे हमारे सामाजिक आर्थिक परिप्रेक्ष्य में किया गया है तथा जिसमें उदारवाद एवं व्यक्तिवाद की भावना को भी प्रश्रय मिला है, जो विशेष रूप से गरीबों तथा समाज के कमजोर वर्ग के लिए है।'[8]

पीपुल्स यूनियन डेमोक्रेटिक राईट्स बनाम भारत संघम के निर्णय में न्यायाधिपति पी.एन. भगवती ने कहा है कि 'हम अपने आदेश के तहत् बलपूर्वक बताना चाहते है, कि जनहित मुकदमे, जो विधिक सहायता आन्दोलन की व्यूह रचना की शाखा है, जो गरीब जनता की पहुँच तक न्याय पहुँचाने के लिये आशयित है, जो मानवता के निम्न स्तर पर जीवन यापन करते हैं। परम्परागत दावे निश्चित रूप से प्रतिपक्ष की विशेषता लिये हुए हैं, इन दावों में दो विपरीत हित रखने वाले व्यक्ति होते है, एक दावा करता है और दूसरे के विरुद्ध अनुतोष की माँग करता है व दूसरा इस दावे का विरोध करता है या इस तरह के अनुतोष का प्रतिरोध करता है। लोकहित दावे, न्यायालय के सामने एक व्यक्ति के अधिकार को दूसरे व्यक्ति के विरुद्ध प्रभावी बनाने के लक्ष्य से नहीं होता जैसा कि सामान्य दावों में होता है, बल्कि यह लोकहित को प्रोत्साहित व रक्षित करने हेतु किया जाता है, जो यह माँग करता है कि अधिकांश व्यक्ति जो गरीबी, अज्ञानता या सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ी हुई दशाओं के शिकार है, उनके कानूनी और संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बिना विचारण या प्रस्तुतीकरण के न रह जाएँ। यह विधि शासन के लिये अच्छा नहीं होगा, जो जनतान्त्रिक सरकार में लोकहित के लिये आवश्यक तत्व है।'

जनहित वादों का सामाजिक न्याय में योगदान – बंधुआ मजदूरों के कल्याण हेतु जनहित दावों ने काफी काम किया है। बंधुआ मुक्ति मोर्चा बनाम भारत संघम के निर्णय में न्यायालय ने बंधुआ श्रम को बलात् श्रम का एक रूप माना है, जिसको अनुच्छेद 23 द्वारा प्रतिषिद्धि किया गया है। न्यायालय ने बंधुआ मजदूरों के पुनर्वास के लिये राज्य को उत्तारदायी कहा है। कंज्यूमर एजुकेशनल एण्ड रिसर्च सेण्टर बनाम भारत संघ1 के निर्णय में उच्चतम न्यायालय ने अवधारित किया कि एस्बेस्ट्स के कारखाने अथवा कम्पनियाँ कर्मकारों के स्वास्थ्य के खतरे के लिए जो कर्मकार की बीमारी का कारण है, मुआवजा देने के लिए दायी है।

गुजरात एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी बनाम राठौड़ लाभू बेचार के निर्णय में उच्चतम न्यायालय ने अवधारित किया कि 10 वर्ष से अधिक नियमित काम करने पर दैनिक मजदूरों का नियमितीकरण करने हेतु उनकी योग्यता सम्बन्धी शर्तों को शिथिल किया जा सकता है, क्योंकि लम्बी अवधि का अनुभव ऐसी योग्यताओं के समान बना देता है।

निष्कर्ष एवं सुझाव – सामाजिक न्याय की अवधारणा को न्यायिक निर्वचनों के माध्यम से हमेशा विस्तार और प्रभाव मिला है, परन्तु कई बार यह संवैधानिक समस्या को भी जन्म देता है जैसे कई बार न्यायिक सक्रियता विधानमण्डल या कार्यपालिका के मामलों में हस्तक्षेप करने लगती है जो कि नियंत्रण एवं संतुलन (Check and balance) के सिद्धान्त को ठेस पहुँचाता है। न्यायिक निर्वचन की संवैधानिक सीमारेखा में रह कर ही न्यायपालिका अपना प्रभावी योगदान सामाजिक न्याय को प्रभावी बनाने में कर सकती है।

सामाजिक न्याय एक समेकित अवधारणा है जिसमें आर्थिक एवं

राजनैतिक न्याय के तत्व भी सम्मिलित हैं, इसलिये आवश्यक है कि सामाजिक न्याय को प्रबल बनाने के लिये आर्थिक–राजनैतिक समानता व आर्थिक विकास के लाभों में सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो, यह तभी संभव होगा जबकि विधान–मण्डल एवं कार्यपालिका के प्रयासों में सारगर्भित प्रतिबद्धता हो। न्यायालय ने कई मार्गदर्शक सिद्धांत विहित कर राजनैतिक न्याय के तत्व के रूप में सुशासन को शासन की नीति का आधारभूत तत्व माना है। इसका उदाहरण हम 2G स्पेक्ट्रम घोटाले के निर्णय को देख सकते हैं जिसमें 'लोक न्यासिता का सिद्धान्त' अपनाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने शासन की प्रथम आओ प्रथम पाओ की नीति को अवैध घोषित करते हुए नीलामी द्वारा खदानों स्पेक्ट्रमों के आवंटन को आदेशित किया। यह निर्णय हुआ कि शासन के द्वारा सार्वजनिक संपत्ति का आवंटन जिम्मेदारी के साथ किया जायेगा जो कि न्यासी के रूप में उनके द्वारा धारित है।

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने कई महत्वपूर्ण निर्णयों में संवैधानिक प्रावधानों का निर्वचन करते हुए श्रमिक कल्याण, महिला कल्याण, चिकित्सा सहायता, त्वरित न्याय, विधिक सहायता, भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, काम पाने का अधिकार, बंदीगृह में महिलाओं के बच्चों की देखभाल, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ वातावरण में वास सुविधा, न्यूनतम मजदूरी निर्धारण, यौन संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को न्यायिक मान्यता प्रदान की एवं सामाजिक न्याय को मानव जीवन के बुनियादी पक्षों से जोडा।

सर्वोच्च न्यायालय ने भ्रष्टाचार की रोकथाम पर भी दिशा निर्देशा जारी किये हैं जो कि सामाजिक न्याय की सबसे महत्वपूर्ण जरूरत है, परन्तु शासन व विधानमण्डल द्वारा आवश्यक सक्रियता नके विधायी एवं कार्यपालिक कार्यों में हस्तक्षेप को बढावा देती है। अत: कार्यपालिका व विधानमण्डल को भी चाहिये कि वह सर्वोच्च न्यायालय के मार्गदर्शन में जनता के विकास हेतु सामाजिक न्याय की अभिवृद्धि में भूमिका निभाये व शासन के तीनो अंग सहयोग एवं समन्वय की भावना से सामाजिक न्याय की दिशा में काम करने हेतु और ज्यादा तत्परता से बढें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. All India Reporter (A.I.R.) 1995 S.C. 922
2. A.I.R. 1993 S.C. 447
3. A.I.R. 1997 S.C. 3011
4. संविधान सभा बहस पंडित नेहरू
5. अनुच्छेद 14 भारत का संविधान
6. A.I.R. 1981, S.C. 1473
7. (1993) S.C.C. 259
8. (1993)3 S.C.C. 584
9. A.I.R. 1980, S.C. 470
10. (1992)1 S.C.C. 441
11. A.I.R. 1988, S.C. 1782
12. A.I.R. 2006 S.C. 1946
13. (1992)3 S.C.C. 666
14. (1993)4 S.C.C. 411
15. 2000(5) स्केल 30
16. A.I.R. 1997, S.C.C. 3011
17. राष्ट्री मिल मजदूर संघ बनाम अपोलो मिल्स लिमिटेड, ए. आई. आर. 1960, एस.सी. 819.
18. (1983) लेबर इण्डिन केसेज, ए. सी. 419.
19. विजनाराण मणि त्रिपाठी, विधिशास्त्र एवं विधिक सिद्धान्त, पृ. 423
20. विजनाराण मणि त्रिपाठी, विधिशास्त्र एवं विधिक सिद्धान्त, पृ. 429
21. ए.आई.आर. 1982, सु.को. 1473
22. ए.आई.आर. 1984, एस.सी. 802
23. ए.आई.आर. 1995, एस.सी. 922

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

भिण्ड अंचल के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी

डॉ. शालिनी गुप्ता *

* सहा.प्रा.एवं विभागाध्यक्ष (इतिहास) प्रभारी प्राध्यापक, विवेकानंद मार्गदर्शन कैरियर प्रकोष्ठ शा.गणेष शंकर विद्यार्थी महाविद्यालय, मुंगावली, जिला अशोकनगर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारत का राष्ट्रवादी आन्दोलन प्रान्तों और वर्गों के विभेद से उऊपर राष्ट्र की सम्पूर्ण जनता की सम्पूर्ण इच्छाशक्ति की अभिव्यक्ति था, जिसमें देश के सभी प्रान्तों की जनता ने अपने प्राणों का उत्सर्ग कर दिया। स्वतंत्रता की इस यात्रा में अद्भुत प्रतिभा, अदम्य साहस और त्याग–तपस्या की हजारों प्रतिमाऐं साकार हुयीं, जिनके सुयोग्य नेतृत्व व निर्देशन में न केवल राष्ट्रवादी आन्दोलन संगठित हुआ अपितु अपने स्वतंत्रता के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल हुआ। भिण्ड अंचल की जनता में राजनीतिक जागृति उत्पन्न कर भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन को जनआन्दोलन में परिणित करने में इन स्वातंत्रय योद्धाओं का अप्रितम योगदान स्वीकार किया जाता है। भिण्ड जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का व्यक्तित्व इस प्रकार है–

हरिकिशन दास भूता – हरिकिशनदास भूता जी का जन्म सन् 1910 में श्री जादव जी भूता के यहाँ हुआ था। आपने प्राइमरी तक शिक्षा प्राप्त की। आपके पूर्वज गुजरात से आये थे। हिन्दी अंग्रेजी, गुजराती का आपको अच्छा ज्ञान था। आप गांधी जी की विचारधारा से प्रभावित थे। सन् 1928 में आपने अपने मित्र श्री वटेश्वरी दयाल शर्मा 'दादा' के साथ कलकत्ता के काँग्रेस अधिवेषन में भाग लिया तथा अधिवेशन से वापस लौटने पर श्री वटेश्वरी दयाल शर्मा के साथ राजनीति में भाग लेना प्रारम्भ किया। उन्होंने अपने कुछ मित्र श्री वटेश्वरी दयाल शर्मा, श्रीनाथ शर्मा, आदि के सहयोग से भिण्ड में सार्वजनिक पुस्तकालय की स्थापना की। सन् 1939 में भिण्ड जिले के मिहोना ग्राम में ऐतिहासिक राजनीतिक सम्मेलन बालाजी मिहोना में हुआ। इस सम्मेलन को सफल बनाने में आपने पूर्ण सहयोग एवं योगदान दिया। इस सम्मेलन की विशालता एवं सफलता ने भूता जी को चमका दिया।

गंगाधर मुनीम – गंगाधर मुनीम का जन्म 22 सितम्बर 1917 को इटावा जिला के ग्राम गौरका में हुआ था। आपने माध्यमिक तक शिक्षा प्राप्त की थी। आप नौकरी की तलाश में भिण्ड आ गये तथा सन् 1936 में आप भिण्ड के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों के सम्पर्क में आये और ग्वालियर राज्य सार्वजनिक सभा के सदस्य बने और स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने तथा खादी के प्रचार–प्रसार में जुट गये।

सन् 1942 में जब भिण्ड के वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को गिरिफ्तार कर लिया गया तब आपने भूमिगत रहकर आंदोलन को चलाने के सम्बन्ध में परचे साइक्लोस्टाइल से छापने व बाँटने का कार्य किया। बाद में आपको पुलिस द्वारा गिरिफ्तार कर लिया गया। आपको ग्वालियर तथा मुंगावली की जेल में रखा गया। सन् 1943 में सभी स्वतंत्रता सेनानियों के साथ आपको भी रिहा कर दिया गया। आप भिण्ड जिला काँग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व काँग्रेस कमेटी की कार्य समिति के सदस्य व मंत्री रहे। भारत–सरकार द्वारा ताम्रपत्र तथा मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आपको प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। भारत सरकार तथा मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आपको सम्मान निधि भी प्रदान की गयी।

अमर सिंह कुशवाह – अमर सिंह कुशवाह का जन्म श्री हरिसिंह जी के परिवार में सन् 1917 में ग्राम पाण्डरी जिला भिण्ड में हुआ था। अमर सिंह ने मात्र प्रारम्भिक शिक्षा ही पूर्ण की थी। आप प्रारम्भ से ही क्रान्तिकारी गतिविधियों में संलग्न रहे। 18 नवम्बर 1942 को भिण्ड में ट्रेन स्टोपज काण्ड में आप गिरिफ्तार किये गये। तथा दो वर्ष दो माह का कारावास इस अपराध हेतु निश्चित किया। अमर सिंह कुशवाह 'भारत छोडों आंदोलन' के बाद गांधीवादी विचारधारा से प्रभावित हो गये। और इन्होंने इस आन्दोलन के बाद काँग्रेस की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेना प्रारम्भ कर दिया। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद आप अपने गाँव पाण्डरी में रहकर समाज सेवा व कृषि कार्य में लग गये। आपको भारत सरकार द्वारा ताम्रपत्र और मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। भारत सरकार तथा मध्यप्रदेश शासन द्वारा आपको सम्मान निधि भी प्रदान की गयी।

बदन सिंह कुशवाह – बदन सिहं कुशवाह का जन्म 3 अगस्त सन् 1925 को भिण्ड जिले के ग्राम गढ़ी मंगद परगना भिण्ड में राजारामसिंह कुशवाह के यहाँ हुआ था। आपने मैट्रिक तक शिक्षा प्राप्त की। आप छात्र जीवन से ही स्वतंत्रता आंदोलन के कार्यो में भाग लेने लगे थे। सन् 1942 में भिण्ड जिले के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों यशवंत सिंह कुशवाह, दादा वटेश्वरीदयाल शर्मा, सम्पतराम लोहिया, हरिकिशनदास भूता, दीपचंद्र पॉलीवाल, रघुवीर सिंह कुशवाह, श्रीनाथ शर्मा के साथ स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने लगे। आपको 1942 के 'भारत छोडो आंदोलन' में भाग लेने के कारण गिरिफ्तार किया गया। आप भी अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के साथ भिण्ड और ग्वालियर जेल में बंद रहे। 30 जून 1943 को रिहा किये गये। स्वतंत्रता के बाद आप शासकीय सेवा में आ गये तथा समाज सेवा भी करते रहे।

जगन्नाथ सिंह भदौरिया – जगन्नाथ सिंह भदौरिया का जन्म सन् 1917 में रानीपुरा परगना बहरी जिला भिण्ड में हुआ था। इनके पिता का नाम श्री अजगर सिंह भदौरिया था। जगन्नाथ सिंह ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा गाँव में ही पूर्ण की। आपका मन पढ़ने में कम लगता था। अत: इनके पिता ने इनको अपनी खेती के काम में लगा लिया परन्तु इनका काम में मन न लगा। आप सन् 1945 में कुछ मित्रों के साथ भिण्ड आ गये। भिण्ड में उस समय कुछ युवा लोग सुभाषचंद्र बोस की आजाद हिन्द फौज में भर्ती हो रहे थे। इन्ही

दोस्तों के साथ आप भी आजाद हिन्द फौज में भर्ती हो गये और सैनिक बन गये। क्षेत्र में क्रान्तिकारी गतिविधियाँ करने तथा अराजकता के आरोप में आपको एक वर्ष का कारावास हुआ। जगन्नाथ सिंह भदौरिया उग्र तथा क्रान्तिकारी विचारधारा के राष्ट्रवादी व्यक्ति थे। वह सुभाषचंद्र बोस के सिद्धान्तों को मानने वाले एक राष्ट्र भक्त थे। आपका मानना था कि महात्मा गांधी के अहिंसा दर्शन से भारत को स्वतंत्रता प्राप्त नहीं हो सकती है।

जहूर मोहम्मद – जहूर मोहम्मद के पिता का नाम नन्हे मियां था। वे ग्राम मिहोना में अपना छोटा सा व्यवसाय चलाते थे। जहूर मोहम्मद का जन्म सन् 1918 में इसी जगह हुआ था। आपने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा मिहोना से ही प्राप्त की। बाद में आप भिण्ड आ गये जहाँ से मिडिल परीक्षा उत्तीर्ण की। यहीं से आपने छात्र आंदोलन में भाग लेना प्रारम्भ कर दिया। 9 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी ने बम्बई की काँग्रेस की बैठक में 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' तथा 'करो या मरो' का नारा दिया। महात्मा गांधी ने विद्यार्थियों को भी आगाह किया कि विद्यालय छोड़कर इस आजादी की जंग में भाग लें। जहूर मोहम्मद ने उनके इस संदेश से प्रभावित होकर कुछ छात्रों को लेकर स्कूल में हड़ताल कर दी तथा एक जूलूस निकाला किन्तु स्थानीय पुलिस ने छात्रों को गिरिफ्तार कर जेल में डाल दिया परन्तु जहूर मोहम्मद भाग निकले। उनके नाम वारंट निकाले गये। उनके घर पर भी पुलिस गयी परन्तु उन्हे गिरिफ्तार नहीं कर पाई।

जहूर मोहम्मद भिण्ड जिले के एक विशिष्ट प्रकृति के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। मुसलमान होते हुये भी आपने भारत में मुस्लिम साम्प्रदायिकता के उदय के समय उसका घोर विरोध ही नहीं किया बल्कि आप निरंतर महात्मा गांधी के अहिंसा दर्शन के प्रचार तथा प्रसार में लगे रहे। आपने अंतिम आंदोलन में भाग ही नहीं लिया बल्कि अपनी कूटनीतिज्ञता से आप गिरिफ्तार भी नहीं हुये और महात्मा गांधी के भारत छोडो आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे।

जुगल किशोर सक्सेना – जुगल किशोर सक्सेना का जन्म 1913 ई. में भिण्ड जिले की तहसील मेहगाँव में हुआ था। इनके पिता का श्री रामकिशोर सक्सेना था ।इन्होंने मैट्रिक तक शिक्षा प्राप्त की। सन् 1938–1942 तक छात्र आंदोलन में आपने सक्रिय रूप से भाग लिया। सन् 1940 में भिण्ड के एक अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दीपचंद्र पॉलीवाल ने विद्यार्थियों का एक राजनीतिक संगठन बनाया जिसका नाम स्टूडेन्ट फेडरेशन रखा। जुगलकिशोर सक्सेना इस संगठन के प्रमुख सदस्य थे। यह संगठन जब शहर में हड़तालों, सभाओं का आयोजन करता था तो सबसे आगे आप रहते थे। एक बार एक जूलूस में पुलिस द्वारा लाठी चार्ज से आप घायाल हो गये थे। 9 अगस्त 1942 को भारत छोड़ों आंदोलन में आपने बढ़–चढ़कर भाग लिया। शहर में उपद्रव फैलाने के आरोप में पुलिस ने उन्हें गिरिफतार कर लिया और तीन माह के कारावास की सजा दी।

मेंहगाँव में भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रियता बढ़ाने का कार्य जुगल किशोर सक्सेना ने किया। उन्होंने मेहगाँव में छात्रों को आंदोलन में भाग लेने के लिये उकसाया तथा छात्रों का एक संगठन बनाया। इन छात्रों से जब महात्मा गांधी ने स्कूलों के बहिष्कार की अपील की तो उन्होंने स्कूलों का बहिष्कार किया तथा परगने के अन्य स्कूलों को भी बंद करवा दिया। जुगल किशोर सक्सेना पर महात्मा गांधी के अहिंसा दर्शन का अत्यधिक प्रभाव था।

जीतबहादुर सिंह कुशवाह – भिण्ड जिले में सन् 1942 के क्रान्तिकारी तत्कालीन विद्यार्थी नेता जीत बहादुर सिंह का जन्म सन् 1925 में हुआ था। इन्होंने प्राथमिक तक शिक्षा प्राप्त की। कन्ट्रोल के कपड़े के वितरण की व्यवस्था के विरोध में एक जन आंदोलन चलाया। इसी आन्दोलन को चलाने के कारण सन् 1946 में इन्हें गिरिफ्तार कर लिया गया तथा एक माह के कारावास की सजा दी गई। जीत बहादुर सिंह कुशवाह निष्चित ही एक राष्ट्रीय विचारधारा के प्रेरता थे। परन्तु भिण्ड जिले के स्वतंत्रता आंदोलन के मध्य कोई भी ऐसी घटना या प्रमाण उपलब्ध नहीं हो सका जिससे यह स्पष्ट हो पाता कि जीत बहादुर सिंह कुशवाह महात्मा गांधी की बैचारिक दृष्टि से अथवा उनके अहिंसा दर्शन से कहाँ तक प्रभावित थे। उनके जीवन से जुडी घटनाओं से यह अवश्य बोध होता है कि वह महात्मा गांधी के इस तर्क से कि अन्याय के आगे झुकना अपराध होता है के प्रबल समर्थक थे। इस सिद्धांत पर चलते हुये उन्होंने जब शासकीय कपड़े की वितरण की अव्यवस्था को देखा तो वह संघर्षरत हो गये और अंग्रेजों की वितरण प्रणाली के विरूद्ध जन आंदोलन चलाने के कारण उन्हें एक माह का कारावास हुआ।

सौभाग्यमल जैन – सौभाग्यमल जैन का जन्म 17 दिसम्बर 1917 को ग्राम दबोह परगना लहार जिला भिण्ड में हुआ था। उनके पिता का नाम श्री अनूपचंद्र जैन था। आपने बी.ए. तक शिक्षा प्राप्त की थी। सन् 1946 में जब देश में जागीर उन्मूलन आन्दोलन चल रहा था। तो इसकी शुरूआत कुछ दिनों बाद भिण्ड में भी हो गई। सौभाग्यमल जैन ने जागीर उन्मूलन आन्दोलन में भाग लिया। आन्दोलन चलाने के कारण आपको गिरफतार किया गया तथा 15 दिन के कारावास की सजा दी गई।

1. Gudgil ,M ; 1996 Documentriy diversity : An experiment curr.ci ; 70 (1) : 36
2. Ghanghat,Sarita and Sahu, Brajesh (2006) Medicinal climbers of Vidisha District. I.J.Applied Life Science.,Vol 1,no 1,pp 24-25.
3. Ghanghat,Sarita (2021) Ethnomedicinal plants as immunobooster. Pahale pahal Prakashn Publishers , Bhopal, India. ISBN 978-93-92212-95-6
4. Jain. s. k. 1987. A manual of Ethnobotany. Scientific Publishers, JodhpurIndia.ISBN 8185046603.
5. Jain, s. k., 1991 Dictionary of Indian Flok medicine and Ethnobotany.Deep publication, New Delhi. ISBN : 8185622000.
6. Jain,S.K.(1995): Ethnobotanical studies around vidisha district . Ph-D Thesis. Barkatullah University, Bhopal.
7. Panda.T,2010.preliminary study of ethnomedicinal plant used of cure different diseases in coastal district of Orissa India 1(2) :67 -71
8. Rout ,S.D. Panda,T.,Mishra,N .,(2009) Ethno medicinal plants used to cure different diseases by Tribals of Mayurbhanj district of North Orissa .
9. Sahu, S.C., Dhal,N.K and Mohanty, R.C.,(2010) "Potential Medicinal Plants used by the Tribal of Deogarh District,Orissa ,India. Ethno med,4(1):53-61.
10. Sullivan,K.and C.N.Shealy ,1997 Complete Natural Home Remedies.Element Book Limited, Shaftsbury, U.K.
11. Oommachan, M. (1977): The flora of Bhopal J.K. jain Brothers, Bhopal.

Fig.1 Map (vidisha district)

Table -1 List of Plant species used by the tribals and rural in ganjbasoda tehsil of vidisha district.

S.	Botanical Name	Family	Local Name	Parts Used	Use to Cure
1	Achyranthus aspera L.	Amaranthaceae	Chircita	Whole Plant	Used in Piles.
2	Adohatoda vasica,Nees.	Acanthaceeae	Adusa	Root,Leaves.	Fever, Juandice.
3	Aegle marmelos,Hook.f.	Rutaceae	Bel	Fruits	Diabetes, Intestinal disorder.
4	Allium cepa	Liliaceae	Piyaj	Bulb	Cough and Cold.
5	Amaranthus spinous	Amaranthaceae	Chaulai	Whole Plant	Cough .
6	Azadirachtaindica A.juss.	Meliaceae	Neem	Bark	Skindiseases.
7	Asparagus racemosus Willd.	Liliaceae	Satabar	Root	Root powder as a tonic.
8	Butea monosperma Lam.	Fabaceae	Palas	Seed	SeedCure Asthma powder is Used.
9	Cassia fistula, Linn.	Cacelpiniaceae	Amaltas	Fruit, Leaf.	BloodPurifier, Cough.
10	Cinnamomum zeylanium	Lauraceae	Dalchini	Stem, Bark.	Cough, Cold
11	Coriander sativum	Apiaceae	Dhaniya	Leaves	Fever.
12	Cuscuta reflex,Roxb.	Convolvulaceace	Amarbel	Stem	Hair Problem,Juindice.
13	Euphorbiahirta, Linn.	Euphorbiaceae	Dudhi	Leaves	Leaves juice in fever.
14	Helicters isora, Lan.	Sterculiaceae	Marorphali	Bark ,Pod,Root.	Stomach ache,cuts, dysentery.
15	Madhuca longifolia	Sapotaceae	Mahua	Leaf, Flower	Toothache, Cough,
16	Moringa olefera ,Lamk.	Fabaceae	Sehajana	Roots, Leaves.	Scurvy
17	Oscimum sanctum	Lamiaceae	Tulsi	Root,Stem, Leaves.	Cough,Cold .
18	Oxalis corriculata	Oxalidaceae	Khatibuti	Leaves	Stomach ache.
19	Piper nigrum	Piperaceae	Kalimirchi	Seed	Cough, Cold
20	Rauvolfia serpentine, L.kurz.	Apocynaceae	Sarpagandha	Leaves	stomach pain.
21	Ricinus communis	Euphorbiaceae	Arandi	Leaves,Seed oil.	Skin disease .
22	Solanum nigrum	Solanaceae	Makoy	Whole Plant	Cough
23	Syzygium cumini, L.	Myrtaceae	Jamun	Seed	dibities problems.
24	Tinospora cordifolia, Miers.	Menispermaceae	Giloy	Stem, Leaves	Cough, cold, Fever.
25	Terminalia chebula, Retz.	Combretaceae	Harra	Seed	Seed paste is applied on plies to stop bleeding.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

दहेज प्रथा एक गंभीर समस्या- एक अध्ययन

डॉ. राम सिंह पटेल*

* सहायक प्रध्यापक, पंडित मोती लाल नेहरू विधि महाविद्यालय, सागर रोड़, छत्तरपुर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – दहेज प्रथा जिस विकृत रूप में आज है, उस रूप में वह हिन्दू समाज के इतिहास में कभी नहीं रही हैं। वैदिककाल, स्मृतिकाल में भी दहेज का रूप था, लेंकिन इतना भयानक नहीं। रामायण, महाभारत काल में भी दहेज का उल्लेख एक स्वस्थ परम्परा के रूप में मिलता है पहले दहेज में इच्छा थी बाध्यता नहीं, लेंकिन आज दहेज में बाध्यता आ गयी है। मुस्लिम शासन काल में दहेज का रूप विकृत हुआ, जिसके कारण समाज में अनेक विसंगतियों का जन्म हो गया है।

फेयर चाइल्ड के अनुसार:– ''दहेज वह धन या सम्पत्ति है जो विवाह के अवसर पर लड़की के माता–पिता या अन्य निकट सम्बन्धियों द्वारा दिया जाता है।''

मेक्स रेडिन के अनुसार:– ''साधारण दहेज वह सम्पत्ति है जो एक पुरूष विवाह के समय अपनी पत्नी या उसके परिवार से प्राप्त करता है''।

चार्ल्स के अनुसार:– ''वे बहुमूल्य वस्तुयें जो कन्या–पक्ष के माता–पिता या संबंधी कन्या के विवाह के लिये प्रदान करें।''

दहेज समस्या, इस तरह देश में निरन्तर बनी हुई है। यह एक नृशंस और बर्बर अपराध है। सामान्यत: यह अपराध घर के भीतर ही किया जाता है, जो यह छाप डालता है कि वह आत्मघाती मृत्यु थी। ''स्त्री को बाल्यावस्था में पिता के, यौवनावस्था में पति के और पति के मरने पर वृद्धावस्था में पुत्रों के अधीन रहना चाहिए। स्त्रियों के लिए अलग से न कोई यज्ञ है, न व्रत और न उपवास। वे अपने पति की पूजा करने मात्र से स्वर्ग में पूजी जाएंगी। परलोक की इच्छा रखने वाली स्त्री को अपने पति के अलावा परपुरूष का नाम तक नहीं लेना चाहिए। स्त्री का मन स्वभाव से ही चंचल होता है, इसलिए पुरूषों को यत्नपूर्वक स्त्रियों की रक्षा करनी चाहिए। दहेज मृत्यु की दिन प्रतिदिन बढ़ती घटनाओं ने शासन की नींद उड़ा दी। जिससे संसद समय समय पर महिलाओं की सुरक्षा हेतु तथा उन पर अत्याचार करने वालों को दण्डित करने के लिए विधान अधिनियमित करती रही है। वर्ष 1961 में दहेज लेने अथवा देने को प्रतिशिद्ध करने हेतु दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961(1961 का अधि. सं.28) पारित किया गया। भारतीय दंड संहिता में दाण्डिक विधि द्वितीय संशोधन अधिनियम,1983(1983 का 46) भारतीय दंड संहिता की धारा 498क के रूप में एक नया अपराध सृजित करते हुए दाण्डिक प्रावधन की रचना की गई। दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 174, में भी विवाह के सात वर्ष की अवधि में घटित स्त्री की आत्महत्या या मृत्यु के मामले में शव परीक्षा को आज्ञापक बनाने हेतु संशोधन किया गया। महिलाओं के प्रति निर्दयता एवं दहेज–मृत्यु आज एक आम बात हो गई है। विवाह के पश्चात् महिलाओं के प्रति निर्दयतापूर्ण व्यवहार एवं दुष्प्रेरण की घटनायें दिन–प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

दहेज निषेध अधिनियम बनने के बाद भी जब ऐसी घटनाओं में कमी नहीं आई है तो विधायिका को और अधिक कठोर कानून बनाने के लिए विवश होना पड़ा। दहेज प्रतिषेध (संशोधन) अधिनियम1986 द्वारा दहेज संबंधी अपराधों में परिवर्तन किए गए। भारतीय दंड संहिता में दहेज हत्या के नए अपराध को सृजित करने वाली नवीन धारा 304ख तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम में किसी विवाहित स्त्री द्वारा आत्महत्या के दुष्प्रेरण के बारे में उपधारणा को समर्थ बनाने वाली एक नई धारा 113क को जोड़ा गया। जिससे दहेज न देने पर बहुओं को जलने से बचाया जा सके तथा इस सामाजिक बुराई को समूल नष्ट किया जा सके जो कि गति पकड़ती जा रही है।

प्राचीनकाल से ही स्त्रीयाँ अपनी ममता, करूणा, निष्ठा, एवं सेवाभावना से अपने परिवारजनों के प्रति समर्पित रहती आई हैं। उसके सौन्दर्य, त्याग, समर्पण एवं उसकी स्थिति को अपना विषय बनाकर अनेक विद्धानो एवं इतिहासकारों ने अपने ग्रंथ लिखें हैं, परन्तु दहेज समस्या और दहेज–मृत्यु जिसे जड़ से उखाड़ने के लिये प्रत्येक समाज सुधारक, चितंक, विधिवेत्ता, विधि अन्वेषक प्रयत्नशील है उस पर अभी तक बहुत कम लिखा गया है प्रस्तुत शोध प्रबन्ध के माध्यम से इस कार्य को पूर्ण किया गया। इस शोध प्रबंध को पूरा करने के लिए शोधार्थी उन सभी विद्धानो एवं इतिहासकारों की कृतियों से कुछ न कुछ लाभ उठाया है, जिन्होने दहेज–मृत्यु के संबंध में उससे पहले कुछ न कुछ लिखा है, परन्तु यह शोध प्रबन्ध उन ग्रंथो में प्राप्त तथ्यों का संकलन मात्र नहीं है। अपने शोध में निर्देशक महोदया की सहायता से मूलग्रंथों का अध्ययन करके शोधार्थी ने अपनें विनम्र प्रयास से अनेक नये तथ्यों एवं सन्दर्भों को एकत्र किया है और उनका विश्लेषण एवं समायोजन करते हुए पहली बार इस विषय पर विस्तार से कुछ लिखने का प्रयास किया है, अत: यह शोध–प्रबंध अपने विषय पर लिखा गया एक प्रमाणिक एवं मौलिक ग्रन्थ है। खेद का विषय है कि विवाह इतनी महत्वपूर्ण संस्था को केवल एक मनोरंजनात्मक विषय के रूप में देखा जाता है अथवा इसका संबंध पूर्णतया: यौन से मानकर इसके बारे में कोई विचार विमर्श करना भी कभी–कभी अनैतिक मान लिया जाता है। यह प्रवृत्ति प्रगतिशील विचारों के सामने एक बड़ी बाधा है। सामाजिक अध्ययनों में अनेक संस्थाओं और समितियों का अध्ययन करते समय हमें कभी–कभी यह ध्यान नहीं रहता कि विवाह सबसे महत्वपूर्ण संस्था है जो न केवल परिवार निर्माण

करती है बल्कि जिसके द्धारा व्यक्ति को समाज में एक विशेष सामाजिक स्थिति भी प्राप्त होती है।

विवाह-संस्था एक सर्वव्यापी और सार्वभौमिक संस्था है, जो सभी समाजों में विद्यमान है। सभ्य और असभ्य तथा आदिम और अद्यतन जैसे समाज में विवाह संस्था प्रत्येक काल और प्रत्येक समाज में रही है, चाहे उसके स्वरूप जो भी रहें हो मनुष्य की यौन और सन्तानोत्पत्ति की मूल प्रवृत्तियों की संतुष्टि विवाह के माध्यम से ही संभव रही है। वंश, कुल और परिवार की निरन्तरता विवाह संस्था से ही बनी रही है तथा जीवन के विविध पक्ष उससे अनुप्रमाणित होते रहें है सही अर्थो में विवाह परिवार का प्रधान आधार रहा है,जिससे संतान की उत्पत्ति के साथ-साथ उसका विकासक्रम भी अभिव्यक्त होता है। केवल यौन-संतुष्टि ही विवाह संस्था का आधार नहीं थी बल्कि इसका सामाजिक आधार भी रहा है। पाश्चात्य लेखकों ने हिन्दू विवाह-संस्था को केवल यौन संतुष्टि और सन्तानोत्पत्ति का आधार माना है, जो एक एकांगी विचार है तथा हिन्दू विवाह-संस्था को न समझ सकने का लक्षण है। अगर देखा जाए तो हिन्दू विवाह-संस्था में धार्मिक विश्वास, स्थायित्व और सामाजिकता इसकी प्रधान विशेषताएँ हैं।

हिन्दू समाज में विवाह का महत्वपूर्ण स्थान है, जिसे एक धार्मिक संस्कार के रूप में ग्रहण किया गया। फलस्वरूप विवाह संस्था को उपयोगी और प्रधान संस्था के रूप में निर्मित किया गया। यह एक विधि का बंधन नहीं है बल्कि धार्मिक बंधन है, जिसे तोड़ना हिन्दू सामाजिक मूल्यो के विरूद्ध कार्य करना है। इसे संविदा न मानकर संस्कार माना गया जिसका उद्देश्य उन विभिन्न पुरूषार्थो को पूरा करना है, जिनकी प्राप्ति में पति और पत्नी दोनो का सहयोग होता है गृहस्थ जीवन का प्रारम्भ ही विवाह से माना गया है। विवाहोपरान्त ही मनुष्य जीवन के विस्तृत क्षेत्र में पदार्पण करता है। परिवार और वंश का उन्नयन इसी के माध्यम से होता है। इसके अन्तर्गत स्त्री-पुरूष का मात्र यौन संबंध ही नहीं आता बल्कि उनकी धार्मिक सामाजिक और सांस्कृतिक क्रियाएँ भी आती है, जिनके माध्यम से मनुष्य का विकास होता हैं सही रूप में परिवार का विकास और समाज का संयोजन इसी पर आधारित है। प्रत्येक समय समाज ने विवाह की आवश्यकता स्वीकार की है तथा इसे सुव्यवस्थित और सुसंस्कृत स्वरूप प्रदान करने का सतत् प्रयत्न किया है। पति-पत्नी कालान्तर में माता-पिता के रूप में अग्रसरित हुए और एक सभ्य समाज के निर्माण में उन्होंने अपना सक्रिय योग दिया। वस्तुत: संतान की उत्पत्ति, उनकी देख रेख और लालन पालन, आर्थिक आवश्यकता की पूर्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व तथा सदाचार का अनुगमन एवं नैतिक मूल्यों की स्थापना विवाह के आधार पर होती है। हिन्दू धर्मशास्त्रों में विवाह को धार्मिक संस्कार माना गया है, जिसमें धर्म का स्थान प्रधान है, सामाजिकता और वैधानिकता का कम।

हिन्दू समाज में विवाह मात्र शारीरिक संबंध का प्रयोजन न बनकर संतानोत्पत्ति का धर्मगत आधार बना। यज्ञ, होम, मन्त्र, पाठ, देवताओं का आव्हान तथा वेदमन्त्रो के साथ वैवाहिक क्रिया सम्पन्न करना हिन्दू विवाह संस्कार के प्रधान अंग है। इस धार्मिक आधार ने विवाह को अत्यंत पवित्र और उदार स्वरूप प्रदान किया। देवताओं का आव्हान करके वर और वधु का वैवाहिक बंधन अत्याधिक पवित्र, अटल,अविच्छेय और गम्भीर माना गया है। हिन्दू समाज में कोई भी धार्मिक कार्य बिना पत्नी के सम्पन्न नहीं होता। इसलिए वह ''धर्मपत्नी'' अथवा ''सहधर्मिणी'' भी कही जाती है। मनु के अनुसार केवल पुरुष (पूर्ण) होता है, ऐसा ब्रांह्मण कहते हैं। जो पति है, वही स्त्री है। गृह की शोभा और सम्पन्नता स्त्री से मानी जाती है। स्त्री, से परिवार बनता है, बढ़ता है, अत: विवाह गृहस्थ जीवन का मूल है और सभी आश्रम गृहस्थ जीवन पर निर्भर करते है। पुरुष और स्त्री के व्यक्तिगत विकास, वंश का उत्थान तथा कुटुम्ब का संयोजन विवाह से संभाव्य है। विवाह ही स्त्री और पुरुष की पूर्णता तथा उनकी सामाजिक और आध्यात्मिक अभिव्यंजना का आधार है।

कुछ समाजों में विवाह का स्वरूप धार्मिक होता है जबकि कुछ संस्कृतियों में विवाह को एक संविदा के रूप में देखा जाता है। कुछ पश्चिमी समाजों में विवाह मित्रता का एक सुविधा पूर्ण समझौता है, जबकि अनेक आदिम समूहों में विवाह को एक आर्थिक संस्था तक मान लिया जाता है, क्योंकि उनके यहां स्त्री को ही सम्पत्ति के रूप में देखा जाता है। इसके पश्चात् भी यह ध्यान रखना चाहिये कि विस्तृत रूप में विवाह एक ऐसी संस्था है जो सभी समाजो में स्त्री और पुरूष को यौनिक संबंधो की नियमबद्ध पूर्ति करने की अनुमति प्रदान करती है और समाज की निरन्तरता को बनाएँ रखने का प्रयास करती है। अनेक विद्धानों ने यह स्पष्ट करने की कोशिश की है कि विवाह प्रत्येक स्थिति में मित्रता का सुविधापूर्ण साधन है और कुछ बहुत पिछड़े समाजों में विवाह को इस प्रकार का बंधन माना जाता है, लेकिन यह विचार न तो बौद्धिक आधार पर उचित है और न ही विभिन्न समाजों के अध्ययन से इसे अधिक उपयोगी प्रमाणित किया जा सका है। जब हम यह मानते है कि प्रत्येक संस्था तुलनात्मक रूप से स्थाई होती है, तब विवाह जैसी संस्था को एक अस्थाई संबंध कहा जा सकता है। जहां तक भारतीय समाज का प्रश्न है, हमारे यहाँ विवाह जीवन भर का सांस्कृतिक बंधन है जिससे हिन्दू सामाजिक मूल्यों के अनुसार किसी स्थिति में जोड़ना उचित समझा जाता है। हमारे समाज में विवाह का प्रमुख लक्ष्य धार्मिक कर्तव्यों को पूरा करना है, जबकि यौन संतुष्टि को इसमें बहुत गौण स्थान दिया गया है।

भारतीय संस्कृति में दहेज की अवधारणा बहुत प्राचीन है। वैदिक युग में जब कन्या का विवाह किया जाता था तो उसे नाना प्रकार के वस्त्राभूषणों के साथ विदा किया जाता था। ब्राह्मण विवाह इसी के अंतर्गत आता है जिसमें वधू को अनेक तरह के अलंकारों के साथ पति के घर भेजा जाता था। तद्युगीन राजपरिवार की बहुएँ अपने साथ दहेज में सौ गायें लेकर वर के घर जाती थीं। सूर्या को उसके पिता ने जो दहेज प्रदान किया था वह उसके ससुराल पहुँचने के पहले ही वहाँ पहुँच गया था। ऐसा लगता है कि वधू के साथ वस्तुएँ भी ससुराल वालों को प्रदान की जाती थीं। कुन्ती, द्रोपती और सुभद्रा आदि को विवाह में अनेक प्रकार की वस्तुएँ दहेज में दी गई थीं। अनेक प्रकार के इत्र, आभूषण, घोड़े, हाथीं आदि दहेज में दिये जाते थे यह प्रथा निरंतर बढ़ती गई और समाज में इस प्रकार घर कर गई कि इसका रूक पाना असंभव हो गया। बौद्ध साहित्य में भी दहेज के अनेकानेक उदाहरण हैं। विशाखा के पिता ने दहेज में अपार धन प्रदान किया। राजा अज को अपनी पत्नी इंदुमति के यहाँ से बहुत धन प्राप्त हुआ था।

प्राय: कन्या ''मंगलकर्ता'' होकर दान की जाती थी। साहित्यक कृतियों में इस प्रकार के अनेक उदाहरण है जब कन्या पक्ष की ओर वर को धन सम्पत्ति प्रदान की जाती थी। आधुनिक युग में आकर दहेज प्रथा एक प्रकार की रूढ़ि हो गई जो समाज में इतनी प्रभावशाली बन गई कि इसके बिना कन्या का विवाह हो पाना कठिन हो गया।

प्राचीन काल की दहेज प्रथा और आधुनिक काल की दहेज प्रथा में मुख्य अंतर यह है कि उस समय कन्या को स्वेच्छापूर्वक प्रेम से दहेज दिया

जाता था जिसमें वर पक्ष द्वारा कोई अनुचित दबाव नहीं दिया जाता था जबकि वर्तमान दहेज प्रणाली में वर पक्ष से दहेज के लिये अनुचित दबाव दिया जाता है। दहेज की इसी अवधारणा को वर्तमान समय में सामाजिक आर्थिक अपराध माना गया है जिस पर प्रतिबंध लगाना राज्य का कर्तव्य है। इस उद्देश्य से सरकार ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 पारित किया है जिसके अंतर्गत दहेज लेना और देना अपराध माना गया है।

मानव जाति में विवाह के धार्मिक और पवित्र अवधारणा के साथ दहेज की संकल्पना संपूर्ण विश्व में दिखाई देती है। विवाह का मुख्य उद्देश्य स्त्री-पुरूष का आपस में ऐसा समागम है जो आपस में मिलकर भावीवंश परंपरा को कायम रखने हेतु योग्य संतान की उत्पत्ति के लिए माध्यम हो। परंतु इसके विकास में अनेक कठिनाइयाँ पैदा हो गई हैं, जिनमें दहेज तथा दहेज मृत्यु मुख्य है। दहेज के जीवाणु सम्पूर्ण विश्व में प्रमुख रूप से भारतीय समाज में फैलकर सामाजिक वातावरण को दूषित कर रहे हैं।

दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 – भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची में समवर्ती सूची के क्रमांक 5 पर ''विवाह और विवाह विच्छेद'' को रखा गया है। अनुच्छेद 254 के अंतर्गत इस विषय पर विधि बनाने का अधिकार केन्द्र तथा राज्य सरकार को है। परन्तु केन्द्र तथा राज्य द्वारा निर्मित विधि में विरोधाभास होने पर केन्द्रीय विधि राज्य पर अभिभावी होती है। दहेज समस्या के समाधान हेतु सर्वप्रथम 1953 में भारतीय संसद में प्रस्ताव लाया गया था। उस समय इस विषय पर अधिनियम बनाये जाने की आवश्यकता न होने के कारण इस प्रस्ताव को स्थगित किया गया था। परन्तु इस ओर पुन: भारतीय संसद का ध्यान आकृष्ट किया गया जिसके फलस्वरूप 9 मई 1961 को संसद के दोनो सदनो ने इस अधिनियम को पारित कर दिया, जिसे 1 जुलाई 1961 से लागू किया गया है। इस अधिनियम में सन् 1984 में संशोधन अधिनियम 1963 द्वारा संशोधन किया गया है।

''दहेज''[1] शब्द को परिभाषित किया गया है:''दहेज का तात्पर्य कोई सम्पत्ति या मूल्यवान प्रतिभूति जिसे प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप में (अ) विवाह के एक पक्षकार द्वारा दूसरे पक्षकार को दिया गया है अथवा दिये जाने के लिये सहमति प्रदान की गई है।'' (ब) विवाह के किसी पक्षकार के माता-पिता द्वारा या दूसरे किसी व्यक्ति द्वारा जो विवाह के समय विवाह के पूर्व या विवाह के पश्चात प्रतिफल के रूप में दिया जाता है परन्तु इसमें मुस्लिम वैयक्तिक विधि के अन्तर्गत दिये जाने वाला ''मेहर'' धन सम्मिलित नहीं है। अधिनियम की धारा 3 (1) कहती है कि दहेज का लेना अथवा देना अपराध है। धारा 2 और 3 का सामूहिक प्रभाव यह है कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत अगर अभियोजन पक्ष सम्पत्ति के देने और लेने की सहमति को प्रभावित करता है तो चाहे भले ही दहेज का लेन-देन न हुआ हो, तब भी अपराधी को दंडित किया जवेगा। इस अधिनियम के अंतर्गत दहेज से पीड़ित पक्षकार न्यायालय में अभियोजन प्रस्तुत कर सकता है।

इस प्रकार अधिनियम एक ओर अभियोजन की कार्यवाही को रोककर अधिनियम के उद्देश्य को कम करता है। अगर अभियोजन पक्ष केवल दहेज की माँग को प्रभावित करता है परन्तु दहेज लेने की स्वीकृति प्रभावित नहीं होती है तो विधि की दृष्टि में यह दहेज लेने का अपराध नहीं माना जायेगा। उपर्युक्त उपकल्पना के संबंध में पटना उच्च न्यायालय के दो प्रमुख निर्णयों का अवलोकन किया जाना आवश्यक है **इन्दरसेन बनाम बिहार राज्य** तथा **काशी प्रसाद बनाम बिहार राज्य** में पटना उच्च न्यायालय ने यह मत व्यक्त किया है कि दहेज की माँग करना मात्र इस अधिनियम के अन्तर्गत किसी अपराध का सृजन नहीं करता है। जब तक कि यह सिद्ध न हो जाये कि दहेज लेने वाली पार्टी ने दहेज देने की सहमति दे दी है।

दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिये सरकार ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 बनाया। इसके तहत दहेज लेना और देना दोनों को अपराध घोषित किया गया है। 1984 और 1986 के संशोधन उपरांत दहेज हेतु 5 वर्ष का कठोर कारावास और 15,000 रूपये जुर्माना का तथा विवाह के समय वर-वधू सूची रखनें का नियम बनाया गया। दण्ड विधि संशोधन अधिनियम 1983, भारतीय दण्ड संहिता के अधीन धारा 304(ख), दहेज मृत्यु, धारा 498(क) में पति या उसके नातेदार विवाह के 7 वर्ष के अंदर सामान्य से अन्यथा दहेज मागें, क्रूरता पूर्ण व्यवहार से मृत्यु, सात वर्ष या आजीवन कारावास का दण्ड तथा जानबूझकर स्त्री को आत्महत्या और स्त्री नातेदार को सम्पत्ति मूल्यवान प्रतिभूति के लिये तंग करने पर तीन वर्ष के दण्ड का प्रावधान किया। इसके उपरांत भी दहेज रूपी दानव समाप्त नहीं हुआ। सामाजिक संगठनों ने भी इसके खिलाफ आंदोलन चलाये मगर वे कामयाब नहीं हो सके।

समाज में ज्यादा वर्ण व्यवस्था, बाल-विवाह के प्रचलन तथा विधवा विवाह पर रोक ने सती प्रथा के अपराध को जन्म दिया। समाज सुधारकों तथा विद्धानों ने इसे समाप्त किये जाने के लिये आंदोलन प्रारंभ किये, फलत: अंग्रेजी शासन काल में अनेक प्रयासों के परिणामस्वरूप 1929 में सती प्रथा निषेध अधिनियम बनाया गया, जिसमें प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से किसी विधवा को सती होने में सहायता करने को अपराध बनाया। इसके पश्चात् भी क्षेत्रीय एवं जातिगत आधारों पर कभी स्वेच्छिक एवं कभी मजबूरीव। ये अपराध समाज में व्याप्त रहे। 1987 में सती निवारण अधिनियम द्वारा सती होने, उसकी मृत्यु में सहायता तथा महिमा मंडित करने को अपराध बताया गया। फिर भी स्वर्ग प्राप्ति के प्रलोभन, पारिवारिक सम्मान, पति की सम्पत्ति में हिस्सा समाप्त किये जाने वाले आमानुष कृत्य पर रोक लगानी चाहिये, जिससे दिवराला जैसे काण्ड न दुहराये जायें।

भारतीय दण्ड विधि के अन्तर्गत चोरी, लूट, धोखाधड़ी, बल प्रयोग, घोर उपहति, हत्या आदि अपराधों को नियंत्रित करने के लिए प्रावधान है। पूर्व में दहेज जैसे अपराध को रोकने के लिए कोई प्रावधान भारतीय दण्ड विधि में नहीं था। वर्ष 1960 में विधायका ने भारतीय दण्ड संहिता 1960 में दहेज संबंधी अपराधों के रोकथाम एवं निवारण हेतु धारा 304'बी' जोडा है। देश में दहेज प्रथा को नियंत्रित करने के उद्देश्य से वर्ष 1961 में भारतीय संसद ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 पारित किया है। जिसके अन्तर्गत दहेज लेना,देना अथवा मांगना या दहेज का दुष्प्रेरण करना आदि अपराध माना गया है, तथा ऐसे अपराध के लिये कारावास या जुर्माना या दोनो दिये जाने का प्रावधान है। इस अधिनियम द्वारा विवाहित स्त्रियों पर होने बाले क्रूरतापूर्ण कृत्य को रोका गया है। श्री रेड्डी ने अपने लेख में उल्लेख किया है कि दहेज से संबंधित अपराध आंशिक रूप से प्रसंज्ञेय अपराध होते हैं। दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 157 के अन्तर्गत ऐसे अपराधों के प्रसंज्ञान पुलिस स्टेशन के भारसाधक अधिकारी द्वारा स्वंयं की जानी चाहिये, परन्तु उक्ता धारा के अंर्तगत यह भी प्रावधान है कि अगर पुलिस स्टेशन के भारसाधक अधिकारी का यह समाधान होता है कि अपराध गंभीर प्रकृति का नहीं है अथवा अपराध के संबंध में प्रथम सूचना रिर्पोट किसी नामजद व्यक्ति के संबंध में की गई है तो ऐसीं स्थिति में भारसाधक अधिकारी स्वयं स्थल पर जाने के लिए बाध्य नहीं है। दहेज प्रतिषेध अधिनयम, 1961 के

अन्तर्गत किसी भी प्रकार के संसोधन अथवा परिवर्तन करने के लिए केन्द्रीय सरकार सक्षम है। इस सामाजिक बुराई पर नियंत्रण रखने के लिए केन्द्रीय सरकार ने दो वर्ष में दो बार इस अधिनियम में संशोधन किया है। पहला संशोधन वर्ष 1984 में और दूसरा संसोधन 1986 में किया गया। दहेज जैसी बुराई से शादीशुदा स्त्रियों की रक्षा के लिए अनेक कानूनी तथा व्यवहारिक कठिनाइयों को दूर किया गया।

उच्चतम न्यायालय ने **दौलत मानसिंह बनाम सी.आर. बंशी**[2] और **एल.बी. जाधव बनाम शंकर राव**[3] के प्रकरण में विवाह में ''प्रतिफल'' शब्द का निर्वचन उदारतापूर्वक किया है तथा यह निर्णय दिया है कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम,1961 की धारा 4 के अंतर्गत दहेज की माँग से ही अपराध गठित हो जाता है चाहे उसकी स्वीकृति न हो। दहेज की माँग और स्वीकृति के इस विवाद को समाप्त करने के लिए राज्य सरकार ने संसोधन अधिनियम, सन् 1984 द्वारा दहेज प्रतिषेध अधिनियम,1961 को संशोधित कर दिया। वर्तमान में दहेज प्रतिषेध अधिनियम में संशोधन के पश्चात् (संशोधन अधिनियम,1961, संशोधन अधिनियम,20, सन् 1983, संशोधन अधिनियम,63, सन् 1984, संशोधन अधिनियम,43, सन् 1986) धारा 2 में दी गई दहेज की परिभाषा में आंशिक परिवर्तन किया गया। अब धारा में विवाह को प्रतिफल के रूप मे (As Consideration of Marriage) के स्थान पर विवाह के कथित पक्षकार के संबंध में (In connection wih the marriage of the said paties) रखा गया है। भारत वर्ष में अनेकता में एकता का सिद्धांत दिखाई देता है। भारत में पूर्व से पश्चिम तक उत्तर से दक्षिण तक अनेक रीति-रिवाज तथा प्रथायें प्रचलित हैं। किसी एक सामाजिक बुराई से देश के विभिन्न भागों में रहने वाले लोगों की समस्याओं का निवारण नहीं हो सकता। जैसे- किसी रोग के अनेक कारण होते हैं, परन्तु रोग की चिकित्सा किसी एक कारण के लिए की जाती है। इसी प्रकार दहेज की सामाजिक बुराई देश के विभिन्न भागों में विभिन्न प्रथा के रूप में विकसित हुई है। केन्द्रीय विधायन (दहेज प्रतिषेध अधिनियम) रोग प्रतिरोधक के रूप में कुछ लोगों को राहत प्रदान कर सकता है परन्तु यह पूर्णरूप से रोग से उन्मुक्ति प्रदान नहीं कर सकता है। इन परिस्थितियों में केन्द्रीय सरकार स्थानीय समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए सन् 1961 के दहेज प्रतिषेध अधिनियम में संशोधन की अनुमति दी थी। संविधान के अनुच्छेद 259 (2) के साथ पारित अनुच्छेद 246 (ए) द्वारा बिहार, पश्चिमी बंगाल, उड़ीसा, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और पंजाब राज्यों ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 में संशोधन करने हेतु अधिनियम पारित किये। दहेज प्रतिषेध अधिनियम, (बिहार राज्य संशोधन) 1975 के संबंध में एक कठोर अधिनियम है इसके अंतर्गत दहेज को गंभीर अपराध माना गया। इस अधिनियम ने न केवल दण्ड की मात्रा को बढ़ाया है, बल्कि अपराध को प्रसंज्ञेय और गैर-जमानती घोषित किया है। वर्तमान दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अन्तर्गत ''विवाह के संबंध में'' शब्द के अन्तर्गत विवाह में मानसिक और शारीरिक क्रूरता के अलावा अधिकार की समाप्ति और विशेषाधिकार को सम्मिलित किया गया है।

दहेज की बार-बार मॉगों के संबंध में यह मान लेना उचित होगा कि वे विवाह संबंधी विधान के अर्थान्तर्गत क्रूरता की कोटि में आती हैं।

पुलिस द्वारा लिये जाने वाले मृत्यु पूर्व बयान मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में ही लिये जाएं और घटना-स्थल का मुआयना भी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में किया जाये।

अक्सर यह सुनने में आता है कि दोषी पक्षकार से हितबद्ध होने से पुलिस द्वारा बयान बदल दिये जाते है। इस बुराई को रोकने के लिये यह आवश्यक है कि पुलिस द्वारा साक्ष्य अधिनियम धारा 174-175 में बयान लिये गये हो या धारा 161 में दोनो के अंतर्गत लिये गये बयानों की एक कॉपी संबंधित पक्षकारों को हाथो-हाथ जाए ताकि बयान बदलने की संभावना खत्म हो जाए।

यदि किसी भी प्रकार यह सिद्ध हो जाता है कि महिला मृत्यु जैसे संवेदनषील मामले में भी पुलिस द्वारा रिष्वत लेकर जाँच या विवेचना को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करने का प्रयास किया गया है, तो उस पुलिस अधिकारी के विरूद्ध अत्यन्त ही कठोर कार्यवाही आवश्यक है, ताकि आगे कई ऐसे गंभीर मामले में इस प्रकार की प्रवृत्ति रखने की हिम्मत न कर सके।

ससुराल में किसी लड़की की मृत्यु होने पर यह अनिवार्य कर दिया जाय कि उसके माता-पिता या पीहर पक्ष की उपस्थिति में ही उसका शव परीक्षण एवं दाह-कर्म किया जाये, अन्यथा ससुराल के लोग डॉक्टर को रिष्वत देकर मनचाही शव-परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त कर सकते है।

भारत में विधवा पुर्नविवाह की व्यवस्था की जाये एवं तलाकषुदा विधवा स्त्रियों के आवास तथा नौकारी की व्यवस्था की जाये। भारत में विवाह का पंजीकरण अनिवार्य होना चाहिए।

पति-पत्नी द्वारा विवाह की पवित्र अग्नि के समक्ष सप्तपदी के साथ ही पत्नी को पति की संपत्ति में चाहे वह पैतृक हो या स्व-अर्जित पति के समान ही बराबर का अधिकार प्राप्त करने के अधिकारी होनी चाहिए।

लड़की के माता-पिता के लिए यह सुझाव भी है कि अपनी पुत्री के विवाह के लिये ऐसा घर ही देखे जो उनकी हैसियत के बराबर का ही हो। पहले तो माता-पिता अपनी पुत्री के लिये बड़े से बड़ा घर व डॉक्टर इंजीनियर लड़का देखने का सपना पाल लेते है, फिर उन लोगों की माँग पूरी न कर पाने के कारण स्वयं अपमानित होते रहते है और लड़की को भी जीवन भर के लिये नर्क में ढकेल देते है। जहाँ तक कानून का सवाल है, तो कानून तो बहुत बने और आज भी बनते जा रहे है, पर अत्याचार, अन्याय, शोषण व उत्पीड़न रोकने का एक मात्र हथियार है, यह सोचना नामसझी है। जब कि सामाजिक चेतना व जागरूकता उत्पन्न न की जायेगी, ये समस्याएँ इसी प्रकार चलती रहेगी। मूल आपराधिक विधि पर विचार करें तो स्थिति यह है कि यदि ऐसी विधि में कोई कमी पाई जाती है तो उमकी पूर्ति केवल एक नए अपराध के सृजन से की जा सकती है। ऐसा करने से पूर्व, बुद्धिमान विधि निर्माता से यह अपेक्षा की जाती है कि वह अनेक पहलुओं पर जिनके अंतर्गत आचारणास्व के अर्थभेद, निरन्तर बदलता रहने वाला जनमत, विधि को लागू करने की आवश्यकताएं तथा व्यवहारिक वास्तविकताएं भी हैं, विचार करें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अग्रवाल, गोपालकृष्ण - समाजशास्त्र नवम् संस्करण, 1977 आगरा बुक स्टोर, पुचकुइया, आगरा
2. मुकर्जी, रवीन्द्रनाथ - भारतीय समाज व संस्कृति, नवम् संस्करण, 1992, विवेक प्रकाशन, 7, यू.ए.जवाहरनगर, दिल्ली
3. तिवारी, डी.के.- दहेज विधि, प्रथम संस्करण 2001, एलिया ला एजेन्सी, महात्मा गाँधी मार्ग इलाहाबाद, 211001
4. अवस्थी, शैलेन्द्र कुमार- भारतीय दण्ड संहिता, भाग-2, प्रथाम संस्ककरण 1995, अशोका ला हाउस इलाहाबाद

5. पांडेय, राजेन्द्र – भारत की संस्कृति व इतिहास प्रथम संस्करण, 1967
6. डॉ. केसरी यू.पी.डी. – हिन्दू विधि, 17 वॉ संस्करण 1994, सेन्ट्रल लॉ एजेन्सी, 30–डी/1, मोतीलाल नेहरू रोड, इलाहाबाद–2
7. उच्चतम न्यायालय निर्णय पत्रिका
8. करेन्ट क्रिमिनल जजमेन्ट्स
9. जजमेन्ट एण्ड लॉ टुडे
10. मध्य प्रदेश वीकली नोटस्
11. अपराध निर्णय जर्नल (उच्चतम न्यायालय) (द्विभाशी)

Footnote:-

1. दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की धारा 2
2. 1980 Cri.L.J.1171
3. 1983 AIR 1219,1983 SCR [3]762

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

बैगा जनजाति में विवाह परम्परा: एक अवलोकन (मंडला जिले के संदर्भ में)

डॉ. ज्योति सिंह *

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, नैनपुर, जिला-मण्डला (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भारतीय समाज के विशेष समूहों को जनजातीय रूप में वर्गीकृत करने की परम्परा 19वीं सदी में अंग्रेज शासकों द्वारा प्रारंभ की गयी। यह उल्लेखनीय है कि ऐसे समूहों के लिये पूर्व में एक से अधिक लोकप्रिय सम्बोधन शब्द प्रचलित रहे हैं:- जैसे- आदिवासी, वन्यजाति, पर्वतवासी, वनवासी, और आदिम जाति। भारत में दुर्गम स्थानों में अनेक ऐसे मानव समुदाय पाये जाते हैं जो सामाजिक सभ्यता से अलग अपनी विशिष्ट सामाजिक एवं सांस्कृतिक पहचान स्थापित किये हुए है। इसी विशिष्ट सामाजिक पहचान के लिए विख्यात जनजाति समाज को आदिवासी वनवासी प्राचीन जनजातियाँ आदि नामों से पुकारा जाता है। अधिकतर जनजातियां ऐसे भौगोलिक क्षेत्र में निवास करती हैं, जहाँ सभ्यता का प्रकाश नहीं पहुंचा है। आज भी अनेक जनजातियाँ आदिम स्तर पर ही अपना जीवन निर्वाह कर रही हैं।

भारतीय सामाजिक व्यवस्था में जनजातियों का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। भारत भौगोलिक दृष्टि से विशाल आकार वाला देश है भौगोलिक विशेषता के कारण यहां अनेक ऐसी जनजातियाँ निवास करती हैं जो आज भी सभ्यता से दूर हैं। अनेक जनजातियां सुदूर, जंगलों, पहाड़ों तथा पठारी क्षेत्रों में अपना जीवन यापन करती है इसीलिये सभ्य समाजों से दूर हैं।

'वैरियर ऐल्विन ने अपनी पुस्तक एबोरिजिनल्स 1943 में जनजातियों के बारें में कहा कि आदिवासी भारतवर्ष के वास्तविक स्वदेशी उपज हैं, जिनकी उपस्थिति में प्रत्येक व्यक्ति विदेशी हैं। ये वे प्राचीन लोग हैं जिनके नैतिक आधार और दावे हजारों वर्ष पुराने है।'

मध्यप्रदेश में देश की सर्वाधिक जनजातियाँ रहती हैं, जिनमें, गौंड़, भील, सेहरिया, बैगा, हलावा, भरिया, कोल, बिंझवार, सउर, कोरक, अगरिया, पनिका, सौर, परधान खैरवार आदि जनजातियां प्रमुख है:- मध्यप्रदेश मे बैगा, भारिया, और सहरिया जनजाति को विशेष पिछड़ी जनजाति का दर्जा प्राप्त है। इन जनजातियों का रहवासी क्षेत्र अनुसूचित क्षेत्र की श्रेणी में आता है जिसके विकास की विशिष्ट योजनाएँ है।

उद्देश्य– बैगा जनजाति की विवाह परम्परा को जानना।

स्रोत्र– द्वितीयक स्रोत, अवलोकन, अनौपारिक वार्तालाप।

बैगा जनजाति का परिचय– संसार के अन्य भागों के समान ही भारतीय जनजातियां भी अनेक प्रकार के विवाह अपनी सुविधानुसार अपने सामाजिक पर्यनुकूलन एवं सांस्कृतिक परिस्थितिकी के अनुसार करती आई है।

मानव समाज में विवाह संस्था बहुआयामी तथा विभिन्न आवश्यकताओं की पूर्ति के साधन के रूप में प्रचलित रही है। इस संस्था की आवश्यकता यौन संबंधों की तृप्ति, आर्थिक सहयोग, बच्चों का पालन-पोषण तथा वंश परम्परा को चलाने के लिये रही है। समय-समय पर भिन्न-भिन्न समाज विवाह के एक अथवा दूसरे पक्ष को अधिक महत्व देते रहे है, जनजातियों में विवाह प्रथा उतनी ही महत्वपूर्ण रही है जितनी अन्य सभ्य जातियों में। किन्तु विवाह की उपयोगिता और महत्व पृथक्-पृथक जनजातियों में पृथक होता है तथा कुछ जनजातियों में विवाह इतना महत्वपूर्ण हो जाता है कि संपूर्ण जीवन के अन्य क्रियाकलाप विवाह पर ही आश्रित हो जाते है किसी जनजाति में विवाह की उत्कृष्ठ विधि एक विवाही प्रथा प्रचलित है तो अन्य में अपहरण विवाह अथवा राक्षस विवाह के उदाहरण भी दृष्टिगोचर होते है। कई जनजातियों में जीवन साथी चुनने के लिए युवक व युवतियों को पर्याप्त स्वतंत्रता होती है तो किसी जनजाति में घर से बाहर काम कर रही युवतियों को उठा ले जाने की परम्परा भी पाई जाती है। किन्तु बैगा समाज में विवाह को एक पवित्र बंधन माना गया है।

बैगा जनजाति का परिचय– मध्य भारत की आदिम जाति परिधि के अंतर्गत मध्यप्रदेश के मण्डला, बालाघाट और जबलपुर जिलों में कई एक आदिवासी जनजातियां है इनमें एक जनजाति है 'बैगा'।

बैगा की आबादी इन जिलों के जंगलों से ढके हुये पहाड़ी इलाकों के अंदर विशेषतया ऐसे स्थानों में सिमटी हुई है जो प्राकृतिक बनावट के विचार से दुर्गम और अलग-अलग है। इनकी सर्वाधिक आबादी जिला मण्डला के दक्षिण में मेकाल के पहाड़ी सिलसिलों के अंदर है। इन्हीं पर्वतीय क्षेत्रों के उत्तरी पूर्वी सिरे पर बैगा चक्र है, जिसको बैगा के देश में लगभग केन्द्रीय स्थान प्राप्त है।

बैगा जनजाति को मध्यप्रदेश में 'विशेष पिछड़ी जनजाति' घोषित किया गया है। सन् 1976 में देश की 76 विशेष आदिम जनजाति समुदायों में बैगाओं को भी सम्मिलित किया गया है।

बैगा छोटा नागपुर की आदिम जनजाति भुईयां की मध्यप्रदेशीय शाखा है जिसे भूमिया बैगा कहा जाने लगा। सर्वप्रथम बैगाओं ने ही छोटा नागपुर से छत्तीसगढ़ में प्रवेश किया लेकिन बाद में यह जनजाति मण्डला, डिण्डौरी, शहडोल, अशपपुर, उमरियां राजनांदगांव एवं बालाघाट के दुर्गम वनों में निवास करने लगी।

बैगाओं की सात शाखायें है।

(1) भूमिया (2) बिंझवार (3) भरौतिया (4) नाहर या नरौटिया (5) भैना (6) कोड़वान (7) भुड़िया या मुरिया।

भूमिया का अर्थ होता है भूमि का स्वामी इनका यह विश्वास है कि

ईश्वर ने सबसे पहले भूमिया बैगा को ही उत्पन्न किया था तथा उनकी भूमि का स्वामी बनाया था। इस कारण वे अपने को भूमिया कहते है।

भरोतियां आज भी अपनी मौलिक अवस्था में यह उपजाति भूमिया बैगाओं से मिलती जुलती है। भरोतिया बैगा भी भूमिया जैसे ही अपनी आदिम जनजाति अवस्था में परंपरागत जीवन निर्वहन करते है।

नरोटया या नाहर अर्थात् ये बाघ को नाहर शब्द से संबोधित करते हैं जिसका मतलब है कि उनका नाम बाघ से नाहर हो गया है इसीलिये नाहर बैगा देवताओं में सबसे अधिक बाघदेव को पूजते है। अर्थात् नाहर की अत्याधिक पूजा करने के कारण इनका नाम नरोटिया या नाहर हो गया।

मुड़िया बैगा अपनी उपजातियों में अलग ही दिखाई पड़ते हैं। ये अपने आधे माथे बालों को मूडवा लेते है उसे मूड़िया बैगा कहते है। इस जनजाति के अधिकांश लोग गोंड जनजाति के लोगों के बीच निवास करती है अत: इस उपजाति का पहनना, ओढ़ना, खान-पान, रीति रिवाज आदि सब गोड़ों के समान है।

भैना उपजाति की तीन शाखायें हैं- दूध भैना, काढ भैना, एवं राय भैना। जीवन निर्वाह हेतु भैना जंगलों से बांस एवं लकड़ी लाकर बेचते है। घर में रहने वाली महिलायें व बच्चें बांस की चटाई, खुमरी, मोरया, टुकना, डलिया व जंगली घास के विभिन्न प्रकार के साज-सामान का निर्माण करते है जिससे वे अपना जीवन यापन करते है।

गोंड बेना यह भी बैगा की उपजाति है ये उपजाति बंदर एवं गौ मांस का सेवन भी करते है।

बिंझवार बैगा यह उपजाति बैगाओं की सबसे सभ्य उपजाति है बिंझवार बैगा उत्तर पश्चिम क्षेत्र में निवास करते है।

बैगा शब्द जाति विशेष का सूचक है। बैगा अनेकार्थी शब्द है। अधिकतर ओझा और गुनिया बैगा जनजाति के होते हैं किन्तु यह भी जरूरी नहीं कि गुनिया एवं ओझा बैगा मात्र हो। बैगा जनजाति प्रारंभिक नव प्रस्तर युग की याद दिलाती है, जबकि कृषि का प्रारंभ प्रस्तर युग के अभ्युदय से जुड़ा है।

बैगा बलवान, हष्ट-पुष्ट और गठीले होते है। व गोंड की तुलना में बैगा का सिर लम्बा होता है। किन्तु कुछ बैगा चौकोर सिर वाले भी होते है। इनके बाल धने और लम्बे होते है। जिन्हें ये गांठ बांधकर एक तरफ को लटका कर रखते है।

सभ्यता के विकास औद्योगीकरण, नगरीकरण, संचार के साधनों ने बैगा जनजाति को प्रभावित किया है आज लम्बे बालों वाले बैगाओं की संख्या कम है। पहाड़ों और जंगलों के भीतरी इलाकों में रहने वाले बैगा एक तंग लंगोटी से अधिक और कुद नहीं पहनते, किन्तु शहरी आकर्षण, हिन्दुओं के करीब रहने वाले बैगा धोती कमीज, बन्डी, एवं युवा वर्ग पेंट, शर्ट, जींस पहनने लगे है। लड़कियां साड़ी एवं सलवार कमीज पहनने लगी है।

तालिका 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

बैगा जनजाति में विवाह संस्कार- बैगा समाज में विवाह को एक पवित्र बंधन माना जाता है। एक ही जात में विवाह वर्जित है। विवाह में गोत्र तो एक हो सकता है, लेकिन एक जात के लड़का-लड़की भाई-बहिन होते है, परंतु मामा, बुआ के लड़के-लड़की में विवाह हो जाता है। पहला रिश्ता यहीं से शुरू होता है। बैगा जनजाति में कन्या या स्त्री को पूर्ण स्वतंत्रता दी जाती है। कन्या की इच्छा का सभी आदर करते हैं। बैगा सोलह-सत्रह साल की लड़की को वयस्क मानते है। लड़की वर का चुनाव स्वयं करती है। विवाह के पूर्व कन्या की इच्छा से यौन संबंध जायज है। बैगा इस मामले में सहिष्णु और उदार है। यौन संबंध कायम होने का मतलब है कि वे एक दूसरे के जीवन साथी हो गये। बैगा युवती सामूहिक नृत्य में अपने जीवन साथी का चुनाव कर लेती है। हाट-बाजारों में एक दूसरे को अच्छी तरह परख लेते है। मुखिया या दोनों के माता पिता के बीच विवाह की बातचीत शुरू होती है। बैगा जनजाति में विवाह की छह: विवाह की पद्धति प्रचलित है।

(1) मंगनी विवाह या चढ़ विवाह- इस विवाह प्रथा में लड़के के पिता गांव के कुछ सयाने व्यक्तियों को लेकर लड़की वालों के यहाँ पहुंचता है दो बोतल मंद (शराब) लेकर लड़का भी साथ में रहता है। आंगन में गांव के कुछ लोग भी आकर उनके साथ बैठ जाते है। अगर लड़के का पिता कहता है कि हमें प्यास लगी है तो लड़की वाले समझ जाते है कि मंगनी करने आये है, लड़के वाले दो बोतल मंद रख देते है अगर लड़की कहती है कि मंद पियो तो शादी पक्की मानी जाती है पर वह मंद पीने मना कर दे तो शादी में लड़की की अस्वीकृति मानी जाती है।

(2) चोर विवाह- बैगाओं में प्रेम विवाह का प्रचलन सर्वाधिक है इसे 'ले भगा' 'ले-भगी' या 'चोर विवाह' भी कहते हैं। इसमें लड़का लड़की अपनी मर्जी से भाग जाते हैं उसके बाद किसी मित्र के हाथ से खबर भेज देते है कि इस जगह मिलेंगे तब लड़का लड़की के माता पिता उस स्थान पर पहुंच जाते है और उन्हें मनाकर अपने घर ले आते है और मुकद्दम के यहां पहुंचते है। इनके वैवाहिक कार्य में समरथ, मुकद्म, कोटवार एवं दीवान की मुख्य भूमिका होती है।

(3) उठवा विवाह- बैगा समाज में उठवा विवाह का भी प्रचलन है इसमें शादी का खर्चा लड़के पक्ष के हिस्से में आता है। इसमें लड़की के पिता, रिश्तेदार, मित्र सभी लड़के वालों के यहां पहुंचते है दोनों पक्षों की ओर से सगाई की तिथि निश्चित कर दी जाती है इसके बाद विवाह की तिथि निश्चित की जाती है तथा विवाह के रस्म चढ़ विवाह के समान संपन्न की जाती है।

(4) पैठुल विवाह- इस विवाह में लड़की अपनी इच्छा से स्वयं लड़के के घर में रात्रि के समय चुपचाप घुस जाती है वह घर के पिछवाड़े से घूसती है और लड़के के ऊपर हल्दी चावल छिड़कती है। हल्दी चावल छिड़कने का मतलब हो जाता है कि लड़की ने लड़के को विवाह के लिए चुन लिया है।

(5) लमसेना विवाह- यदि लड़के का विवाह करने में लड़के का पिता असमर्थ है तो पिता की मर्जी से लड़का लड़की के पिता घर सेवा करने के लिए रहता है। ऐसे लड़के को लमसेना या घर दामाद कहते है। लमसेना को सेवा में अपने ससुर का कृषि कार्य, जंगल से लकड़ी काटना एवं मजदूरी करनी पड़ती है। लमसेना रहने की अवधि तीन से सात वर्ष तक रहती है। लड़का पूरी निष्ठा से सेवा करता है तो लड़की का पिता एक ही वर्ष में शादी कर देता है। तीन या सात साल पूरे होने पर लड़की दामाद अपना स्वतंत्र मकान में रहने लगते है।

(6) उधरिया विवाह- इस विवाह पद्धति में लड़का-लड़की अपनी मर्जी से किसी दूर के रिश्तेदार की मदद से विवाह कर लेते है। विवाह में दोनों पक्षों के माता-पिता की स्वीकृति नहीं होती। विवाहित लड़की अपने पति को छोड़कर किसी दूसरे के यहां घुस जाती है। गांव के पंच इकट्ठे होते है घर में घुसी लड़की की जांच पड़ताल कर उसका देवर लड़की के ऊपर एक लोटा गरम पानी डाल देता है इसका मतलब लड़की पवित्र हो गई। दूसरे दिन पंचों को मंद पिलाई जाती है। पहला पति दूसरे पति से हर्जाना वसूल करता है जिसे दावा कहते है। इस तरह बैगा समाज में विवाह की छ: पद्धतियां प्रचलन में है।

बैगा समाज में बहु पत्नि रखने का रिवाज है। लड़की अपनी मर्जी से

दूसरा विवाह कर सकती है विधवा विवाह में घर के देवर का पहले अधिकार होता है किन्तु विधवा स्त्री किसी दूसरे के नाम का भी चूड़ी पहन सकती है। और वह दूसरा विवाह नहीं भी कर सकती है।

विवाह के रस्मों की अदायगी में दोसियों और सवासिनों का महत्वपूर्ण स्थान है। 'दोसी' वर व कन्या के व्यस्क पिता व चाचा होते है और सवासिनें कन्या की कुंवारी चचेरी बहने होती है। प्रारंभ से अंत तक रस्मों के लम्बे क्रम में एक दिन व एक रात का समय लग जाता है और खान पान तथा नृत्य-संगीत की महफिल से सारे गांव के अंदर एक त्यौहार जैसा वातावरण बना रहता है। सारी रात रस्मों के पश्चात विदाई का समय आ जाता है। विदा होने के पूर्व वर का पिता अपने समधी व समधिन 'वधु की दादी' दोसी, तथा सवासिन आदि को उपहार देता है।

विवाह संस्कार- अनौपचारिक प्रत्यक्ष वार्तालाप से ज्ञात हुआ कि बैगा समुदाय में लड़की और लड़का को देखने के बाद एक परैय्या (परात) में पानी रखा जाता है और दोनों तरफ से एक-एक चावल डाला जाता है दोनों चावल मिल गये तो बात पक्की हो जाती है। दोनों पक्ष के माता-पिता घनिष्ट संबंधी मिलकर सुपाड़ी फोड़ते हैं, ये एक प्रथा है, जिससे ये हो गया कि शादी पक्की हो गई। तिथि तय कर ली जाती है कि किस दिन बारात भांवर होगा। बारात भांवर के दो दिन पहले सुबह-सुबह 5 बजे कुएं से (आखर पानी) पानी लाते हैं, वहीं पानी कलश में रखते है और उसी पानी से हल्दी भी घोलते हैं, और उसी हल्दी को वर और वधु को लगाते हैं।

कलश का एक स्थान घर के अंदर होता है वहां कलश जलाकर रख दिया जाता है उसी दिन पानी लाकर करसा गोदनी (मटका सजाना) दाने से मटका सजाते हैं। कलश सजाने के लिये धान, बीजा, गोंगचीं लाल काला दाना सजाते हैं।

मांगर माटी लाने पास के खेत में जाते है सभी करमा गाकर जाती है जिस जगह से मिट्टी लायी है वहां पूजा-पाठ करते है और वहां की मिट्टी लाते है और उस मिट्टी को जहां मंडप लगाना है वहां पर छापने है चौकोर आकार में।

मंडप के लिये घर के पुरूष सदस्य जंगल जाकर मंडप के खम्बे के लिये लकड़ी लाते है लकड़ी साल के पेड़ की लाते है फिर उसे घर के आंगन में जहां भांवर होती है वहां लगाकर गड़ाते है कुछ जामुन की लकड़ियों को पत्तों के साथ लाते है और पूरा मंडप बनाते है मंडप के नीचे जहां साल का खम्बा लगाया है वहां मांगरमाटी की मिट्टी से चारों तरफ छपाई की जाती है फिर वहां पूजा-पाठ करते है।

वर वधू को सात बार हल्दी लगाई जाती है। कोई-कोई बैगा चिकसा भी लगाते है। चिकसा में राई के दाल, राई तेल, हल्दी और चंदन रहता है।

मंडप जिस दिन होता है उस रात रिश्तेदार और बैगा समाज के लोग सारी रात नाचते हैं, करमा नाचते है नंगाड़ा टिमकी बजाते है दारू पीते हैं, फिर सब मिलकर खाना खाते है।

बारात लड़की के घर आने के पहले लड़के के रिश्तेदार में से एक लड़का लड़की के घर आता है जिसे बिशठिया कहते है-यह लड़के के पक्ष का संदेश वाहक होता है बारात आने के दो दिन पहले या बारात के एक दिन पहले आता है। लड़की के घर में जहां बारात का इंतजाम करता है वहां लिपाई सफाई का काम, खाना, पानपी की व्यवस्था करता है। बिशठिया अपने साथ चावल, दाल, दारू साथ में लाता है। पहले पांच घर लिपवाते थे अब एक घर ही लिपवाते हैं।

बारात लड़के वाले लड़की के घर में ले जाते है लड़की वाले परधोनी (स्वागत) करते है, कलश की पूजा पाठ करते है। बैगा समाज में भांवर 3 लड़की के यहां फिर वापस आकर 4 लड़के के घर में करते है। पर कुछ बैगा एक ही जगह लड़की के घर में ही सात भांवर करते है। बारात आने पर दुल्हे को घर के अंदर ले जाते है और उसका पैर धोते है। भांवर होने के बाद दूसरे दिन लड़की की विदाई कर दी जाती है। फिर लड़के के घर में पूरे सात भांवर नहीं हुये है तो बाकी के भांवर लड़के के घर में होते हैं, रिश्तेदारों का खाना दारू होती है। अगले दिन लड़की वाले चौथिया बरात लेकर लड़के के घर में आते है फिर सबकों खाना दारू खिलाते पिलाते है। और फिर दुल्हा दुल्हन को लड़की पक्ष अपने साथ लेकर आते है ताकि लड़का मंडप की एक डगाल अलग कर सकें, उसे मंडवा उजारना कहते है। एक दो दिन दुल्हा-दुल्हन रहते है, उसके बाद वो लड़के पक्ष के यहां चले जाते है या लड़के पक्ष से कोई आता है उसके बाद लड़के के घर दिवाला पूजन होता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. चौरसिया, विजय (2009) प्रकृति पुत्र बैगा, द्वितीय संस्करण।
2. हसनैन, नदीम (1997) 'जनजातीय भारत' चतुर्थ संस्करण।
3. निरगुणे, बसंत (1986) 'बैगा मोनोग्राफ'।
4. निरगुणे, बसंत (2011) 'प्रकृति पुत्र बैगा'।
5. शर्मा लोचन 'जनजातीय जीवन और संस्कृति'।
6. उप्रेती, हरिश्चन्द्र (1997) 'भारतीय जनजातीयां पांचवा संशोधित'।
7. उप्रेती हरिश्चन्द्र (2002) 'भारतीय जनजातियां संरचना एवं विकास' द्वितीय संस्करण।
8. विश्वास, नरेश (2007) 'बेवर स्वराज' प्रथम संस्करण।
9. दुबे उमेश कुमार (2013) 'बैगा जनजाति विकास के नवीन आयाम' द्वितीय संस्करण।
10. बैगा विकास अभिकरण परियोजना 2011-12 मंडला।
11. जिला सांख्यिकी पुस्तिका मंडला।
12. श्रीवास्तव ए.आर.एन. (2012) 'जनजातीय संस्कृति' द्वितीय संस्करण।

तालिका 1 : मंडला जिले में बैगा जनजाति जनसंख्या

क्र.	विकासखंड का नाम	ग्रामों की संख्या	ग्राम पंचायत की संख्या	बैगा परिवार की संख्या	पुरूष जनसंख्या	महिला जनसंख्या	कुल बैगा जनसंख्या
1.	मंडला	34	29	950	2115	2238	4353
2.	नैनपुर	06	04	105	216	217	433
3.	घुघरी	49	37	1072	2351	2362	4713
4.	बिछिया	45	30	1383	2812	2813	5625
5.	मवई	24	17	590	1406	1396	2802
6.	मोहगांव	37	26	1209	2417	2405	4822
7.	निवास	7	7	395	855	889	1744
8.	नारायणगंज	31	24	779	1558	1680	3238
9.	बीजाडांडी	15	14	523	1109	1121	2230
	योग	248	188	7006	14839	15121	29960

स्रोत – बैगा विकास प्राधिकरण मण्डला

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

लखनऊ शहर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में संसाधनों की उपलब्धता का अध्ययन

मीता श्रीवास्तव* डॉ. मंजु दुबे **

***शोधार्थी (गृह विज्ञान) शा.क.रा.क. स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत**
**** प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (गृह विज्ञान) शा.क.रा.क. स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) भारत**

प्रस्तावना – जॉन डयूबी के अनुसार – 'विद्यालय एक ऐसा विशिष्ट वातावरण है जहाँ जीवन के कुछ गुणों को कुछ विशेष प्रकार की क्रियाओं तथा व्यवसायों की शिक्षा इस उद्देश्य से दी जाती है कि बालक का विकास वांछित दिशा में हो।'[1] क्रोबेल ने 'विद्यालय को बच्चों का उद्यान कहा है। जिस तरह से बाग में माली पेड़ पौधों की खुदाई, निराई तथा सिंचाई करके उनको उत्तम फल–फूल देने के लिए तैयार करता है उसी भांति शिक्षक को बच्चों के सर्वांगीण शारीरिक, मानसिक, सामाजिक तथा नैतिक आदि के विकास के लिए उनका पालन पोषण करना चाहिए।'[2] विद्यालय विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और आध्यात्मिक स्वतंत्रता का प्रशिक्षण प्रदान करता है। यहीं विद्यार्थियों में नेतृत्व शीलता, निर्णय करने की शक्ति का विकास होता है। वे अपनी सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित करना सीखते हैं। वे व्यवसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर आजीवन आजीविका की समस्या हल करना सीखते हैं। वे विद्यालय में सामाजिक, राजनैतिक, रचनात्मक, शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। समाज सेवा देश भक्ति सहयोग एवं सहकारिता के गुणों का विकास बच्चों में विद्यालयीन प्रशिक्षण से ही होता है फिर वे चाहे विद्यालय शासकीय हों या अशासकीय। विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर शिक्षक अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हैं। विद्यालयों द्वारा प्रदत्त प्रशिक्षण, ज्ञान व कौशल किस स्तर का हो पाता है? यह उनमें उपलब्ध संसाधनों पर निर्भर करता है। विभिन्न पाठ्यक्रमों के अध्यापन हेतु कक्ष, फर्नीचर, प्रयोगशाला, उपकरण, मैदान, पुस्तकालय का भंडार, वहां की संवातन व्यवस्था, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, कैंटीन, वहां के शिक्षकों, लिपिकों, भृत्यों आदि की पर्याप्त आपूर्ति उस विद्यालय विशेष के संसाधनों की उपलब्धता के अंतर्गत आते हैं।

'विद्यालय सरस्वती का पान मंदिर है जिसमें विद्यार्थी एवं शिक्षक 8 से 10 घंटे का समय प्रतिदिन व्यतीत करते हैं। आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक विद्यालय में कक्षाओं की संख्या के अनुसार कक्ष, फर्नीचर एवं शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। प्राचार्य कक्ष, स्टाफ रूम, कार्यालय, ग्रंथालय, खेलकूद कक्ष एवं मैदान, संगीत कक्ष एवं शिक्षण सामग्री, एन.सी.सी., एन.एस.एस. तथा स्काउटिंग आदि के लिए भी पृथक–पृथक कक्ष होते हैं। विद्यालय में गर्ल्स कॉमन रूम, स्टाफ रूम, कैंटीन, ऑडीटोरियम तथा पार्किंग आदि की व्यवस्था होना आवश्यक है। उसके साथ–साथ स्वच्छ पीने के पानी की व्यवस्था, शुद्ध वातावरण, पर्याप्त संवातन एवं प्रकाश व्यवस्था विद्यालय में होने के साथ–साथ बालक बालिकाओं, कार्यालय कार्यकर्ताओं, अध्यापक, अध्यापिकाओं एवं प्राचार्य के लिए पृथक–पृथक शौचालयों की व्यवस्था होना भी अत्यावश्यक है। विद्यालय में प्राचार्य के अलावा दो से चार तक कार्यालयीन सहायक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की व्यवस्था होनी चाहिए। शिक्षकों की उपलब्धता विद्यालय की कक्षाओं एवं कार्यभार के अनुसार पर्याप्त होना चाहिए। विद्यालय में पर्याप्त शिक्षण सामग्री होने के साथ–साथ पूरे कैंपस व क्लास रूम में सी.सी.टी.व्ही. कैमरे लगे होने चाहिए।'

विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग वहां के प्राचार्य, शिक्षक, कार्यालयीन कर्मचारियों के साथ–साथ विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों पर भी निर्भर करता है। प्राचार्य अपनी कुशल प्रबंधकीय क्षमताओं से सीमित संसाधनों में भी बेहतर व्यवस्थाएं स्थापित कर सकते हैं। विद्यालय में शिक्षक अपने विषय के ज्ञान को पूर्ण आत्मविश्वास से निष्पक्षतापूर्वक, सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में, वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए, पूर्ण लगन व धैर्य के साथ, आशावादी दृष्टिकोण अपनाते हुए, प्रभावशाली व्यक्तित्व को प्रदर्शित करते हुए, अपने व्यवहार से नवीन शिक्षण पद्धतियों द्वारा जब विद्यार्थियों का शिक्षण करते हैं, उनके जीवन में मार्गदर्शन करते हैं तब वे सीमित संसाधनों में भी असीमित ज्ञान के भंडार का हस्तांतरण विद्यार्थियों में कर लेते हैं। लखनऊ शहर के विद्यालयों में संसाधनों की उपलब्धता की स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए मैंने अपने **शोध का विषय** – 'लखनऊ शहर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में संसाधनों की उपलब्धता का अध्ययन' चुना है।

उद्देश्य – प्रस्तुत शोध अध्ययन के निम्नलिखित उद्देश्य हैं–

1. विद्यालयों में पठन–पाठन हेतु कक्ष व्यवस्थापन का अध्ययन करना।
2. कक्षा में प्रकाश एवं संवातन व्यवस्था का अध्ययन करना।
3. कैंटीन एवं शुद्ध पेयजल व्यवस्था का अध्ययन करना।
4. शौचालय की व्यवस्था का अध्ययन करना।
5. साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेलकूद, एन.सी.सी., एन.एस.एस. एवं स्काउट आदि अन्य गतिविधियों संबंधी संसाधनों की उपलब्धता का अध्ययन करना।

शोध प्रविधि – शोध अध्यन हेतु लखनऊ शहर के 14 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों का दैव निदर्शन विधि से चयन किया गया। विद्यालयों में संसाधनों की उपलब्धता ज्ञात करने के लिए निरीक्षण एवं साक्षात्कार अनुसूची का उपयोग किया गया तत्पश्चात प्राप्त तथ्यों का वर्गीकरण एवं

विश्लेषण कर निष्कर्ष प्रस्तुत किए गए।

तथ्यों का वर्गीकरण एवं विश्लेषण – एकत्रित समंकों को तालिका क्रमांक एक में वर्गीकृत किया गया है–

तालिका क्रमांक 1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका क्रमांक 1 में लखनऊ शहर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में संसाधनों की उपलब्धता के समंक प्रदर्शित किये गये हैं। तालिका दर्शाती है कि 14.28% शासकीय विद्यालयों में प्राचार्य कक्ष की उपलब्धता संतोषजनक तथा 21.42% में असंतोषजनक है। अशासकीय विद्यालयों में संतोषजनक प्राचार्य कक्ष 35.75% तथा असंतोषजनक 28.57% है। 21.42% शासकीय विद्यालयों में स्टाफ रूम की उपलब्धता संतोषजनक तथा 14.28% में आशंकि रूप से संतोषजनक है जबकि 50% अशासकीय विद्यालयों में स्टाफ रूम संतोषजनक तथा 14.28% में आंशिक रूप से संतोषजनक पाया गया है। 28.57% शासकीय विद्यालयों में अध्यापन कक्ष पर्याप्त हैं। केवल 7.14% विद्यालयों में आंशिक रूप से पर्याप्त हैं जबकि 64.28% शासकीय विद्यालयों में कक्ष पर्याप्त हैं। 7.14% शासकीय विद्यालयों में प्रयोगशालायें पर्याप्त 21.42% में आंशिक रूप से पर्याप्त तथा 7.14% में अपर्याप्त हैं। 35.71% अशासकीय विद्यालयों में प्रयोगशालायें पर्याप्त, 21.42% में आंशिक रूप से पर्याप्त तथा 7.14% में अपर्याप्त है। 7.14% शासकीय विद्यालयों में पुस्तकालय के लिये स्थान पर्याप्त, 21.42% में आंशिक पर्याप्त है। जबकि 35.71% अशासकीय विद्यालयों में पुस्तकालय के लिये स्थान पर्याप्त व 28.57% में आंशिक रूप से पर्याप्त है। 7.14% विद्यालयों में प्रांगण की उपलब्धता पर्याप्त, 21.42% में आंशिक पर्याप्त तथा 7.14% में अपर्याप्त है जबकि 21.42% अशासकीय विद्यालयों में प्रांगण की उपलब्धता पर्याप्त, 35.71% में आंशिक पर्याप्त तथा 7.14% में अपर्याप्त है। 28.57% शासकीय विद्यालयों में शौचालय की उपलब्धता आंशिक संतोषजनक तथा 7.14% में असंतोषजनक पाई गई है जबकि 21.42% अशासकीय विद्यालयों में शौचालय की उपलब्धता संतोषजनक, 28.57% में आंशिक संतोषनक तथा 14.28% में अंतोषजनक पाई गई है। 14.28% शासकीय विद्यालयों में फर्नीचर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं तथा 21.42% में आंशिक रूप से उपलब्ध है जबकि अशासकीय विद्यालयों में फर्नीचर की उपलब्धता 57.14% पर्याप्त तथा 7.14% में आंशिक रूप से उपलब्ध है। 7.14% शासकीय विद्यालयों में पंखे पर्याप्त, 21.42% में आंशिक पर्याप्त तथा 7.14% में अपर्याप्त है जबकि 64.28% अशासकीय विद्यालयों में पंखे पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। 7.14% शासकीय विद्यालयों में शिक्षण सामग्री पर्याप्त, 21.42% में आंशिक रूप से पर्याप्त तथा 7.14% में अपर्याप्त पाई गई है जबकि 64.28% विद्यालयों में शिक्षण सामग्री पर्याप्त पाई गई है। 7.14% शासकीय विद्यालयों में उपकरण पर्याप्त तथा 28.57% में अपर्याप्त हैं जबकि 35.71% अशासकीय विद्यालयों में उपकरण पर्याप्त तथा 28.57% में आंशिक रूप से उपलब्ध हैं। 7.14% शासकीय विद्यालयों में पुस्तकें पर्याप्त, 21.42% में आंशिक पर्याप्त तथा 7.14% में अपर्याप्त हैं जबकि 35.71% अशासकीय विद्यालय में पुस्तकें पर्याप्त, 28.57% में आंशिक रूप से उपलब्ध हैं। 7.14% शासकीय विालयों में खेलकूद सामग्री की उपलब्धता पर्याप्त, 21.42% में आंशिक पर्याप्त तथा 7.14% में अपर्याप्त है जबकि 21.42% में अशासकीय विद्यालयों में खेलकूद सामग्री पर्याप्त, 28.57% में आंशिक पर्याप्त तथा 14.28% में अपर्याप्त है। 28.57% शासकीय विद्यालयों में शुद्ध पेयजल व्यवस्था आंशिक रूप से संतोषजनक तथा 7.14% में असंतोषजनक है जबकि 28.57% अशासकीय विद्यालयों में संतोषजनक तथा 35.71% में आंशिक संतोषजनक है। 28.57% शासकीय विद्यालयों में पर्याप्त प्रकाश आता है। 7.14% में प्रकाश की आंशिक पूर्ति हो पाती है जबकि 42.85% अशासकीय विद्यालयों में पर्याप्त मात्रा में प्रकाश आता है तथा 21.42% में आंशिक तौर पर प्रकाश आता है। 28.57% में शासकीय विद्यालयों में संवातन व्यवस्था पर्याप्त, 7.14% में आंशिक पर्याप्त है जबकि 50.0% अशासकीय विद्यालयों में पर्याप्त है तथा 14.28% में आंशिक रूप से संवातन होता है। 35.71% शासकीय विद्यालयों में स्टाफ उपलब्ध है जबकि 50% अशासकीय विद्यालयों में स्टाफ पर्याप्त तथा 14.28% में आंशिक रूप से उपलब्ध है।

निष्कर्ष – लखनऊ शहर के विद्यालयों में प्राचार्य कक्ष, स्टाफ रूम, अध्यापन कक्ष एवं प्रांगण हेतु पर्याप्त स्थान उपलब्ध है। विद्यालयों में फर्नीचर, पुस्तकें व अन्य शिक्षण सामग्री व खेलकूद सामग्री पर्याप्त अथवा आंशिक रूप से पर्याप्त है।

किंतु कुछ विद्यालयों की प्रयोगशालाओं में उपकरण अपर्याप्त हैं तथा शौचालय व शुद्ध पेयजल व्यवस्था एवं स्वच्छता संतोषजनक नहीं है।

सुझाव:

बाद ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। उन योजनाओं का लाभ केवल अल्पतम ही मिल पाता है। केंद्र एवं राज्य शासन को इसको गंभीरता से लेना अनिवार्य है। इन योजनाओं का लिंगानुपात में समानता लाने हेतु अधिक से अधिक बालिका शिक्षा पर जोर देने की आवश्यकता है। समय-समय पर इन योजनाओं में आयी कमियों को दूर कर संशोधन करना अनिवार्य है, जिससे दूर-दराज गांवों तक इन योजनाओं का लाभ मिल सकें और अधिक से अधिक शाला त्यागी बालिकाएं लाभांवित हो सकें।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के लागू होने के बाद भी आज 72 वर्षो के बाद भी ग्रामीण अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की बालिकाएं की साक्षरता दर बहुत कम है। इसका कारण दूरस्थ स्थानों पर स्कूल का अभाव, महिला शिक्षिका की कमी, शिक्षा के प्रति जागरूकता में कमी आदि है। सरकार द्वारा बालिकाओं के शिक्षा के स्तर को बढाने के लिए गांव की बेटी, छात्रावास योजना, साइकिल योजना एवं छात्रवृत्ति जैसी कई योजनाएं एवं कार्यक्रमों को लागू करने के बावजूद भी अनुसूहचत जाति एवं अनुसूचित जनजाति की बालिकाओं का शाला त्यागने की दर अधिक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. सरकारी योजनाएं रिर्पोटर्स एवं सूचकांक, प्रथम संस्करण, दृष्टि पब्लिकेशन, नई दिल्ली 2021, पृ.33
2. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, पुणेकर पब्लिकेशन्स इंदौर, पृ. 37
3. वही पृ 38
4. वही पृ.51
5. गुगल ट्रांसलेट
6. संपादक-लोकेश कुमार, शैलेन्द्र पहाडे, कमजोर वर्गो का सशक्तिकरण: कल्पना एवं यथार्थ, अक्षर विन्यास, उज्जैन, 2018, पृ.163

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

हिंदू समाज में अनुसूचित जातियों के प्रति आये जातिगत मानवीय संबंधों पर प्रभाव (धार जिले के अनुसूचित जाति के सर्वेक्षित परिवारों के आधार पर)

आशीष वर्मा* डॉ. डी.के. वर्मा**

*शोधार्थी पी.एच.डी (समाजशास्त्र) डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर विश्वविद्यालय, महू, इंदौर (म.प्र.) भारत
** रिसर्च सुपरवाइजर (विभागाध्यक्ष) डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर विश्वविद्यालय, महू, इंदौर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – मानवीय संबंध अर्थात मनुष्यों और उनके बीच के संबंधों को महत्व देना ही मानवीय संबंध है। हिंदू समाज में जातिगत व्यवस्था के कारण अनुसूचित जाति पर सामाजिक व्यवस्था के नाम पर थोपी गई अनेक मर्यादाएं, बंधन एवं अनेक प्रकार से दबाव डाला गया। उनका जीवन नरक बना दिया गया था। लेकिन वर्तमान समय में हिंदू समाज द्वारा उनकी मानसिकता में आये परिवर्तनों से अनुसूचित जातियों के मानवीय संबंधों में काफी बदलाव आया है। परिणामस्वरूप धार जिले के अनुसूचित जाति के लोगों के जीवन पर किस प्रकार से प्रभाव पडा, यहां पर बताया गया है।

धार जिले में अनुसूचित जातियों के लोगों की जनसंख्या अधिक है। उसके बावजूद भी इन जातियों का जीवन स्तर बहुत ही सामान्य है। प्रतिदिन इन्हें कई समस्याओं का सामना विभिन्न प्रकार से करना पडता है। ये लोगों सामाजिक रूप से अधिक पिछडे एवं आर्थिक रूप से सर्वाधिक गरीब एवं शोषित है। भारतीय सामाजिक–आर्थिक संरचना में अनुसूचित जाति के लोग आज भी विभिन्न रूपों से प्रताडित एवं शोषित के अतिरिक्त अपमानित होते आ रहे है। इससे निजात पाने हेतु डॉ.अंबेडकर ने भारतीय संविधान में अनुसूचित जाति हेतु स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्वता प्रदान करने हेतु उन्हें शिक्षा, रोजगार के समान अवसर प्रदान करने हेतु आरक्षण की व्यवस्था की गई है। जिससे अनुसूचित जाति के लोगों में काफी सुधार हुआ है लेकिन अभी वे पिछडे हुए है इसलिए इनके विकास हेतु काफी कुछ करनी की आवश्यकता है।

अध्ययन का उद्देश्य– धार जिले के हिंदू समाज द्वारा अनुसूचित जातियों के प्रति आये मानवीय संबंधों में परिवर्तन का अध्ययन करना है।

अध्ययन का क्षेत्र– अध्ययन क्षेत्र में मध्यप्रदेश के धार जिले का चयन किया गया है। धार जिले की अनुसूचित जाति के 320 परिवारों का सर्वे किया गया है।

निर्दशन प्रक्रिया– प्रस्तुत अध्ययन में धार जिले के 320 परिवारों का चयन किया गया है। इन परिवारों का प्रश्नावली के माध्यम से सर्वे किया है। इसके अंतर्गत प्राप्त आंकडों का विश्लेषण किया गया है। अनुसूचित जाति के बारे में जानने हेतु उनपर लिखी पुस्तकों का भी अध्ययन कर उनके सहयोग से हिंदू समाज में जातिव्यवस्था के मानवीय संबंधों में वर्तमान में हुए प्रभाव का अध्ययन किया गया है। इसमें प्रमुख रूप से हिंदू समाज में जातिगत व्यवस्था एवं संबंधों से अनुसूचित जातियों में आये परिवर्तनों का अध्ययन अनेक स्तरों पर किया गया है।

हिंदू समाज में अनुसूचित जातियों को प्रारंभ से लेकर अभी तक अपने अस्तित्व को बनाये रखने के लिए सतत संघर्षरत है, फिर चाहे वह किसी भी क्षेत्र में क्यों न हो। हिंदू समाज में व्याप्त परम्परागत जाति–व्यवस्था की रूढिवादी विचारधारा के कारण अनुसूचित जातियों को अनेक समस्याओं को सामना करना पडा।

डॉ.बाबासाहेब अंबेडकर ने अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों के उत्थानार्थ देश के संविधान में निम्न प्रावधान दिये, जो सार्थक सिद्ध हुए। जिसके परिणामस्वरूप अनुसूचित जातियों का हिंदू समाज में समानता, स्वतंत्रता एवं बंधुत्वता का प्रभाव दिखाई देता है।

अनुच्छेद 15 के अनुसार– राज्य के किसी भी नागरिक के विरूद्ध केवध धर्म मूलवंश जाति, लिंग, जन्मस्थान या इनमें से किसी के आधार पर कोई विभेद नहीं करेगा। कोई नागरिक केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्मस्थान या इनमें से किसी के आधार पर दुकानों, साव्रजनिक भोजनालयों, होटलों और सार्वजनिक मनोरंजन के स्थानों में प्रवेश या पूर्णत: या भागत: राज्यनिधि से पोषित या साधारण जनता के प्रयोग के लिए समर्पित कुआं, तालाबों, स्नानघाटों, सडकों और सार्वजनिक सभागण के स्थानों के उपयोग के बारे में किसी भी नियोग्यता दायित्व निर्बन्धन या शर्त के अधीन न ही होगा।

अनुच्छेद 17 में अस्पृष्यता का अंत किया गया और उसका किसी भी रूप में आचरण करने पर दण्डित किया जाना तय है। अस्पृष्यता से उपजी किसी निर्योग्यता को लागू करना अपराध होगा जो विधि के अनुसार दण्ड का पात्र होगा।

जातिव्यवस्था अर्थात एम.एन. श्रीनिवासन के अनुसार 'जाति एक वंशानुगत अंतर्विवाही समूह है जो कि प्राय: स्थानीय होते है, इसका एक विशिष्ट व्यवसाय से परम्परागत संबंध होता है एवं जाति के स्थानीय पदक्रम में इसकी विशिष्ट प्रस्थिति होती है। जातियों के मध्य संबंध अन्य बातों के अलावा छुआछूत की अवधारणाओं और प्राय: खान–पान संबंधी निषेधों से

निंयत्रित होते है अर्थात जाति के अंदर ही साथ बैठकर भोजन किया जाता है।'

जातिप्रथा या जातिव्यवस्था में परिवर्तन होने से एक ही उद्योग में विभिन्न जातियों के लोग साथ-साथ कार्य करने लगे तो विभिन्न जातियों में मेल-मिलाप बढा और छुआछूत की भावना कम हुई। विभिन्न जातियों के साथ सहभोज में भाग लेने से आपसी भाईचारा बढा है। जातिगत पेशे से परिवर्तन हुआ, अंर्तजातीय विवाह हुये और जीतीय बंधन शिथिल हुए। रेल, मोटर, वायुयान, होटल, रेस्टोरेन्ट आदि के द्वारा विभिन्न जातियों के लोग और नजदीक आए और उनमें उनमें व्याप्त जातिगत भावना में कमी आई।

हिंदू समाज के लोगों द्वारा अनुसूचित जातियों के प्रति एवं उनके मानवीय संबंधों में काफी हद तक सुधार हुआ है। मानवीय संबंध अर्थात मनुष्यों और उनके बीच के संबंधों को महत्व देना ही मानवीय संबंध है।

विवाह संबंधी प्रतिबंध- जाति व्यवस्था के अंतर्गत जाति के सदस्य अपनी ही जाति में विवाह कर सकते है।

समाज का खण्डात्मक विभाजन- समाज का खण्डात्मक विभाजन किया गया है। जैसे कि जी. एस. घुरिये के अनुसार-'सामाजिक संस्तरण, भोजन तथा सामाजिक सहवास पर प्रतिबंध, विभिन्न जातियों की सामाजिक एवं धार्मिक निर्योग्यतायें तथा विशेषाधिकार, पेशे के अप्रतिबंधित चुनाव का अभाव एवं विवाह संबंधी प्रतिबंध आदि जाति व्यवस्था की विशेषतायें है। लेकिन आज आधुनिकता के चलते नागरीकरण, औद्योगीकरण आदि के कारण इन सब निर्योग्यताओं को समाप्त किया गया है।'

उत्तरदाताओं से उन्हें हर जगह मान-सम्मान प्राप्त होने के आधार पर वर्गीकरण

मान-सम्मान	उत्तरदाता	प्रतिशत
हां	271	84.7 प्रतिशत
नहीं	49	15.3 प्रतिशत
कुल	320	100.0



उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि हिंदू समाज में अनुसूचित जाति के लोगों के प्रति एवं उनके बीच के संबंधों में काफी बदलाव आया है। संकलित प्राथमिक संमकों के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि ग्रामीण क्षेत्र में सर्वेक्षित उत्तरदाताओं में सर्वाधिक 271 लोगों ने उन्हें हर जगह मान-समान मिलने को हां कहा, जिसका 84.7 प्रतिशत है एवं 49 लोगों ने नहीं कहा, जिसका 15.3 प्रतिशत हैं।

मानवीय संबंधों में जातिव्यवस्था पर वर्तमान में परिवर्तनों का अध्ययन करने पर ज्ञात हुआ कि अनुसूचित जातियों के लोगों के रहन-सहन में परिवर्तन के साथ-साथ अन्य जातियों के साथ रोटी-बेटी का संबंध भी जोड सकते है। इसके अलावा अनुसूचित जाति के लोगों में सामाजिक, राजनैतिक एवं वैचारिक स्थिति में भी परिवर्तन हुआ है। वे आज अपने इच्छानुसार आर्थिक विकास हेतु कोई भी व्यवसाय कर सकते है। उनके लिए बनाई गई सरकारी योजनाओं का लाभ भी उठा सकते है।

जिन 49 उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्हें हर जगह मान-सम्मान क्यों नहीं प्राप्त होता है? इसका कारण जानने हेतु किया गया वर्गीकरण

मान-सम्मान नहीं होने के कारण	उत्तरदाता	प्रतिशत
अनुसूचित जाति के कारण	19	5.9 प्रतिशत
अपने-आप को हीन समझने के कारण	8	2.5 प्रतिशत
ऊंची जाति के दुर्व्यवहार के कारण	13	4.1 प्रतिशत
अन्य कारण से	9	2.8 प्रतिशत
कुल	49	15.3 प्रतिशत



जब 49 उत्तरदाताओं को मान-सम्मान प्राप्त नहीं होने का कारण जानने के लिए प्रश्न पूछा गया कि यदि नहीं तो क्यों? इसके जवाब में 19 लोगों ने अनुसूचित जाति के होने के कारण बताया, जिसका 5.9 प्रतिशत है एवं 8 लोगों ने अपने आप को हीन समझना बताया, जिसका 2.5 प्रतिशत है। उसी प्रकार 13 लोगों ने उनके साथ ऊंची जाति के लोगों द्वारा दुव्यवहार किया जाना बताया, जिसका 4.1 प्रतिशत है एवं 9 लोगों ने अन्य कारण होना बताया, जिसका 2.8 प्रतिशत है।

आज अनुसूचित जाति के लोग अन्य जातियों के साथ बेटी-रोटी का संबंध जोड सकते है या नहीं, के आधार पर वर्गीकरण

रोटी-बेटी संबंध	उत्तरदाता	प्रतिशत
हां	191	59.7 प्रतिशत
नहीं	129	40.3 प्रतिशत
कुल	320	100.0

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि आज अनुसूचित जाति के लोग अन्य जातियों के लोगों के साथ रोटी-बेटी का संबंध जोड सकते है। संकलित प्राथमिक संमकों के विश्लेषण से स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्र में सर्वेक्षित उत्तरदाताओं का कहना है कि हां वे अन्य समाज के साथ रोटी-बेटी का संबंध जोड सकते है, जिसका 59.7 प्रतिशत है एवं सबसे कम लोगों ने नहीं कहा है, जिसका 40.3 प्रतिशत है। इससे स्पष्ट होता है कि धार जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मानवीय संबंधों में परिवर्तन आया है।

निष्कर्ष - संवैधानिक संरक्षण और सुविधाएं मिलने के कारण अनुसूचित जातियों के साथ किये जाने वाले अत्याचार, भेदभाव, शोषण और छुआछूत आदि व्यवहारों में निश्चित ही कमी आयी है, जिसका प्रभाव शहरी क्षेत्रों में देखने को मिला है, किंतु ग्रामीण क्षेत्रों में वे आज भी अनेकों समस्यायें समाज

में व्याप्त है। किंतु धार जिले की अनुसूचित जातियों के लोगों का सर्वे करने पर ज्ञात हुआ कि हिंदू समाज में जातिव्यवस्था एवं उनके मानवीय संबंधों का अनुसूचित जातियों के प्रति मानसिकता में परिवर्तन आया है। लेकिन अभी भी कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिर प्रवेश, छुआछुत व्याप्त है। अभी भी जातियों के अनुसार ही बस्तियां बसाई गई है, जिसको पूर्णतया प्रतिबंधित करना अनिवार्य है।

सामाजिक समानता के बिना मनुष्य की स्वतंत्रता भी असंभव है। इस संबंध में लास्की ने अपनी पुस्तक –'लिबर्टी इन दि मार्डन स्टेट' में कहा कि 'नागरिकों के सामाजिक अधिकारों में जितनी अधिक समानता होगी, अपनी स्वतंत्रता का वे उतना ही अधिक उपयोग कर सकेंगे। अगर स्वतंत्रता को अपना लक्ष्य प्राप्त करना है तो यह आवश्यक है कि समानता हो।'

हिंदू धर्म का दर्शन सामाजिक उपयोगिता कर कसौटी पर खरा नहीं उतरा है, इसने भारत में जातिप्रथा के रूप में एक ऐसे विकृत सामाजिक सिद्धांत को जन्म दिया है जिससे छुआछूत की भावना, उंच–नीच, शुद्धता और पवित्रता की भावना आदि ही मनुष्यता की आधार बन गई है। इसलिए जातिव्यवस्था सिद्धांत नहीं बल्कि इस सिद्धांत को व्यवहार में ढाल कर एक वास्तविकता बन गई है। इसी कारण हिंदुओं के लिए वर्णव्यवस्था एवं जातिव्यवस्था एक आदर्श समाज व्यवस्था बन गई है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. तेजसिंह, दलित समाज और संस्कृति, आधार प्रकाशन पंचकुआ, हरियाणा, 2007, पृ.171
2. तेजसिंह, दलित समाज और संस्कृति, आधार प्रकाशन पंचकुआ, हरियाणा, 2007, पृ.172
3. डॉ. जे.बी. सिन्हा, बाबासाहब अम्बेडकर, सामाजिक न्याय एवं दलितोत्थान की योजनाएं, पृ.34, शांति प्रकाशन इलाहबाद, 2002
4. संपादक–अभय कुमार दुबे, आधुनिकता के आइने में दलित, पृ.187, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण–2002, द्वितीय संस्करण 2005,
5. गूगल ट्रांसलेटर, 19.4.2022
6. एम.एल.गुप्ता, डी.डी.शर्मा, समाजशास्त्र, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स आगरा, 2009,पृ.455

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

Panchayati Raj Instititon and Emerging Patterns of Women Leadership

Dr. Santosh Kumari*

***Associate Professor & Head (Sociology) J.K.P. P.G. College, Muzaffarnagar (U.P.) INDIA**

Introduction - The role of women in India observe from the ancient period to till today. Has been vital for the society. The status of women shows the status of society, if women are backward in any society, that society will be backward and women have batter status then society will be farward.

Present emphasize on the process of women empowerment throught Panchayti Raj Institution. So focus of this study is on Emerging patterns of women leadership in Panchayti Raj to empower is giving women to capacity building and the decision making process by the constitutional system. Keep in mind people participation and equal opportunity for all, 73rd Amendment Act implacemented by Govt and reservation policy accepted also.

Reserving seat of women in the Panchayti Raj system will provide them an opportunity to fertilize their caliber for decision making and other related social and economic field in a formal manner. This is necessary in order to ensure better position for women in all field of life.

Today one of the issue concern with level of women participation in decision making. This is because achievement of equality in all areas seen as inseparable from active participation .

Hence women participation in decision making including right to vote, right to contest, right to , women as campaigners , women as member , women 's involvement in the decision making process developmental activities including the participation of women at the gras root level throught Panchayati Raj Institution.

Objective Of The Study- In the present study find out the process of emerging patterns of women leaders in reserved and unreserved village Panchayat.

Numbers of studies has been completed on women leadership by social scientist, but no study find out on reserved and unreserved women perspectives.

For the fulfillment of research gap following question have been formulated.

1. 1st question is to study the socio –economic back ground of emerging women leaders in reserved and unresearved Gram Panchayat.
2. 2nd question is to study the roles of women leaders in reserved and unreserved Gram Panchayat.
3. 3rd is to study the relationship of women leaders and officials at different level of Panchayati raj System.

Area Of Study- For the solution of above mention question we selected four village of Shamli block of district Muzaffarnagar. Karodi and khanpur Taulwa Majra reserved for scheduled caste women. Sikka and Butrada also reserved for woman's selected respectively.

Method Of Data Collection- In the present study interview schedule and personal observation method have been used respondent.

Respondents - We have selected 130 respondent from above mention, village level , Block level and district level. These are four reserved and unreserved women Pardhans.22 women village Panchayats members, 8.B.D.C. women members , 8 block and district level officers, 52 effective personality of selected village and 36 male, village panchayat and B.D.C members has been selected respectively.

Conclusions - For the fulfillment of objective requirement find out that in the select four village panchayat maximum women find out 40-50 age group and they have low level of education , among them reserved women leaders have low level of education,among them reserved women leaders have low level education because women are down trodden from the ancient period and , education opportunities were less before 40 years in the rural areas . Most of women depends on family due to joint family system and main occupation find out related to agriculture : a few numbers of women are who have not land, but those have not land they also reserved to agriculture production or other occupation.

The women leaders in selected village panchayat reserved women have low income comparatively unreserved women leaders , but both type of leaders have family involvement in politics. Reserved women leaders inspired for leadership by the her husband and unreserved women inspired by her father in low, but now a days reserved women leaders are not satisfy from the rural

politics because they do not work properly due to pressure of dominant castes and personality while unreserved women will contest again in election because she can do what she want for people participation. In the rural politics no role find out the National Political Parties, but in the selected village , caste group, kinship as well as action set are find out significant for the election. For the reserved women leaders action set of different caste group was effective but for the unreserved women leaders . kinship and personal relation were more effective.

In the process of development as well as political empowerment the people participation in Panchayati Raj Institution, Women are going towards betterment, present study also reflects some syndroms of empowerment, although maximum women leaders communicate with public and takes decision through their husband of relatives, and some of them takes decision herself. It mean – women takes decision with the help of husband, women also have intrest involvement in the decision making process, but it can not neglect the pressure of dominant personality group of caste who influenced the decision making process of lower castes women leaders as well as unreserved women also. Thus women facing the problem gender inequality , exposer problem, caste inequality also despite. It women are effort on the perioty implementation of rural development programs like, drinking water facility, social welfare construction, loan facility awareness programmes for people participation.

Thus among them unreserved women leaders have more better opportunities for decision making, implementation of programmes and their role in people participation and use of right of the Panchayati Raj Institution comparatively reserved women leaders. But they are also going in the process of empowerment women leadership. Attempt has been made by researchers about the perception of villagers, effective personalities. Towards women participation in Panchayati Raj Institution . Maximum villagers find out who have not complete knowledge , about the role , right and basic feelings of people participation in the panchayats Raj Institution for the rural development. The villagers are co-operating to women leaders on different base – like honesty , and process of civilization , etc.but they are not completely satisfy with the role of women leadership in the PRI because they tells that women leaders have not more knowledge, not skilled , not trained and have not more confidence etc. Despites it they accepted that women leaders are working for betterment but it is less, than aspected because womenhave numbers of problem like, lack of knowledge, lack of awareness, being traditional society, etc, and again they says that problems can be reduce through, awareness, education and trainings. In the present study relationship among women , villager and officials find out satisfactory.

References :-

1. **Vijay Agnew**,1986 : Elite Women in Indian Politics, New Delhi , Vikas Publishing House Pvt. Ltd. page – 133
2. **S.S.Sharma,** 1979 : Rural Elite in India,New Delhi . sterling publishers Pvt Ltd
3. **Manikiyamba,** 1981: Participation of Women in Panchayati Raj: A project submitted to Cicerone Delhi
4. **Govind and Dhadavee,**1999 : "Socio Economic Profile of Women leaders of PRI : A study in Karnataka",in Gender and Society in India,vol-ll,Manak Publication Pvt Ltd.
5. **Kaushik,Sushila,**1993 : Women and Panchayati Raj, New Delhi, Har Anand Publication.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

विधिक शिक्षा मे भारतीय क्षेत्रीय भाषाओं के प्रयोग के गुण एवं दोष

डॉ. अनुराधा तिवारी*

* प्राचार्य, डॉ. कैलासनाथ काटजू विधि महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – भाषा वह साधन है जिसके द्वारा मनुष्य बोलकर, सुनकर, लिखकर व पढकर अपने मन मे भावों या विचारो का आदान प्रदान करता है। दूसरे शब्दों मे कहे तो भाषा भावों का लिखित या कथित रूप से दूसरों को समझा सके और दूसरों के भावों को समझ सके उसे भाषा कहते है।

भाषा – भाषा संप्रेषण का माध्यम है यह सर्वथा सत्य है कि क्षेत्रीय मातृभाषा मे अध्ययन किये जाने पर विषय की सरलता से जानकारी प्राप्त हो जाती है विषय को समझना और समझाना सुविधाजनक बन जाता है।

भाषा शब्द संस्कृत के भाष शब्द से प्राप्त हुआ है। जिसका अर्थ है बोलना या सुनना। वैसे तो सभी जीवधारी बोलते है परंतु जो मनुष्य बोलता है वह अन्य जीवों से अलग है। इसे भाव अभिव्यक्ति भी कहा जाता है। भाषा की सीमाए अत्यंत व्यापक है।

परिभाषाओं के निष्कर्ष के रूप मे भाषा वाक प्रतीकों की वह व्यवस्था है जिसके माध्यम से लोग अपने विचारों का आदान प्रदान करते है।

भाषा की प्रकृति निम्न प्रकार की है–

1. भाषा पैतृक संपत्ति है।
2. भाषा अर्जित संपत्ति है।
3. समाजिक विकास का साधन है।
4. पारंपरिक व्यवस्था है।
5. भाषा अनुकरणीय सिद्धांत की परिचायक है।
6. भाषा चिरपरिवर्तनशील है।
7. भाषा का कोई अंतिम स्वरूप नही है – दो भाषाओं का स्वरूप एक सा नही होता उसमे ध्वनि, रूप, वाक्यों, शब्दों या अर्थों का निश्चित रूप से अंतर होता है। प्रत्येक भाषा की ऐतिहासिक/भौगोलिक सीमा होती है। प्रत्येक भाषा की संरचना अलग होती है। आशा की धारा संभवत: कठिनता से सफलता की ओर जाती है। मनुष्य का जन्मजात स्वभाव है, कि कम से कम प्रयासों मे अधिक से अधिक लाभ अर्जित करे। प्रत्येक भाषा का स्पष्ट और अस्पष्ट एक मानक होता है।

जब हम **मातृभाषा मे शब्दों का अर्थान्वयन** करते है तो हमारे लिए वह प्राथमिक होती है, क्योंकि इसके लिए हमारे मस्तिष्क को अनुवाद की प्रक्रिया से नही गुजरना पडता है। इसके विपरित जब हम मातृभाषा के अतिरिक्त अपनी द्वितीयक या तृतीयक भाषा मे विचारों को ग्रहण करते है, तो पहले उसे अपनी मातृभाषा मे बदलते है, फिर उसको ग्रहण करते है, यही कारण है, कि मातृभाषा मे मस्तिष्क की ग्राहयता सर्वाधिक होती है।

क्षेत्रीय भाषा का विधिक शिक्षा मे उपयोग के गुण – विधिक शिक्षा मे यदि क्षेत्रीय भाषाओं मे शिक्षा प्रदाय किये जाने पर उसके निम्नानुसार गुण /अच्छाईयॉ होगें :

1. विधिक वाद कारणों का शीघ्र पता लगाया जा सकेगा।
2. सामान्य व्यक्ति के ज्ञान मे भी विधिक बिंदू आसानी से समझ मे आएगें।
3. सामान्य व्यक्ति भी विधिक मामले के न्याय निर्णयन को आसानी से समझ सकेगा।
4. बचाव पक्ष एवं अभियोजन पक्ष आसानी से पैरवी कर सकेगें।
5. मामलो का शीघ्र निस्तारण हो सकेगा एवं शीघ्र न्याय के सिद्धांत सारभूत साबित होंगे।
6. न्याय सरल एवं सुलभता से प्राप्त होगा।
7. न्याय अपराधिक न्याय प्रशासन एवं व्यवस्था कम खर्चिली होगी।

क्षेत्रीय भाषा का विधिक शिक्षा मे उपयोग के दोष :

1. विधिक शब्दावली बहुअर्थीय हो जाएगी – वर्तमान मे केवल दो भाषाओं मे शब्दों का बहु अर्थान्वयन हो रहा है यदि विशेषता का नियम लागू हुआ तो विशिष्ठ भाषाओं के अर्थ मान्य होंगे जिससे मूलभूत विधि की प्रकृति, विस्तार एवं उदेश्यों पर प्रभाव पड सकेगा।

2. कुछ विधिक शब्दों एवं वाक्यों का अनुवाद सटिक प्राप्त होना संभव नही हो सकेगा–जैसे जहॉ अधिकार वही उपचार इससे तात्पर्य सामान्यत: यह है कि अधिकार ही उपचार है। परंतु यदि क्षेत्ररय भाषा दोनों शब्दों को अलग अलग करके अर्थ लगाएगी तो अधिकार अलग और उपचार अलग करने पर अर्थ विपरित भी हो सकेगा।

3. भाषायी क्षेत्रीयतावाद हावी होने की संभावना है – वर्तमान मे हमारे भारतीय उच्च न्यायालयों उच्च शैक्षणिक संस्थानों, उच्चाधिकारियों द्वारा यह वकतव्य दिया जा रहा है कि जैसे कोई दस्तावेज यदि आपने हिन्दी मे प्रस्तुत किया तो उसका अंग्रेजी अनुवाद प्रस्तुत करने की मॉग दुभाग्यपूर्ण है जहॉ राष्ट्रीय भाषा का यह हाल है तो यदि क्षेत्रीय भाषा मे शिक्षा प्राप्त हो जाए तो भाषायी क्षेत्रीयतावाद हावी होने लगेगा।

4. विभेदकारी विचारधाराओं का निमार्ण होगा – भारत राज्य क्षेत्र मे भारत की भूमि के किसी भी भाग पर भारतीय नागरिक निवास एवं रोजगार प्राप्त करने का अधिकार रखता है। परंतु भाषायी क्षेत्रीयतावाद ऐसे अप्रवासी नागरिक पर प्रभाव कारित करेगा उसके साथ भेदभाव पूर्ण आचरण होने की पूर्ण संभावना है वर्तमान मे दक्षिण भारत एवं महाराष्ट्र भाषायी विभेंदों के संर्घष को नकारा नही जा सकता है।

5. राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, एवं भाईचारा खण्डित होने की संभावना

है – समस्त नागरिक वर्तमान मे एक सूत्र मे बंधकर कार्य कर रहे है भाषायी शिक्षा से देश की अखण्डता खण्डित होने की संभावना है गुटबाजी बढेगी भाईचारा प्रभावित होगा।

6. अंर्तराष्ट्रीय मानकों के अनुसार अंर्तराष्ट्रीय शोधों, संगोष्टियों, परिर्चचाओं एवं अभिसमयों मे नागरिकों के प्रतिनिधित्व पर नकारात्मक प्रभाव पडेगा – भारत राष्ट्र एक वैश्विक महाशक्ति है, ऐसा सर्पूण विश्व कह रहा है। भारतीय नागरिक देश ही नही अपितु संपूर्ण विश्वभर मे अपने श्रेष्ठ विचारों के आदान प्रदान, शैक्षणिक योग्यता, दक्षता एवं श्रेष्ठ वकालत कौशल एवं न्याय प्रशासन के लिए प्रसिद्ध है, यदि एक विद्यार्थी क्षेत्रीय एकल भाषा मे शिक्षा प्राप्त करेगा तो अपने कौशल से अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर अंर्तराष्ट्रीय संगोष्टियॉ, अंर्तराष्ट्रीय वकतूत्वकला, अंर्तराष्ट्रीय सम्मेलनों मे भारत का प्रतिनिधित्व करने मे असर्मथ साबित होगा और यदि करेगा तो भी भाषाई जानकारी के अभाव मे अपनी प्रतिनिधित्व करने मे असर्मथ महसूस करेगा, जैसा कि वर्तमान मे हम अंर्तराष्ट्रीय भाषा अंग्रेजी को लेकर महसूस करते है। मानव के सार्वभौमिक एवं सर्वांगीण विकास होने मे कठिनाईयॉ आएगी।

विभिन्न विधियों पर इसका भविष्यलक्षी प्रभाव– सर्वप्रथम हमे सभी विधियों का बहुभाषाई अनुवाद करवाना होगा। विधियॉ कई प्रकार की है, विधियों का बहुभाषाई अनुवाद करना एक लंबी अवधि का कार्य है जिस हेतु अपनी सकारात्मक कोशिशों से सफलता पाना कोई अंसभव बात नही है। भारतीय भाषाओं मे विधियों के होना आवश्यक है। अनुवाद की प्रतियॉ समस्त भारतीय न्यायालयों विधि महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों कार्यालयों मे भेजना भी अनिवार्य है सामान्यत: देखने मे आया है कि जो विधायिका द्वारा जो संशोधन किये जा रहे है, या कानूनों को निरस्त किया जा रहा है, उसकी सूची सहित संशोधित प्रतियॉ मंत्रालयों के द्वारा संबंधित संस्थाओं को नही भेजी जा रही है जैसे की पूर्व मे भेजी जाती थी।

1. विधियों की बहुअर्थीय प्रतियॉ क्षेत्रीय विधिवेताओ, सक्षम व्यक्तियों, प्राधिकारियों, न्यायाधीशों के कार्यशैली मे सुधार ला सकेगी।
2. विधिक शिक्षा को बहुभाषाई बनाने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। अपने अपने क्षेत्रों मे प्रयोग होनेवाली भाषाओं मे बहुर्थीय विधियों का अनुवाद उपलब्ध होगा जिससे विषय वस्तु के अर्थ को समझना केवल क्षेत्रीय ही नही अपितु संर्पूण भारतीय नागरिकों के लिए आसान हो जाएगा।

निष्कर्ष एवं सुझाव – अंत मे अपने विषय को निर्कषित करते हुए कुछ महत्वपूर्ण तथ्य जिसका समावेश **राष्ट्रीय शिक्षा नीति** 2020 के अंर्तगत यदि विधिक शिक्षा को भी सम्मिलित किये जाने का प्रयास किया जाए तो इसमे कुछ महत्वपूर्ण बिंदूओ का समावेश होना आवश्यक समझती हुॅ इसी आशय से आपके समक्ष प्रस्तुत कर रही हुॅ –

1. सार्वभौमिक प्रवेश परिक्षा प्रणाली की संपूर्ण भारतीय विधिक शिक्षा संस्थानों हेतु अनिवार्यता हो उदा. –जेइइई, सीए सी.पी.टी. कैट, मैट,नीट इत्यिादी प्रवेश हेतु अनिवार्य किया गया है। ठीक इसी तरह विधि मे भी क्लैट प्रवेश परिक्षा की व्यवस्था को सार्वभौमिक रूप से समस्त शैक्षणिक संस्थानों मे प्रवेश हेतु अनिवार्य किया जाए। **(Universal Entrance Exam make Compulsory for all CLE)**
2. समस्त विधिक शैक्षणिक संस्थानों हेतु विषयों का एक समान सार्वभौमिक पाठयक्रम हो। **(Universal curriculum)**
3. व्यवहारिक प्रशिक्षण कम से कम 1 वर्ष जो डिग्री का भाग हो **(Compulsory 1 Yr Internship shall include in degree programm)**
4. केवल योग्यता के बजाए दक्षता आधारित विधिक शिक्षा प्रणाली हो। **(Skill development program/ development of employability not only eligibility)**

विधि मे विशेषज्ञता से संबंधित पाठयक्रमों को विभाजित करना होगा, उदा. यदि हम चिकित्सकीय शिक्षा मे देखते है कि नाक, कान आंख हाथ पैर एवं अन्य भाग एवं शरीर के प्रत्येक अंग के विशेषज्ञ के रूप के विद्यार्थी अध्ययन कर रहे है। ठीक उसी तरह विधि मे भी सभी विषयों मे पारंगत विद्यार्थी अध्ययनरत है, तो उन्हे उनके विषयों से संबधित विधियों मे ही विशेषज्ञ शिक्षा प्रदाय किये जाने हेतु पाठयक्रमों निमार्ण एवं संरचना तैयार कर दक्ष विद्याथीयों को विशेषज्ञता प्राप्त हो सकती है, तथा भारत से देश विदेश मे विधि विषय विशेषज्ञों को विधिक राय हेतु या विशेष विभाग, विशेष कार्य, जॉच या विचारण हेतु आमंत्रित या चयनीत किया जा सकता है। जैसे – वाणिज्यक विधि विशेषज्ञ, अपराधिक विधि विशेषज्ञ, व्यवहारिक विधि विशेषज्ञ, चिकित्सकीय शास्त्र विधि विशेषज्ञ, न्याय शास्त्रीय विधि विशेषज्ञ, इत्यिादि **(Specialization in legal education)**

अंत मे इन दो पंक्तियों से अपने विचारों का समापन करती हुॅ। हम भारत के लोग अपने देश को विश्वव्यापी बनाना चाहते है। इसी संर्दभ मे दो पंक्तियॉ सर्मपित है।

'विधिक क्षेत्र मे एक विश्वव्यापी व्यक्तित्व के निमार्ण की, कल्पना हमारे मन मे है, देखना है जोर कितना देश के यौवन मे है।'

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी नाट्य साहित्य में युगबोध

डॉ. जयराम त्रिपाठी *

* सहा. प्रोफेसर, हेमवती नंदन बहु. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नैनी, प्रयागराज (उ.प्र.) भारत

प्रस्तावना – साहित्य-सर्जन की दीर्घकालीन परंपरा में नाट्य विधा का विशेष महत्त्व रहा है। नाटककार, स्वप्नद्दष्टा के साथ-साथ युगद्दष्टा एवं युग सृष्टा भी होता है। उसका व्यक्तित्व समीप से असीम, व्यष्टि से समष्टि की ओर उन्मुख होता है। भरतमुनि के 'नाट्यशास्त्र' से लेकर वर्तमान युग की नव्य संवेदना को अभिव्यक्त करने तक नाटक को सबसे सक्षम और सशक्त माध्यम माना जा सकता है। हिन्दी साहित्य में इस विधा का स्पष्ट रूप भारतेन्दु-युग में उभरा है। उस युग से लेकर आज तक नाटक युग बोध का संवाहक बनकर जीवंत है। स्वतंत्रता के पूर्व तक के हिन्दी-नाट्य-साहित्य में बौद्धिक चेतना की अपेक्षा भावुकता की प्रधानता रही है। हृदय पक्ष प्रमुख होने के कारण इस युग के नाटकों में युग बोध अधिक सशक्त एवं यथार्थ रूप में नहीं निखर पाया है।

स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी नाटकों में युग बोध अपने सशक्त एवं सफल रूप में अभिव्यक्ति पा सका है। संक्रांतिकालीन नयी चेतना के संघात से इस युग का नाट्य साहित्य बौद्धिक, भौतिकवादी एवं वैज्ञानिक विचारधारा से अनुप्राणित दृष्टिगोचर होता है। यह समय युग-बोध की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी है, जीवन-चेतना का प्रत्येक क्षेत्र बौद्धिक उथल-पुथल से आक्रांत दृष्टिगत होता है। इसीलिए नाट्य साहित्य की अनुभूति एवं अभिव्यक्ति, दोनों ही रूपों में एक नव्य चेतना के दर्शन होते हैं। अत: युग बोध के अध्ययन की दृष्टि से स्वातंत्र्योत्तरकाल अत्यन्त महत्वपूर्ण और उपयोगी है। सामूहिकता की कला होने के कारण नाटक का युग-जीवन से प्रत्यक्ष सम्बन्ध होता है, इसीलिए अन्य विधाओं की अपेक्षा नाटकों में युग बोध का परिशीलन विशेष उपादेय है।

स्वातंत्र्योत्तर युग हिन्दी नाटकों का समृद्ध काल है। विषय-विविधता, उद्देश्य एवं स्वरूप की विभिन्नता तथा शिल्प की न्यूवता आदि की दृष्टि से यह चरमोत्कर्ष युग माना जा सकता है। लगभग पिछले तीन-चार दशकों में हिन्दी नाटक में विषय की अन्तर्धारा, शिल्प एवं स्वरूप की दृष्टि से जिन प्रवृत्तियों का उदय और विकास हुआ है उनके तुलनात्मक एवं वैज्ञानिक अध्ययन-अनुसंधान की आज आवश्यकता है। आलोच्यकाल में साहित्य, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में पुनर्जागरण की जो नई लहर उठी, उसके फलस्वरूप हिन्दी नाटकों की विभिन्न प्रवृत्तियों, परंपराओं और स्वरूपों के अध्ययन की दिशा में सुधी विद्धानों की चिन्तन दृष्टि उन्मुख हुई है। हिन्दी-नाट्य साहित्य के उद्भव और विकास, शास्त्रीय प्रवृत्ति और परंपरागत अध्ययन को दृष्टि में रखकर बहुत से ग्रंथ प्रकाश में आये हैं। इन्हें विवेचन की सुविधा के लिए निम्नलिखित वर्गों में विभक्त किया जा सकता है-

(अ) ऐतिहासिक एवं पौराणिक नाटकों का समीक्षात्मक अध्ययन।
(आ) विशिष्ट नाटककारों का समीक्षात्मक अध्ययन।
(इ) नाटकों का प्रवृत्ति मूलक समीक्षात्मक अध्ययन।
(ई) युग विशेष संबंधी अध्ययन।
(उ) उद्भव विकास संबंधी अध्ययन।
(ऊ) तुलनात्मक एवं प्रभाव सम्बन्धी अध्ययन।
(ए) रंगमंच संबंधी अध्ययन।
(ओ) अन्य स्फुट अध्ययन।

इस वर्गीकरण से यह स्पष्ट है, कि स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी नाट्य साहित्य में युग बोध के सर्वांगीण, गहन एवं वैज्ञानिक अध्ययन का अभाव रहा है। यद्यपि प्रसादोत्तर हिन्दी-नाट्य साहित्य के विश्लेषण में वर्तमान चेतना के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण संकेत प्राप्त होते हैं, तथापि इस दिशा में स्वतंत्र, गहन अध्ययन और विस्तृत विश्लेषण की आवश्यकता की उपेक्षा नहीं की जा सकती।

हिन्दी नाट्य साहित्य में युग बोध के समग्र अनुशीलन से यह स्पष्ट होता है, कि स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी नाट्य-साहित्य का अभ्युदय और विकास एक नयी चेतना के परिवेश में हुआ है। पाश्चात्य चेतना ने जन जीवन के प्रत्येक पहलू को आलोड़ित किया है। वर्तमान नाट्य साहित्य भी इस प्रभाव से अछूता नहीं है। इस प्रभाव का इतना परिणाम अवश्य हुआ है, कि संवेदनशील भारतीय नाटककार युग बोध के बदले हुए परिवेश को सर्वथा नयी दृष्टि से देखने की ओर आकृष्ट हुए। फलत: नाट्य सृष्टा की सर्जनात्मक प्रतिभा ने जीवन चेतना के परिवर्तित मूल्यों का मूल्यांकन सूक्ष्म, गहन एवं व्यापक दृष्टि से किया है। नाटक को रंगमंच से जोड़ने और उसे सार्थक सर्जनात्मक स्तर पर प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया। शनै: शनै: नाटककारों ने नाटक को नित्य प्रति के सामान्य क्रिया कलापों से ऊपर उठाकर सार्थक अनुभूति और उसके भीतर किसी गहरे अर्थ के अन्वेषण के स्तर पर ले जाने का प्रयत्न किया है।

आलोच्यकालीन नाट्य साहित्य में युग बोध अत्यंत शक्तिशाली रूप में प्रस्तुत हुआ है। मानव जीवन के विभिन्न क्षेत्रों का जितना यथार्थ, सजीव और सफल चित्रण इस युग के नाटकों में दृष्टिगोचर होता है, उतना संभवत: पहले कभी नहीं हुआ। युग बोध के विभिन्न पहलुओं की दृष्टि से किया गया, हिन्दी नाट्य साहित्य का विश्लेषण इस तथ्य का प्रमाण है, कि आज का नाटककार अपने युग की परिवर्तित परिस्थितियों के प्रति विशेष रूप से सजग एवं सचेष्ट है। आधुनिक युग की परिवर्तनशील परिस्थितियों, आर्थिक

विषमताओं, सामाजिक विभेदों, पारिवारिक जटिलताओं, व्यक्तिनिष्ठ मानसिक कुंठाओं, काम की अदम्य प्रवृत्तियों और त्रास की दु:खदायक स्थितियों का चित्रण इनमें किया गया है। इसका परिणाम यह है, कि नाटकों में वर्तमान जीवन की अस्थिरता, अवसाद, कुंठा, संत्रास, ऊब, व्यर्थता आदि का ही स्वर अधिक उभरा है तथा यथार्थ चित्रण में परिवर्तन और आदर्शवादिता के मूर्ति भंजन की प्रवृत्ति उभर कर आई है। वास्तविकता यह है कि, कि वर्तमान नाटककार अत्यंत ईमानदारी के साथ परंपरा और आधुनिकता का समन्वय करते हुए समसामयिक जीवन को रूपायित कर रहा है। युग बोध का यथार्थपरक चित्रण उनके जाग्रत युग बोध का प्रमाण है। यह आरोप उचित नहीं है, कि वर्तमान नाटकों में निराशा का स्वर प्रमुख होने के कारण जीवन का अंधकार और अधिक घटना हो जाने की संभावना बढ़ती है। विघटन या अनास्था की यह सच्ची चेतना नाटककार की कलात्मक सर्जना की प्रेरक स्त्रोत है, जिसमें रचनात्मक आशावादी स्वर निहित है। वर्तमान जीवन की ज्वलंत समस्याओं एवं वैविध्यपूर्ण चित्रों से रस ग्रहण करके नाटककारों ने समाधानों की चर्चा की है।

इतना अवश्य कहा जा सकता है, कि इस युग की अधिकांश रचनायें उद्देश्यपरकता, सतही सामाजिकता एवं प्रचारात्मकता के इर्द-गिर्द ही चक्कर काटती हुई दिखलाई पड़ती हैं। आज हम जिस युग में जी रहे हैं, जीवन को जिस सुख-दु:ख, मिठास और तिक्तता के साथ प्रकृत रूप में भोग रहे हैं, उसकी कलात्मक अभिव्यक्ति का प्रयास अभी भी बहुत विरल है। हास्य, व्यंग्य और विनोद के सृजन से हिन्दी नाटकों में जिस उत्फुल्लता का विकास हो सकता है, वैसी स्थितियों के सृजन का अभी भी अभाव है। सुखांत नाटकों की सार्थकता और मानवीय संवेदना की गहरी विवृति दोनों एक साथ ताने-बाने के समान परस्पर जुड़ी हुई हैं। आज नाटकों में उस महत्तर प्राणशक्ति का आविर्भाव होना शेष है, जो युग बोध को स्पंदित और परिचालित कर सके।

यह भी विचारणीय है, कि समकालीन हिन्दी नाटक, राजा राममोहन राय, लोकमान्य तिलक, स्वामी दयानंद, गाँधी, अरविंद, भगत सिंह, सुभाषचन्द्र बोस जैसे प्रबल ईहा वाले व्यक्तियों की आग से अपनी रचनाओं में प्राण रस क्यों न भर सका? इन महापुरुषों के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं से प्रेरणा लेकर किसी भी नाट्यकार ने कोई समर्थ एवं सशक्त नाट्य रचना प्रस्तुत नहीं की है। प्रसाद ने जिस प्रबल आस्था के साथ युग के सामाजिक बोध को अपने ऐतिहासिक नाटकों के भग्नावशेष पर खड़े होकर वर्तमान को पुकारा और ललकारा था, आज का हिन्दी नाटककार वर्तमान की सौध पर खड़ा होकर भी वर्तमान के सामाजिक जीवन को चुनौती नहीं दे पा रहा है। यह आस्थाहीनता, अविश्वास और निजत्व में खोता जा रहा है। नाटक को पढ़ने मात्र से जन सामान्य की रूचि कभी भी विकसित नहीं हो सकती, जब तक कि नाटक का मंचन उसे प्रभावित न करे। नाटककारों ने इस ओर अधिक ध्यान नहीं दिया। परिणाम यह हुआ कि रचना की दृष्टि से स्वतंत्रता के पश्चात् प्रकाशित होने वाले नाटकों की संख्या बहुत होते हुए भी कुछ नाटक ही ऐसे हैं, जिन्हें नाट्य कला की दृष्टि से श्रेष्ठ और सार्थक रचना कहा जा सकता है।सशक्त रंगमंच के अभाव के अतिरिक्त गहरी और सूक्ष्म मानवीय अनुभूति तथा उस अनुभूति की उतनी ही सफल अभिव्यक्ति के माध्यम का अभाव भी हिन्दी नाटकों के लिए विडम्बनापूर्ण रहा है। यही कारण है, कि नाट्य रचना के निर्जीव सिद्धांत और मान्यतायें हिन्दी नाटक के विकास पथ को अवरूद्ध किये रहीं। हिन्दी नाट्यालोचन के क्षेत्र में भी संस्कृत एवं पाश्चात्य नाट्य सिद्धांतों की ही पुनरावृत्ति हुई। मौलिक चिंतन के अभाव में हिन्दी नाटक को किसी सजीव परम्परा से सम्बद्ध होने का अवसर ही नहीं मिला।

समकालीन युग बोध के विभिन्न पहलुओं की दृष्टि से आलोच्य युग के नाटकों का विशेष महत्व है। विगत कई वर्षों से हिन्दी नाट्य साहित्य के क्षेत्र में त्वरित प्रगति के लक्षण स्पष्ट होने लगे हैं। नाट्य साहित्य तथा उसके रंगमंच को विकसित करने का महत्वपूर्ण कार्य राष्ट्रीय संस्थाओं, नाटककारों, नाटक प्रेमियों और प्रबुद्ध रंगकर्मियों के द्वारा सम्पन्न हुआ है। देश के विभिन्न प्रमुख नगरों में स्थापित नाटक अकादमी जैसी संस्थाओं के द्वारा उच्च स्तरीय नाटकों का सफलतापूर्वक प्रदर्शन, नाटकों को लोकप्रिय एवं संप्रेषणीय बनाने में सहायक सिद्ध हुआ है। समय-समय पर विभिन्न संस्थाओं की ओर से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले सेमिनार, साहित्यकारों की गोष्ठियाँ, स्तरीय पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होने वाले चिन्तनपूर्ण लेख आदि, स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी नाट्य साहित्य को जैविक और प्राणवान रूप देने में सक्षम सिद्ध हुए हैं।

नाट्य क्षेत्र में जन मानस से लेकर बौद्धिक वर्ग तक की इस सजगता का परिणाम यह है, कि अनेक समर्थ नाटककारों की नाट्य कृतियाँ, निरर्थकता, कलात्मक हीनता, सतही सामाजिकता, उद्देश्यपरकता के सीमित दायरे से निकल कर गहरी मूलभूत मानवीय अनुभूतियों एवं स्थितियों का अन्वेषण करने की दिशा में उल्लेखनीय हैं। अधिकांश सफल और सार्थक नाटक वर्ण्य विषय, प्रसंगों, पात्रों एवं परिस्थितियों की दृष्टि से किसी न किसी दूरवर्ती युग से संबंधित है। प्रत्यक्षत: अपने युग से सम्बद्ध न होने के कारण जन सामान्य के लिए वे अधिक संप्रेषणीय नहीं हो पाते। आवश्यकता इस बात की है, कि सम्प्रति हिन्दी नाट्य रचना में जीवन चेतना की सशक्त अभिव्यक्ति को गहराई से प्रस्तुत करने के लिए समसामयिक जीवन चेतना को गहरी मानवीय अनुभूति के साथ प्रस्तुत किया जाए।

स्वतंत्रता के पूर्व पारसी रंगमंच का प्रभाव होने के कारण नाटकों की भाषा का रूप अत्यंत शिथिल दृष्टिगोचर होता है, किन्तु सतत् प्रयास एवं नव्य चेतना के प्रभाव स्वरूप मानव जीवन की सूक्ष्म और जटिल अनुभूतियों को सटीक अभिव्यक्ति देने वाली नाटकीय भाषा का विकास हुआ। अनेक प्रतीकों, अलंकारों, बिम्बों, व्यापक रंग संकेतों आदि के नये-नये प्रयोग, हिन्दी नाट्य साहित्य को साहित्यिकता प्रदान करने के साथ-साथ, उसके स्तर में नये आयाम प्रस्तुत कर रहे हैं। मिथकों के पुनर्परीक्षण और आधुनिक संदर्भ में उनके प्रस्तुतीकरण की प्रवृति भी कतिपय प्रमुख हिन्दी नाटकों में परिलक्षित होती है। विविध नाट्य शैलियों के नवीन प्रयोग वर्तमान हिन्दी नाट्य साहित्य की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हैं। इधर अन्यान्य देशी एवं विदेशी भाषाओं के सफल नाटकों का अनुवाद तथा उनको रंगमंच पर अभिनीत करने के प्रति विशेष रूचि दिखलाई पड़ती है, किन्तु हिन्दी में मौलिक और उच्च स्तरीय नाटकों का सृजन तथा रंगमंच पर उनका प्रस्तुतीकरण अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि आज भी हिन्दी नाट्य साहित्य में उच्चस्तरीय मौलिक नाटक गिने चुने ही हैं, अधिकतर सतही सामाजिकता तथा उद्देश्यपरकता के आस-पास चक्कर काटते हुए नाटकों की रचना होती है। गत कुछ वर्षों में हिन्दी नाटक के क्षेत्र में जो उल्लेखनीय उपलब्धियाँ दृष्टिगोचर होती हैं, वे पर्याप्त नहीं हैं। इतना अवश्यक है, कि उनसे हिन्दी नाटक में नव जागरण की संभावनाओं का संकेत प्राप्त होता है। रंगमंच का नवोन्मेष तथा नव्य नाट्य चेतना का उदय, इस विधा को एक नई दिशा प्रदान करता है।

समग्रत: स्वतंत्रता के पश्चात् की युग चेतना हिन्दी नाट्य साहित्य में नवोन्मेष की उद्भाविका है। आरंभिक वर्षों में साहित्य की अन्य विधाओं

की तुलना में नाट्य साहित्य की प्रगति बहुत धीमी थी, किन्तु इधर कुछ वर्षों से नाट्य क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। आज का नाटककार अपने युग की मात्र उथली समस्याओं का ही चित्रण नहीं करता, बल्कि युग बोध के विभिन्न पहलुओं में किन्हीं गहरे और सूक्ष्म आयामों की तलाश में व्यस्त है। नाटककारों का यह प्रयत्न इस तथ्य का सूचक है, कि आने वाले वर्षों में सृजित होने वाले हिन्दी नाटकों में युग चेतना की अत्यंत सशक्त, सफल और जीवंत अभिव्यक्ति होगी। समाज के साथ-साथ व्यक्ति चेतना की गहनताओं पर नया और तीव्र प्रकाश डाला जायेगा। विस्फोट का स्वर कम हो जायेगा और रचनात्मक स्वर की प्रमुखता होगी। पाश्चात्य प्रभाव को कम करके नाटककार भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल भारतीय परंपरा से ही रस ग्रहण करेंगे, जिससे ऐसी नाट्य परंपरा का विकास होगा, जो नितांत भारतीय होगी और इस आरोप से मुक्त होगी कि हिन्दी की प्रत्येक मौलिक प्रतीत होने वाली नाट्य रचना किसी न किसी रूप में पाश्चात्य साहित्य से प्रभावित है। नि:संदेह युग बोध की दृष्टि से हिन्दी नाट्य साहित्य, नवीन परिस्थितियों से उत्पन्न जटिल और संश्लिष्ट संवेदनाओं को कलात्मक और प्रभावपूर्ण अभिव्यक्ति के अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में प्रतिष्ठित होगा, क्योंकि आधुनिक हिन्दी नाटक अंधकार के बीच भी मनुष्य के जीने की प्रबल संकल्प ज्योति की खोज में है और मानवीय संवेदना की गहरी पर्तों को उभारने में नाट्यकला को एक सार्थक संज्ञा प्रदान करने की विराट् चेष्टा में रत है।

गद्य साहित्य में नाटक दृश्य विधा होने के कारण मुझे हमेशा प्रभावित करता रहा है। युग की अजस्त्र धारा जीवन और जगत को निरंतर बदलती हुई प्रभावित होती है। प्रत्येक नाटककार मानव परिस्थितियों के बीच मूल्यों का सृजन करता है। इसी मूल संस्कृति की ओर उन्मुख दृष्टि को केन्द्र में रखकर नाटकों के सभी पक्षों पर नयी दृष्टि से विचार किया जायेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. आधुनिक साहित्य : नंददुलारे वाजपेयी, भारती भण्डार, इलाहाबाद, 1950ई0
2. आधुनिक हिन्दी नाटक : डॉ0 नगेन्द्र, साहित्य रत्न भंडार आगरा 1942 ई0
3. आधुनिक हिन्दी नाटक : गिरीश रस्तोगी, भारतीय ग्रन्थ निकेतन 133, लाजपतराय मार्केट दिल्ली-6
4. आधुनिक हिन्दी नाटकों का मनोवैज्ञानिक अध्ययन : डॉ0 गणेशदत्ता गौड़, सरस्वती पुस्तक सदन, आगरा, 1965ई0

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

Festivals in India : In the Perspective of Biodiversity Conservation

Dr. Jolly Garg* **Anant Kumar Garg**** **Dr. Shobha Gupta *****

* Associate Professor and Head (Botany) D. A. K. P. G. College, Moradabad (U.P.) INDIA
** Environmentalist, Samajik Vaikariki Sansthaan, Moradabad (U.P.) INDIA
*** Associate Professor and Head (Chemistry) D. A. K. P. G. College, Moradabad (U.P.) INDIA

Abstract - Multinational data suggest that the causes of biodiversity decline are largely socio-economic, and solutions will require interdisciplinary approaches involving the rile of each and every human beings. The crisis related to Environment and biodiversity are related in reality with the crisis of environmental values and ethics. It is very clear that we lack more in ethics then in knowledge. This paper also describes how Environmental Ethics can contribute to minimize the threats to biodiversity conservation.

The vast geographical expanse of the country has resulted in enormous ecological diversity, which is comparable to continental level diversity scales across the world. The protection and conservation of plants and animals along with their environment is necessary and a matter of moral principle. It has become the need of the hour to expand and evolve approaches to twenty- first century to 'biodiversity conservation'. There is a need of holistic understanding of the relationship between the environment including biodiversity and the development processes taking place in the world.

Key words- faith, tradition, Ethics Festivals, biodiversity conservation. Holistic development.

Introduction- India's commitment to nature and its conservation is eternal as it is rooted in antiquity. In fact, India's commitment to nature and its conservation can be a reflection of India's ancient culture and thus can rise above and beyond international conventions or any political resolve. In fact, the veneration of nature is an age-old practice in India. Such age-old practices of veneration of nature in India are based on the understanding that nature is the source of our lives and our well-being. Thus in India, nature is not only to be conserved but is in fact to be worshipped. However, biodiversity conservation is another dimension to this age-old practice of worshipping nature. In the ecosystem a-biotic and biotic components, (plants, animals and other constituents) are considered to be interlinked, interdependent and interrelated showing co-existence. Protection and preservation of the natural resources viz. air, soil, water, Biodiversity (including plants and animals) and other important constituents of ecosystem has become essential for the existence of mankind.

Thus, it can be stated that many indigenous Indian festivals are directly concerned with the conservation of nature. Reverence and regards for nature and its resources the water, soil, plants and animals, mountain, forest, rivers and oceans is the unifying ethical principle in almost all human beings. The term ethics is derived from Greek word ethos which means character. It refers to one's ability to distinguish the right from the wrong, the values, beliefs and actions, which shape the character of a person and the society .The discipline concerned is also referred to as moral philosophy. The notion of 'right' and 'wrong' has varied from time to time, so have the 'believes'' and 'values' of people. However, there are certain ethical principles, which have been universally acceptance and have remained unchanged throughout the entire course of human history. Some of the widely accepted environmental ethical principles are honesty, integrity, righteousness, being caring and compassionate with nature, having respect for trees and a fair and open mind, which is willing to admit mistakes etc. Biodiversity is the vast array of all the species of plants, animals, insects and the micro-organism inhibiting the earth either in the aquatic, aerial and the terrestrial habitats. The human civilization depends directly or indirectly upon this biodiversity for their very basic needs of survival food, fodder, fuel, fiber, fertilizer, timber, liquor, rubber, leather, medicines and several other row materials. This biodiversity is the condition for the long term sustainability of the environment, continuity of life on earth and the maintenance of its integrity. 'Biological diversity' means the variability among living organisms from all sources including, inter alia, terrestrial, marine and other aquatic ecosystems and the ecological complexes of which they are a part; this includes diversity within species, between species and of

ecosystems. (Convention on Biological Diversity 1992). Biodiversity is a compound word derived from 'biological diversity' and therefore is considered to have the same meaning. The variety of life at every hierarchical level and spatial scale of biological organizations: genes within populations, populations within species, species within communities, communities within landscapes, landscapes within biomes, and biomes within the biosphere. (Wilson, 1988). This paper also describes how Environmental Ethics can contribute to biodiversity conservation and halt in the decline of biodiversity i. e., biodiversity research and management.

Review of Literature: India is the eleventh mega-biodiversity center in the world and the third in Asia with its share of ~11% of the total plant resources. The floral wealth of India comprises more than 47,000 species including 43% vascular plants. Nearly 147 genera are endemic to India. The vast geographical expanse of the country has resulted in enormous ecological diversity, which is comparable to continental level diversity scales across the world. It has representation of twelve biogeography provinces, five biomes and three bioregions. India, one of the twelve "Vavilovian Centers of Origin" and diversification of cultivated plants, is known as the 'Hindustan Centre of Origin of Crop Plants'.

Humanity faces exceptional challenge of eroding natural resources and declining ecosystems services due to a multitude of threats created by unprecedented growth and over-consumerism. Also imperiled is the biodiversity and sustainability of the essential ecological processes and life support systems (Chapin *et al.*, 2000) in human dominated ecosystems across scales (Vitousek *et al.*, 1997). Indeed, human-domination of earth is evident in global change (Ayensu *et al.*, 1999; Lawton *et al.*, 2001; Phillips *et al.*, 1998; Forest *et al.*, 2002), biodiversity extinctions (Bawa and Dayanandan 1997; Sala *et al.*, 2000; Singh, 2002) and disruption of ecosystem functions (Loreau *et al.*, 2001). Ecological problems coupled with unequal access to resources results in human ill-being and threats to the livelihood security of the world's poorest (Balvanera *et al.*, 2001).

5. एक समय में एक से ज्यादा उपयोगकर्ता इलेक्ट्रानिक सुचना सामग्री का उपयोग कर सकते है।

6. डिजिटल पुस्तकालय से अन्य विभाग अन्य पुस्तकालय आदि कम्प्यूटर सर्वर से जुडे रहते है जिससे सूचना उसी विभाग में प्राप्त हो जाती है।

7. इलेक्ट्रानिक माध्यम से इन्टर पुस्तकालय को जोडकर अत्याधिक मात्रा में सामग्री प्राप्त की जा सकती है।

डिजिटल पुस्तकालय में आवश्यक अवयव – किसी भी डिजिटल पुस्तकालय में निम्नसलिखित अवयवो का होना अत्यन्त आवश्यक है।

1. कम्प्यूटर, प्रिन्टर, स्केनर, बारकोड रीडर, सी डी रोम, मेमोरी डिवाईस आदि।
2. स्थानीय क्षेत्र नेटवर्क, मशीन पठनीय आरूप में स्थानीय डाटाबेस, ई–मेल सेवा प्रदान करने की व्यवथा आदि।
3. कम्प्यूटर का उपयोग करने हेतु प्रशिक्षत कर्मचारी।
4. इलेक्ट्रॉनिक पुस्तकों , ई पत्रिकाओ का संकलन, शोध सामग्री आदि।

डिजिटल पुस्तकालय विकसित करने की पद्धति – डिजिटल पुस्तकालय विकसित करने हेतु दो प्रमुख पद्धति है :

1. बुक मैटाफर पद्धति – जब डिजिटल पुस्तकालयो में मल्टीमीडिया के अनेक माध्यमों द्वारा सूचना प्राप्त कि जाती है तब सूचना की छटाई, टिप्पणी, सम्पादन, संग्रहण एवं व्याख्यो आदि करने हेतु उपयोक्त इन्टरफेस का प्रयोग किया जाता है सूचना से संबंधित सभी कार्य बुक मैटाफर इन्टरफेस का प्रयोग करके अधिक सरलता से किया जा सकता है।

2. पोन्टर–स्टोसर्रिंग पद्धति– यह पद्धति ट्रन्सकक्लुशन की अवधारणा पर आधारित है। इसके अन्तर्गत सूचना संग्रहण के समय सूचना को खोजने एवं संग्रह करने में प्रयुक्त होने वाले पोइन्टर का कार्य यह पद्धति करती है तथा उपयोगकर्ता के चाहने पर वान्छित सूचना को कम्प्यूटर पर प्रदर्शित करती है। इस पद्धति को सूचना की मौलिकता, कॉपीराईट प्रबन्धन तथा सूचना की वैधता एवं प्रमाणिकरण हेतु ट्रन्सक्लुशन को आधार बनाकर प्रयोग किया जाता है।

आधुनिक युग में डिजिटल पुस्तकालय की आवश्कता – आधुनिक युग या डिजिटल युग में डिजिटल पुस्तकालय की अत्यन्त आवश्यकता है। परम्परागत पुस्तकालय समाज के लिये ज्ञान के भण्डार है इन्हेट भविष्य के लिये सुरक्षित किया जाना अतिआवश्यक है यहां पुस्तकें पत्रिकायें अन्य सामग्री व संसाधन प्राय: मुद्रित रूप में रखे जाते हैं। डिजिटल प्रौद्योगिकी और इंटरनेट कनेक्टिवीटी की वर्तमान युग की आवश्यकता है जिसके साथ पुस्तकालय परिदृश्य भी तेजी से बदल रहा है। डिजिटल प्रौद्योगिकी, इंटरनेट कनेक्टिवीटी सूचना सामग्री प्राप्त करने हेतु डिजिटल पुस्तकालय तैयार किया जाना अतिआवश्यक हैं। पुस्तकालय में उपलब्धि भौतिक रूप में उपलब्ध डेटा को डिजिटल पुस्तकालय में डिजिटल रूप में संरक्षित किया जा सकता है।

आदिकाल से स्थानपित पत्र–पत्रिकायें, पुस्ततके, ज्ञान सामग्री का उपयोग किया जा रहा है तथा इन्हे भविष्य के लिये सुरक्षित रखा गया है किन्तु अत्यधिक पुराने ग्रन्थ, ज्ञान सामग्री क्षति ग्रस्त स्थिति में है जिनका उपयोग किया जाना संभव नही है अर्थात वर्तमान में ऐसे ग्रन्थो को प्राप्त करना उनका उपयोग करना बहुत कठिन है। ऐसे में हमें यहां डिजिटल पुस्तकालय की आवश्यकता होती है जहां हम इन जण क्षीण ग्रन्थों को इलेक्ट्रानिक प्रारूप में कर भविष्य में शोध के लिये सुरक्षित रख पुन: प्राप्त किया जा सके।

साहित्य अवलोकन

एल. शांति, एवं एन.राधाकष्णन, 2.14 अन्ना प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कोयंबटुर और इसके संबध कालेजो में अनुसंधान विदवानो के बीच इलेक्ट्रानिक संसाधनो का उपयोग शोध में वर्तमान में उपयोगकर्ता के इलेक्ट्रानिक संसाधन का अध्ययन किया गया शोध में बताया गया की वर्तमान में उपयोगकर्ता के इलेक्ट्रानिक संसाधन का उपयोग अधिक किया जा रहा है।

आर जी गर्ग व ए के ताम्रकार 2.14 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खडगपूर के स्नातकोत्तकर विद्यार्थियों और शोधार्थियों संकाय सदस्यों द्वारा इलेक्ट्रानिक संसाधनों का उपयोग, जर्नल ऑफ साइटोमेंटिक रिसर्च मे डिजिटल पुस्तकालय वर्तमान परिवेश कि आवश्यकता है। उपयोगकर्ताओं की सूचना आवश्यकताओ को पूर्ण करने हेतु त्वरित अध्ययन सामग्री की आवश्यकता होती है जिसे इलेक्ट्रानिक संसाधनो से पूर्ण कि जा सकता है।

राणे एम वाई 2.15 डिजिटल पुस्तकालय एक व्यावहारिक दृष्टिकोण, इन्टरनेशनल जर्नल आफ मल्टीडिसिप्लिनरी एप्रोच एंड स्टडीज शोध में डिजिटल पुस्तकालय उपयोगकर्ताओं के समय को भी बचाते है कम से कम समय में हम अपने उपयोग की इलेक्ट्रानिक सामग्री कही भी प्राप्त कर सकते है इसका श्रेय वर्तमान युग में डिजिटल मल्टीमीडिया को जाता है क्योकि नये नये अविष्कार के कारण विश्व एक ऐसे प्लेटफार्म में आ गया है जिसमें हमें कम से कम समय में उपयोकर्ता सामग्री किसी भी स्थान में एक क्लिक में प्राप्त हो जाती है।

मध्यप्रदेश मे शासकीय महाविद्यालय पुस्तकालय में डिजिटल ग्रन्थालय – मध्यप्रदेश के जिला बालाघाट में स्थित शासकीय महाविद्यालय पुस्तकालय का अध्ययन किया गया पुस्तकालय में कम्प्यूटर पर कार्य किया जा रहा है पुस्तको की सूची कम्प्यूटर पर बनाई जा रही है पुस्तकालय उपयोगकर्ताओं की सूची कम्प्यूटर में दर्ज है जल्द ही मध्यप्रदेश के समस्त् 528 शासकीय महाविद्यालय और 16 शासकीय विश्वविद्यालय भारत सरकार के एनआईसी सेंटर के ईग्रन्थालय सॉफटवेयर से सीधे जुडेगे। उच्च शिक्षा मे अध्ययनरत प्रदेश के लगभग 16 लाख विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

ई ग्रन्थालय स्वचालन और नेटवर्किंग के लिये एनआईसी भारत सरकार के इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र द्वारा विकसित सॉफटवेयर है। यह सॉफटवेयर इंटरनेट पर ग्रन्थालय में उपलब्ध पुस्तको की सूची को प्रकाशित व डिजिटल पुस्तक प्राप्त करने के लिये वेब ओपीएएसी इंटरफेस प्रदान करता हैं।

ई–ग्रन्थालय सॉफटवेयर –इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा विकसित एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है। प्लेटफॉर्म एकीकृत पुस्तकालय प्रबंधन सॉफ्टवेयर, डिजिटल पुस्तकालय मॉड्यूल, क्लाउड होस्टिंग वातावरण और NICSI पैनलबद्ध रोल–आउट सेवाओं और समर्थन, एक पुस्तकालय पोर्टल (ओपीएसी) के साथ पुस्तकालय कम्प्यूटरीकरण के लिए एक पूर्ण आईसीटी समाधान प्रदान करता है। ई–ग्रंथालय पारंपरिक पुस्तकालयों को डिजिटल लाइब्रेरी सेवाओं के साथ ई–लाइब्रेरी में बदलने और सिंगल विंडो एक्सेस सिस्टम का उपयोग करके विभिन्न ऑनलाइन सदस्य सेवाएं प्रदान करने के लिए उपयोगी है। ई–ग्रंथालय का नवीनतम संस्करण, 'क्लाउड रेडी एप्लिकेशन' है और पुस्तकालयों के क्लस्टर के लिए एक केंद्रीकृत डेटाबेस के साथ एंटरप्राइज मोड में एक वेबआधारित समाधान प्रदान करता है।

मध्यप्रदेश बालाघाट के शासकीय महाविद्ययालय पुस्तकालय के

अलग-अलग उपयोगकर्ताओं को 100 प्रश्नावली दी गई जिसमें से 92 प्रश्नावली भरकर प्राप्त हुई जिस आधार पर विश्लेषण कार्य किया गया जो इस प्रकार है। बालाघाट मध्यप्रदेश के शासकीय महाविद्यालय पुस्तकालय के पुरूष व महिला उपयोगकर्ताओं की संख्या में पाया गया कि जहा पुरूष 29 है वही महिला उपयोगकर्ता संख्या 63 है अर्थात महिला साक्षरता दर अधिक है। महाविद्यालय के पुस्तकालय उपयोगकर्ता की पुस्ताकालय में आने एवं पाठय सामग्री के उपयोग व ईसंसाधन का अध्ययन किया गया है।

सारणी 1

क्र.	आवृति	ग्रन्थालय उपयोगकर्ताओ की सख्या	प्रतिशत
1.	प्रतिदिन	22	23.9130435
2.	साप्ताहिक	28	30.4347826
3.	पाक्षिक	24	26.0869565
4.	माह में एक बार	11	11.9565217
5.	कभी-कभी	07	7.60869565
6.	कभी नही	00	0
	कुल	92	0



आवृति 1 – महाविद्यालय पुस्तककालय में आने वाले उपयोगकर्ताओं की आवृति

2 महाविद्यालय में ई संसाधन की उपलब्धता

क्र.	महाविद्यालय में ई संसाधन की उपलब्धता	हां	नही
1	महाविद्यालय में ई संसाधन की उपलब्धकता	63	29
2	पुस्तकालय उपयोगकर्ताओ के लिये कम्प्यूटर	9	83
3	इन्टरनेट वाई-फाई की उपलब्धता	6	86



सारणी 2

1	समाचार पत्र पत्रिकाओं का अध्ययन करने	17	92	18.4782609
2	प्रतियोगिता परीक्षासाम्रगी के अध्ययन के लिये	15	92	16.3043478
3	विषय की पुस्तके प्राप्त करने	42	92	45.6521739
4	कम्प्यूटर इन्टरनेट का उपयोग करने	10	92	10.8695652
5	इलेक्ट्रानिक सूचना प्राप्त करने	8	92	8.69565217



निष्कर्ष – डिजिटल पुस्तकालय वर्तमान युग की अति आवश्यकता है डिजिटल पुस्तकालय एक आनलाईन सग्रहण स्थिल है जहा विभिन्न प्रकार की डिजिटल सामग्री प्राप्त हो जाती है। यहां विद्यार्थियो एवं शोधार्थियों को उच्च गुणवता की सूचना सामग्री एक प्लोटॅफार्म से प्राप्ता हो जाती है इसमे समय की बचत हो जाती है साथ ही साथ धन की भी बचत हो जाती है इसमें स्थाान कि बाध्य ता नही रहती यह विश्व में ज्ञान साझा करने का एक महत्वनपूर्ण माध्य म है तथा अध्य यन के क्षेत्र में भी महत्पूनर्ण भूमिका निभाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. त्रिपाठी, एस एम. : प्रलेखन एवं सूचना सेवाएं तथा नेटर्वक, वाई के पब्लिशर्स, आगरा 2004.
2. सूद, एस.पी.: प्रलेखन एवं सूचना विज्ञान, राज पब्लिशिंग हाउस, जयपुर 1994.
3. हरिमोहन: सूचना प्रौद्योगिकी और जन माध्यम, तक्षशिला प्रकाशन दिल्ली. 2002.
4. शर्मा, प्रहलाद: कम्प्यूटर और पुस्तकालय, अंकित पब्लिकेशन्स जयपुर 2004.
5. राणे एम वाई 2015 डिजिटल पुस्तकालय :एक व्यावहारिक दृष्टिकोण, इन्टरनेशनल जर्नल आफ मल्टीडिसिप्लिनरी एप्रोच एंड स्टडीज
6. Prashes, R.G. Information and its communication, Medallion Press, 1991.
7. Kumar,P.S.G. Fundamentals of Information science, S.Chand New Delhi 1998.
8. एल. शांति, एवं एन.राधाकष्णन, 2014 अन्ना प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कोयंबटूर और इसके संबध कालेजो में अनुसंधान

विद्धानो के बीच इलेक्ट्रानिक संसाधनो का उपयोग, ओ एस आर जनर्ल।

9. Prasad,H.N. Information Needs and users, Indian Bibliographic centre, Varanasi 1991.
10. आर जी गर्ग व ए के ताम्रकार 2.14 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खडगपूर के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों और शोधार्थियों संकाय सदस्यों द्धारा इलेक्ट्रानिक संसाधनों का उपयोग, जर्नल ऑफ साइटोमेंटिक रिसर्च।
11. ETV BHARAT NEWS PAPER
12. https://www.etvbharat.com/hindi/madhya-pradesh/city/bhopal/bhopal-mp-government-colleges-and-universities-will-be-connected-with-e-granthalaya-software

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

स्वछंदतावाद तथा छायावाद के नए संदर्भ और कुवंर चन्द्रप्रकाश सिंह: काव्यत्व

प्रो. दत्तात्रय मुरूमकर*

* हिंदी विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई (महाराष्ट्र) भारत

प्रस्तावना – सबसे पहले छायावाद और स्वछंदतावाद के समसामयिक संदर्भों को समझना हमें जरुरी है। हमने आज तक छायावाद को एकांगी दृष्टी से देखा है। इसलिए उसकी पूर्णत: को हम समझ नहीं पाए है। वस्तुत: क्लासिज्म और रोमांटिसिज्म दोनों एक दूसरे की विरोधी प्रवृत्तियां है। 'अभिजात्यवाद में जहां साहित्य के लिए वस्तुपरक शास्त्रीय नियमों का अनुशासन आवश्यक माना जाता है वहां स्वच्छंदतावाद आत्मपरकता के साथ रचनाकार की स्वतंत्रता के अधिकार का समर्थन करता है।'[1] वस्तुत: छायावाद में रचनाकार की सृजनात्मकता के स्तर पर स्वतंत्रता तो व्यक्त हुयी है किंतु व्यक्ति स्वतंत्रता का वह मूल्य नहीं है जो स्वछंदतावादी यूरोपीय सामाजिक जीवन में है। परिणात: कलात्मकता तथा भावुकतापूर्ण संसिक्तता छायावाद की विशेषता बन गयी। रोमांटिसिजम का अर्थ सीधा 'रोमांस' से जुड़ा हुआ है। इसे अति–भावुक तथा कल्पना–प्रधान मनोवृति कहा जाता है। जिसके लिए कुछ भी संभव नहीं है। यही से आरंभ होकर यूरोप में इसका प्रयोग मध्यकाल की प्रेम तथा सहासिकता पूर्ण कथाओं और लोक–कथाओं के लिए होने लगा। आज जो हॉलीवुड की प्रसिद्ध और लोकप्रिय फिल्में हैं अवेंजर्स, थॉर, आयरन मैन, स्पाइडर मैन, कॅप्टन अमेरिका, द मार्वलस, ट्रांसफॉर्मर आदि या उसके जो मिथकीय अतीतजीवी गौरव के केरेक्टर है इसे जरा याद कर लीजिए। फिल्मों में जो संभव–असंभव स्थितियों से जूझते हैं, प्रेम और वीरता की कथाएं कहते हैं। थोड़ा विज्ञान का तड़का भी इसमें लगाया गया है। इसीका उदाहरणात्मक प्रयोग सांस्कृतिक राष्ट्रवादी गौरव की कल्पना करने वाले आज–कल देवी–देवताओं के यानों के रूप में करते हैं। उसे पुरातन वैज्ञानिक का आविष्कार मानते हैं। खैर इसीप्रकार की कथाओं को रोमांस कहा जाता है। इनमें 'रोमांस' का अर्थ केवल स्त्री पुरुष संबंधों, संबंधी रोमांस नहीं है बल्कि अतीतजीवी कथाओं के प्रति 'रोमांस'अथवा 'रोमांटिक कल्पना' है। और यही भावप्रवण रोमांटिक कल्पना उन्हें अतीत, विगत वैभव के प्रति रोमांस के लिए आकर्षित करती है।

छायावादी काल की प्रसिद्ध रचना 'कामायनी' इसका उत्तम उदाहरण है। जयशंकर प्रसाद में मनु संस्कृति, दैववादी–भोगवादी संस्कृति के प्रति रोमांस की प्रबल अभिलाषा है, जिसकी पूर्ति उन्हें आधुनिक लोकतांत्रिक मानवीय व्यवस्था में होती हुए दिखाई नहीं देती किंतु उसकी पुन:स्थापना का प्रबल रोमांटिक प्रयास वे इस रचना में करते हैं। मनु, मन अर्थात इच्छाओं का प्रतीक,श्रद्धा–भाव और इडा–बुद्धि के संघर्ष का द्वंदात्मक धरातल इसलिए वह खत्म करना चाहते हैं। इसलिए इन्हें एक–दूसरे के विपरीत स्थितियां कहकर उसकी आलोचना करते हैं। क्योंकि इसी संघर्ष का परिणाम 'जीवन की अभिलाषाओं' की पूर्ति होने नहीं देता (अब आप यहाँ यह प्रश उठा सकते है कि प्रसाद कालीन समय में किस वर्ग–वर्ण के समाज के अभिलाषाओं की पूर्ति नहीं हो रही थी?) अर्थात दैववादी–भोग–परंपरा एवं उसके मनो–सामाजिक, सांस्कृतिक–धार्मिक अधिकारों को भोगने नहीं देता या कहे रोमांटिकों के भोग के आड़े आता है। यह बात स्पष्ट रूप से प्रसाद जी देख–समझ रहे थे। इसी अर्थ में मनु 'स्वच्छंद मन' का पौराणिक प्रतीक बनकर कामायनी में उतर आया है। भारत में इसी से सांकृतिक–राष्ट्रवादी कविता और राजनीतिक चेतना का विकास हुआ। अतीतजीवी रोमांटिक कल्पना एक क्लासिक अर्थात अभिजात्यवाद को पुनर्स्थापित करती है। हिंदी के कई कवियों, आलोचकों को 'मानस' की आकर्षणक्षमता भी क्लासिक संस्कृति को बचाए, बनाए रखने में उत्तम दिखाई देती है। 'यूरोप में क्लासिक के वस्तुवादी, शास्त्रीय तथा आदर्शवादी अनुशासन प्रेरित गद्यात्मक साहित्य के विरुद्ध वस्तु तथा भाषा के स्तर पर भावुकता, चरुत्व और रमणीयता से युक्त साहित्य की वकालत होने लगी थी।'[2]

हिंदी में रामचंद्र शुक्ल मानस के कव्यचारुत्व के प्रति मुग्ध होते हैं। किंतु छायावाद की भाव–प्रवणता के प्रति वे विरक्ति दिखाते हैं क्योंकि यहां कोई 'मर्यादा' नहीं है अथवा मर्यादा पुरुषोत्तम की कल्पना के लिए कोई स्थान नहीं है। मर्यादा की कल्पना ने हिंदूवादी समाज सरंचना को बचाएं–बनाएं रखने का दायित्व राममय कालखंड में स्त्री–यौन पवित्रता के सगोत्रीय विवाह संबंधों की धारणाओं पर बल देते हुए सुरक्षित रखा। अब वह राज–राम–मर्यादा पुरुषोत्तम (राजकीय सत्ता तथा वर्चस्व से नियंत्रित अर्थात मर्यादित अधिकार) पर निर्धारित की जा रही थी। मध्ययुग में इसे अधिक बल मिला। स्वच्छंदता हिंदूवादी–दैववादी–सामाजिक नियमों के विरुद्ध एक बुलंद आगाज एवं आवाज होती है। इसलिए उनकी मर्यादा–कल्पना को वह बाधित करती है। कृष्ण–काव्य में यही प्रवृत्ति उन्हें दिखाई देती है। इसलिए इसके प्रति वह ज्यादा आश्वस्त दिखाई देते नहीं है। यूरोप में रोमांटिसिज्म ने सामाजिक, धार्मिक रूढ़िवाद को तोड़ा, भारत में ऐसा नहीं हो पाया। भारत में केवल काव्यात्मक रूढ़ियां टूटी जैसे 'छंद के बंध खुल गए'। फ्रांस में तो रोमांटिसिज्म ने एक जनआंदोलन खड़ा किया। यह जनआंदोलन उच्च वर्गीय अन्याय एवं शोषण के खिलाफ स्वतंत्रता की भावना से उत्प्रेरित था। जिसे हम फ्रेंच राज्य क्रांति के नाम से जानते हैं। यह केवल राजा के विरुद्ध विद्रोह नहीं था उसके साथ चर्च की धर्मसत्तात्मक–

व्यवस्था का प्रतिरोध भी था। जो मानव की स्वतंत्र चेतना से जुड़ा हुआ था और इन दोनों ने मानवीय स्वतंत्रता का हरण कर लिया था।

रोमांटिसिजम शब्द का पारिभाषिक प्रयोग फ्रांस में 1669 में हुआ। कला-चिंतन के क्षेत्र में। अंग्रेजी में यह शब्द 17वीं सदी में आ गया था किंतु साहित्य के क्षेत्र में इसका अर्थ स्पष्ट नहीं था। यूरोपीय साहित्य जगत में इस शब्द को लेकर काफी विवाद होता रहा। 'अत: जर्मन विचारक श्लेगल ने शास्त्रवाद या 'क्लासिज्म' की विपरीत प्रवृत्ति के रूप में इसका अर्थ निर्धारित किया। किंतु विडंबना यह रही की अंग्रेजी के सबसे बड़े कवियों ने वर्ड्सवर्थ, कॉलरीज, शैली आदि ने अपने तथा अपने युग के काव्य सिद्धांतों की चर्चा के दौरान कहीं भी इस शब्द का प्रयोग नहीं किया।'[3] 18 वीं सदी में आभिजात्यवादी साहित्य ने बनाई रूढ़ियों को तोड़ने का कार्य स्वच्छंदतावाद ने किया और व्यक्तिगत भावोंमेषा को वाणी देने का सजग प्रयत्न किया। परिवर्तन के इस प्रयास में सामाजिक तथा राजनीतिक कारण थे। '17 -18 वीं सदी में बेन जॉनसन,पोप आदि ने साहित्य की गरिमा, संतुलन तथा अनुशासन लाने के लिए जिस नव्य-अभिजात्यावादी दृष्टिकोण को अपनाया था वह अभी परंपरा या रूढ़ि बनकर रह गई थी।'[4] 'प्राचीन साहित्य, सिद्धांतों और आदर्शों के अनुकरण की चेष्टा में बनावटी और आडंबर पूर्ण हो चला था। रचनाकर्म की दृष्टि से यह युग बड़े परिवर्तन की अपेक्षा का रहा था। प्लेटो, अरस्तु, होरेस,होमर,वर्जिल आदि की सदियों पुरानी कसौटियों पर पूरा उतारने के प्रयास में वह अपने युग की आवश्यकताओं से कट गया था। नव्य-अभिजात्यवादी इस रुझान ने बुद्धि, व्यंग्य और तर्कों को प्रधानता देते हुए भावुकता से इस साहित्य को लगभग बहिष्कृत कर दिया था।'[5] 'तार्किकता के विरुद्ध भाव के विद्रोह की साहित्यिक घटनाओं का यह काव्य फ्रांसीसी क्रांति काल का है।

वाल्टेयर ने इसमें बहुत बड़ा योगदान दिया। वाल्टेयर और रूसो इन दोनों ने अपने समय राजतंत्र और चर्च दोनों के विरोध का साहस किया और इन्हें मनुष्य की प्रगति में बाधक माना'[5] रूसो का प्रसिद्ध विचारसूत्र - स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व की स्थापना का आगाज था और उन्होंने यह घोषित कर दिया था कि शासन, समाज को इसका अवसर प्रदान नहीं कर रहा है। ऐसी सरकार को उलटने के लिए जनता को वह आवाहन करते है। 'फ्रांसीसी क्रांति की घटना अब केवल राजनीतिक घटना ही नहीं थी विचारों के क्षेत्र में स्वतंत्रता की वाहक समानांतर जीवन-दृष्टी थी।'[6] इसलिए रूसो ने कहा था 'मानव जन्म से ही स्वतंत्र प्राणी है जो हर जगह शृंखलाओं से जकड़ा है।'(Man is born free, but found every where in chains)[7]और समाज के प्रमुख सत्ता केंद्र थे राजा, सामंत और धर्माधिकारी। इनके खिलाफ संघर्ष हुआ। फ्रांस के लुई की सत्ता को जनता ने बर्खास्त किया। आप कामायनी के अंतिम हिस्से को याद कीजिए। 'जनता के विद्रोह' के कारण मनु को श्रद्धा के साथ देकर कैलाश पर्वत पर 'आनंदवाद' के जरिये प्रसाद ले जाते हैं। मनु देव-संस्कृति की स्थापना में असफल हो जाता है। एक दूसरा काम वह कर जाते हैं अपने पुत्र मानव को उस इडा के पास, जिसको कभी यह कहकर ' इड़े! मुझे व: वस्तु चाहिये जो मैं चाहूँ,/तुम पर हो अधिकार, प्रजापति न तो वृथा हूँ।'[8]जबरदस्तीसे मनु हासिल करना चाहता था,इडा के पास छोड़ देते हैं। इसलिए कि वह मानव संस्कृति में अब तुम पुन: समन्वयवादी अर्थात समरसता-शैववादी दैव-दर्शन संस्कृति का करो प्रचार-प्रसार -

'हे सौम्य! इड़ा का शुचि दुलार,
हर लेगा तेरी व्यथा का भार;
यह तर्कमयी तू श्रद्धामय;
तू मननशील कर कर्म अभय;
इसका तू सब संताप निश्चय,
हे ले, हो मानव-भाग्य उदय।
सब की समरसता का कर प्रचार,
मेरे सुत, सुन माँ की पुकार।'[9](कामायनी, दर्शन सर्ग, वही, पृ-1.1)

मुक्तिबोध, 'निश्चय ही, इस समरसता का अर्थ यह भी हो सकता है कि प्रसादजी सामाजिक स्तर पर समता के पक्षपाती थे। जिस आवेग से, जिस जोश से, जिस तीव्र संवेदना से, प्रसादजी ने (अपने भववादी तरीके से) विषमताओं पर आघात किया है, उससे तो यही अर्थ सूचित होता है।'[10]

कामायनी में वर्ण-वर्ग रचना मनु सोच समझ कर करता है। वर्णोंवाली व्यवस्था तथा स्त्री वर्गोंवाली व्यवस्था पर वह शासन करना चाहता है। प्रसाद यह कहते है-

'चार वर्ण बन गए बाँटा श्रम उनका अपना,
शस्त्र यंत्र बन चले, न देखा जिनका सपना,'
मैं शासक, मैं चिर स्वतंत्र , तुम पर भी मेरा-
हो अधिकार असीम, सफल हो जीवन मेरा
'मैंने ही श्रम भाग किया फिर वर्ग बनाया!'[11](संघर्ष सर्ग, पृ-82-83)

यह इसलिए की मनु को लगता है कि -'सकल व्यवस्था अभी जाय डूबती अतल में' और उसको वह बचाना चाहता है। इस पर हमें नए सिरे से सोचना चाहिये।

मुक्तिबोध ने आने वाले जनतंत्र की आवाज प्रसाद सुन रहे थे यह हमें बता दिया है। कामायनी की डॉ. नागेंद्र की रसवादी व्याख्या अब अपर्याप्त हो चुकी है, ऐसा मेरा मानना है और इसी ढंग से कामायनी के बारे में सोचना भी अपर्याप्त है। इसलिए मुक्तिबोध के बाद सुधीश पचौरी ने भी कामायनी का विखंडनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया।

निराला एक मात्र ऐसे लेखक है जो राज-सत्ता और सामंतवाद बकौल प्रेमचंद की भाषा में महाजनी सभ्यता से टकराता है। उनकी 'तुलसीदास' कविता मध्ययुगीन रोमांस से जुड़ी कविता है किंतु 'सरोज स्मृति','कुकुरमुत्ता' में वे समाज और धर्म के ठेकेदारों को चुनौती देते हैं और काव्य क्षेत्र में प्रचलित रुढ़िवादी समाज और काव्यात्मक छंद के बंधनों को तोड़ देते हैं। तो छायावाद की सर्वोत्तम प्रथम प्रतिनिधि कविता 'जूही की कली' है।

शिवमोहन सिहं ने निराला और छायावाद के आलोचकों की सीमाओं को ध्यान में रखते हुए तथा छायावाद विरोधी आचार्यों पर सीधा प्रहार करते हुए कुँवर चंद्रप्रकाश सिंह की निम्न पक्तियों को उद्हृत करते है-

कुंठाओं के कोठरियों के अधिवासी,/संत्रासों के श्वापद चिर तिमिर-विलासी,
है जिन्हें आत्म निर्वासन की प्रिय फांसी,
वे त्रापहिन बन धाये! वे देख न पाए मंगल क्रांति उषा-सी
स्वर्णिम किरणों से चर- अचर नहाये।'[12]

निराला के बाद छायावादी भवबोध को सघनता और व्यापकता के साथ अगर कोई काव्य भूमि पर उतरता है तो वह है कुंवर चंद्रप्रकाश सिंह। प्रेम के प्रणय के मधुर, तरल संवेदन को अपने नाद-लय की झंकार के साथ

इन्होने प्रस्तुत किया है। प्रथम प्रेम की अंगड़ाई लेती नायिका जिस तरह हमें 'जूही की काली' में विकसित होकर, उसमें मदमस्त होकर विकसित नायिका का रूपाकार ग्रहण करती है ठीक उसी तरह चंद्रप्रकाश की नायिका भी प्रेम विव्हाता, विकलता, व्याकुलता-आकुलता को छंदोंमय राग में,उसके सुख-दुखात्मक एवं विरहवेदना के चित्रों को कविता के कैनवास पर उतरती है। और इनमें आस्था, प्रेम वर्णन, शृंगार का मनोयोगपूर्वक चित्रण करते हैना की उत्तेजक, मादक रीतिकालीन नख-शिख वर्णन के रूप में। संस्कृत का यह प्रभाव हिंदी कविता की पूर्व परंपरा से नितांत अलग है। इसमें प्राणों की अन-बन भी है, तो मन की चितवन भी है। आशा और निराशा के राग भी है तो जीवन के उल्हास भी जैसे-

'बैठा हूं वेदना छुपाए!
उर में अनल, दृगों में जल है,
आशा की छलना अविरल है,
जीवन प्रतिफल विषम गरल है,
पीकर जिसे गरल जल जाए!'[13],

यहां आप लोग निराला जी को याद कर सकते हैं। मौन निमंत्रण की तरह मानव मिलन भी कुंवार चंद्रप्रकाश की कविताओं में आता है-

'नव जीवन का अंध तिमिर हर,
आई स्वर्ण-किरण आशा भर,
चिर दर्शन बन गया अचिर,
वह मौन मिलन पहिला!'[14]

प्रथम मिलन का पहला क्षण,मौन, आशा-किरण जीवन दर्शन बन जाता है जो जीवन जगत के अंधेरों का नाश करता है, उसे दूर करता है।

'तुम यौवन की जोत्सना शुचितर,
तम के उर की प्रिया अंकुर- सी,
शशि, चिर सुखमुख-मधु घोल रही!'[15]

इसलिय वह कवि जीवन-मन में ही रहेगी-

'रहोगी नयनों में, मन में,
सुंदरी प्रति जीवन-क्षण में!'[16]

सौंदर्य और सुंदरी की आवश्यकता कवियों के मन में किस प्रकार अनिवार्य रही है इसका यह चित्र हमें दिखाई देता है किन्तु उनमें वासना और स्त्री गरिमा विद्यमान है और यही वामा सृष्टि की निर्मिती का कारण भी है -

'वासना के विश्व की धृति,
पुण्यमय लावण्या की कृति,
प्राणप्रिया के प्रणय की,
सृष्टि-सरिता वह वामा।'[17]

वासनात्मक प्रेम से अलग प्रेमात्मक भाव हमें दिखाई देता है।

'आओ, पिएँ प्रेम का प्याला' में प्रेम के प्याले का जिक्र जो आगे चलकर हमें हरिवंशराय बच्चन की कविताओं आता हुआ हमें दिखाई देता है।

'उमड़ी प्रथम प्रेम की श्याम-घन-माला। किसी चपल की अलिखित चितवन,। खोज रहा समीर आलिंगन।। चातक तृप्ति-विधुर मतवाला!'[18] यह सारे चित्र कुंवर चंद्र प्रकाश की कविता में आते हैं। 'बैठा हूं वेदना छुपाए! उर में अनल, दृगों में जल है, आशा की छलाना अविरल है। जीवन प्रतिफल विषम गरल है, पीकर जिसे गरल जल जाए!'[18] (वही, पृ-23) कहनेवाले कुंवर चंद्रप्रकाश के साथ निराला की 'सरोज स्मृति' जो सर्वोच्च पंक्तियां हैं उसको यहां आप याद कर सकते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पाश्चात्य काव्यशात्र : सिद्धांत और वाद, सं. डॉ. नगेन्द्र और राजकुमार कोहली, हिंदी विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली, सं. पृ-13
2. वही,पृ-14
3. वही,पृ-14
4. वही,पृ-15
5. वही,पृ-15
6. वही,पृ-16
7. वही,पृ-16
8. संघर्ष सर्ग, कामायनी, जयशंकर प्रसाद,लोकभारती प्रकाशन, इलाहबाद-211001, वर्तमान संस्करण -2021, पृ, 81
9. वही,दर्शन सर्ग, पृ- 1.1
10. कामायनी एक पुनर्विचार- मुक्तिबोध, राजकमल प्रकाशन प्रा. लि., नई दिल्ली, चौथी आवृत्ति, 2007, पृ-67
11. कामायनी, जयशंकर प्रसाद, संघर्ष सर्ग, पृ-82-83
12. छायावाद: नवकाव्य विमर्श, प्रो.शिवमोहन सिंह, शुलभ प्रकाशन, 17, अशोक मार्ग, लखनऊ, प्र. सं. पृ 46
13. मेघमाला, गंगा फाईनआर्ट प्रेस,लखनऊ, सं ,1942, पृ 23
14. वही, पृ-8
15. वही, पृ-1.
16. वही, पृ-1.
17. वही, पृ-12
18. वही, पृ-38

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

अक्ता प्रथा

डॉ. फिरोज मोहम्मद शेख*

* व्याख्याता (इतिहास) हाडारानी राजकीय महाविद्यालय, सलूम्बर, जिला उदयपुर (राज.) भारत

प्रस्तावना – ऐतिहासिक पृष्ठभूमि अक्ता प्रथा जिस रूप में भारत पहुंची उसका प्रारूप सर्वप्रथम खलीफा मुक्तदीर ने इस उद्देश्य से बनाया था कि उसे अपनी खिलाफत में नियुक्त मुक्ताओं को नियमित रूप से राजस्व प्राप्त हो सके है। यह मुक्ता लोग संपूर्ण राजस्व की वसूली करते थे। प्रशासन तथा सैनिकों के वेतन देने के पश्चात बचे हुए वेतन से वह एक निश्चित राशि बगदाद में खलीफा के दरबार को भेज देते थे अत: यह स्पष्ट है कि खलीफा ने अपने सैनिको और असैनिक अधिकारियों को वेतन देने के लिये इस प्रणाली को विकसित किया, अधिकारी वर्ग तथा सेना को वेतन देने की कठिनाइयां उस समय बहुत बढ गई थी इस वित्तीय कठिनाइयों को दूर करने के लिये सैनिक अधिकारियों व सैनिको को भूखण्ड बांटे जाने लग गया है जो अक्ता कहलायें। अत: उक्त अक्ता प्राप्त लोग उस भूखण्ड के मालिक नहीं होते थे बल्कि वह उसके लगान का ही उपयोग करते थे इसके परिणाम स्वरूप आगे चलकर यह आवंटन व्यवस्था (फार्मिंग ऑफ टैक्स) स्थापित हुई खलीफा अल मजनून के शासनकाल (833 ई) में सेना नायकों को उसके वेतन के बदले विशेष भूखण्ड का राजस्व या लगान आवंटित किया जाने लगा था।

अक्ता का शाब्दिक अर्थ – यूरोपीय इतिहासकारों ने अक्ता शब्द का अग्रेजी अनुवाद असाइनमेंट किया है परन्तु यह भ्रामक है वस्तुत अक्ता अर्थात भूमि के विशेष भूखण्डो को भू राजस्व सैनिकों को उसके वेतन के बदले आवंटित किया जाता था अक्ता एक अरबी शब्द है जो कता से बना है जहां तक शब्द कता का सवाल है मुस्लिम राज्य में आने के बाद कुछ प्रारंभिक वर्षो में साम्राज्य को विशिष्ट विभागों में वितरित किया जाने की प्रथा थी इन विशेष खण्ड को कता कहा जाता था। बुवाइद शासको के शासनकाल में इस शब्द का सैनिकीकरण प्रारम्भ हो गया सेलजुक शासको ने भी अपने अधिकारियों को भूखण्ड प्रदान करना प्रारंभ किया।

अक्ता की स्थिति – नि:संदेह अक्ता की प्रकृति एक सैनिक प्रभूति थी लेकिन इसके अंतर्गत प्रशासनिक कर्त्तव्य भी जुडे हुए थे अक्तादारों की स्थिति का उल्लेख करते हुए निजामुल मुल्क तुसी ने सियासतनामा में लिखा कि– 'मुक्ति को इस बात का ज्ञान होना चाहिए कि उसका अधिकार केवल रियाया से शांतिपूर्ण तरीके से अपने हक को प्राप्त करना है रियाया के जीवन, उसकी जायदाद व उसके परिवार को किसी भी प्रकार की हानि मुक्त करना चाहिए यदि रिराय सुल्तान से सीधे अपील करना चाहे तो मुक्ता को उसे नहीं रोकना चाहिए कोई भी मुक्ता इन नियमों का उल्लंघन करता है तो उसे पद से हटा कर दण्डित करना चाहिए, तीन–चार वर्षो बाद मुक्ताओं का स्थानान्तरण करना चाहिए जिससे कि वह शक्तिशाली ना हो सके उक्त विवरण से निम्न विशेषता प्रकट होती है।

क. मुक्त लोगो द्वारा उतनी ही राशि वसूल करना उचित है जितनी राज्य द्वारा निर्दिष्ट है।

ख. निर्धारित राशि की वसूली के लिये यथा संभव शक्ति का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

ग. रियाया को पूर्ण अधिकार है कि वह अपने मामले में सीधे सुल्तान से फरियाद करें।

मुक्ति एक अधिकारी पद था जो कि हस्तांतरनीय था।

अक्ता लागू करने के उद्देश्य:– प्रारंभिक तुर्क सुल्तानो ने अपनी भारत विजय के उपरांत अक्ता व्यवस्था को क्यों लागू किया वस्तुत: इसके कई कारण थे।

1. प्रशासनिक मशीनरी की कमी:– विद्धानो का मत है कि जितने व्यापक क्षैत्र के प्रशासन की जिम्मेदारी उन पर थी उनकी तुलना में उनके पास साधन की कमी थी अपने साधनों के अभाव को देखते हुए उन्होने अपने साम्राज्य को सैनिको में बांट दिया जिससे कि वह उनके सैनिको के व्यय का भरण पोषण के साथ–साथ प्रशासनिक उत्तरदायित्व भी निभा सके।

2. अनुभव की कमी:– प्रारंभिक तुर्क आक्रमणकारी मूल रूप से सैनिक थे उन्हे प्रशासन का अनुभव नगण्य था उन्होने इस बात को जल्दी समझ लिया इसलिये उन्होने अपने साम्राज्य को सैनिकों में विभक्त कर प्रशासन का उत्तरदायित्व उन्ही पर डाल दिया

3. विकेंद्रीय समस्या का एकमात्र हल :– उस समय पूरे देश में विकेंद्रीय शक्तियां प्रबल रूप से विद्धमान थी विकेंद्रीकरण तथा सीमा पर मंडराते खतरे के कारण बडे क्षैत्र में प्रशासनिक व्यवस्था लागू करना असंभव था अत: अपने साधनों को सुदृढ होने तक इंतजार किया जाए इसलिये दिल्ली सल्तनत की राजनीतिक एकता से सल्लनत काल में कोई खतरा नहीं पहुंचा।

4. मुद्रा प्रमाणी में अस्थिरता:– सल्तनत काल में मुद्रा प्रणाली में स्थित स्थिरता नहीं आ पाई थी अधिकारियों कें के वेतन अदा करने का एकमात्र जरिया भू राजस्व अनुदान था इसी कारण राजस्व अनुदान व्यवस्था एकमात्र महत्वपूर्ण संस्था के रूप में स्थापित किया गया

5. उपज का अधिशेष विपुल मात्रा में प्राप्त करने का साधन:– अक्ता लागू करने का एक महत्वपूर्ण कारण यह भी था कि इससे सुल्तान उपज के अधिशेष का एक भाग उपलब्ध कर सकता था राज्य की आय का यह अंश खराज के रूप में लिया जाता था इस व्यवस्था के अंतर्गत किसान अपने

निर्वाह के न्यूनतम आवश्यकता की पूर्ति के बाद कृषि अधिशेष का अधिकांश भाग खराज के रूप में राज्य को देता था अक्ता के अधिकारी जिसे अक्तादार या वली कहा जाता था, वह अपने सैनिको के भरण पोशण की राशि काटकर लौटा देते थे इस प्रकार उपलब्ध विपुल राशि के कारण ही मुस्लिम बड़ी सेनायें रखने में समर्थ हुए।

7. सामयिक आवश्यकता की मांग:– प्रोफेसर इरफान हबीब के अनुसार 13 वी शताब्दी में भारत में अक्ता व्यवस्था के अंतर्गत जो प्रावधान था वस्तुत: वह सामूहिक आवश्यकताओं की मांग थी सेनापतियों व सैनिको में विजीत क्षेत्र को बंटवारा करने की प्रथा भारतीय समाज व्यवस्था में नई नई थी राजपूत राज्यों में यह व्यवस्था किसी ने किसी रूप से मौजूद थी।

8. क्षैत्रीय शक्तियों का क्रेंन्द्र के साथ संबंध जोडने में सहायक:– प्रोफेसर इरफान हबीब कुतुबुद्धिन ऐबक तथा इल्तुतमिश ने हिंदुस्तान के विभिन्न क्षैत्र को केंद्र के साथ जोडने तथा भारतीय सामंती व्यवसथा को अधिक सुद्ढ करने के साथ साथ उसका पुरा उपयोग किया इस उपयोग से वह तुर्क शासक वर्ग की आकांक्षाओं को सतुष्ट कर सकता तथा इसके द्धारा शांति व्यवस्था व नवविजित क्षैत्र से पुरा भू व्यवस्था के संकलन की समस्या का तत्काल समाधान कर लिया गया ।

मुक्ताओं के वंशानुगत अधिकारों के प्रति राज्य का दृष्टि:– अक्तादारों के वंशानुगत अधिकारों के प्रति राज्य का दृष्टिकोण भिन्न था बलबन कहा करता था कि यह अक्ता सैनिक सेवा के बदले दिये गये है अत: अक्तादार जब तक शाही सेवा का पालन करेंगे तब तक ही वह अक्ताओं का दावेदार हो सकता था अक्तादार अक्ता के अधिकारों के प्रति सेलजुक परंपरा से प्रेरित थे किंतु बलबन अक्तादार से संबंध में इस परंपराओं को मानने को तैयार नहीं था।

सिद्धांतिक रूप से अक्ता प्रणाली वंशानुगत नहीं थी। समय – समय पर अक्ताओं का पुनर्वितरण होता रहता था कानून के अनुसार मुक्त को न्यायिक अधिार नहीं मिलता था परन्तु विभिन्न शासको के अंतर्गत बुइंद शासको के अंतर्गत व्यवहार में सभी ने इस अधिकारों को हथिया लिया था बुइंद शासको के अंतर्गत ऐसे ही उदाहरण मिलते है जब मुक्ता को अपने पद विशेष के अतिरिक्त प्रातीय गवर्नर के शासकीय कार्यो तथा दायित्व का निर्वाह करना पडता था।

बरनी के अनुसार बलबन ने इन अक्तादार को निम्न श्रेणियां में विभाजित किया था प्रथम तो वह थे जो पूर्ण वृद्ध हो चुके थे उनके गांव खाली करके उनके लिये 40 से 50 तक का वजीफा नियत किया गया दूसरा वह थे जो जवान थे उनको वेतन योग्यता अनुसार निश्चित किया गया तथा यह आदेश दिया गया था कि उनके वेतन व खर्च को निकाल कर बाकी राजस्व शाही खाते में जमा करवाया जाये किंतु उनके गांव खाली से नहीं किये गये तृतीय श्रेणी के वे लोग थे जो निर्धन, बच्चे तथा अनाथ वर्ग के थे जिनके बारे में आदेश दिया गया कि उनके गांव से उनका प्रबंधन करने के बाद जो भी बचे उसे शाही खाते में जमा कराया जाये अंत में दिल्ली के कोतवाल फखरूद्धीन के हस्तक्षेप से बलबन ने कुछ रियायते दी थी किंतु उसने वंशानुगत सिद्धांत को बिल्कुल अस्वीकृत कर दिया और अक्तादार के क्रियाकलापों पर निगाह करने लिये एक ख्वाजा को नियुक्त किया गया था।

मुक्ता के कार्य:– मुक्त लोगो का पहला कर्त्तव्य सुल्तान की सेवा में हर समय तैयार रहने वाली सेना की टुकडी रखना व संपूर्ण आंतरिक प्रशासन का नियंत्रण रखना था अपने क्षैत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना वह लोगो की जान माल की रक्षा करना तथा असामाजिक तत्वों द्धारा प्रांतकी शांति तथा सुरक्षा को खतरे में डालने से रोकता था आंतरिक व्यापार को प्रोत्साहन देना भी इनके कर्त्तव्य में से एक था।

अक्ता का क्षैत्रीय वितरण:– प्रोफेसर हबीब के अनुसार एकता व्यवस्था के अंतर्गत दिए जाने वाले अक्ता दो प्रकार के थे छोटे तथा बडे संभवत: छोटे अक्ता दोआब सैनिको को प्रदान किये गए थे जिन पर ना तो प्रशासनिक उत्तरदायित्व था नहीं केन्द्र के खजाने पर वह अतिरिक्त भार, अपनी सेवा के बदले छोटे अक्तादारो को इन क्षैत्रो से राजस्व वसूल करने का अधिकार था बड़े अक्ता प्रमुख व्यक्तियों को प्रदान किये जाते थे जिनका प्रशासनिक उत्तरदायित्व भी था उनमें अपने क्षैत्र में शांति व्यवस्था स्थापित करने के अलावा आवश्यकता होने पर उनमें सैनिको सेवा की अपेक्षा कीजाती थी छोटी अक्ता दिल्ली के आसपास भी फैली थी जबकि बडी अक्ता साम्राज्य में फैली थी।

पदाधिकारी की अवधि:– सियासत नामा के लेखक निजामुद्धीन तुसी के अनुसार मुक्ति का कार्यकाल 3 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए और स्थांतरित कर देना चाहिए अवध बदायूं तथा लाहौर जैसी महत्वपूर्ण अक्ताओं के अध्ययन से पता चलता है कि मुक्ता के कार्यकाल की अवधि औसत रूप से चार या पांच वर्ष होती थी परंतु लखनऊ जैसे दूर दराज की अक्ताओं के संबंध में नीति बहुत कठोर थी दिल्ली के अधीन क्षैत्र अवध, बदायूं व मुल्तान के प्रदेशों में अक्तादार का स्थानांतरण जल्दी होता था इल्तुतमिश तथा उसके उत्तराधिकारी के समय अक्ता के स्थानंतरण अवधि एक या दो वर्ष थी।

अलाउद्धीन खिलजी व मोहम्मद तुगलक के शासनकाल में गुजरात अवध कडा आदि महत्वपूर्ण अक्ताओं में स्थानातंरण अवधि 5 से 6 वर्ष थी, फिरोजतुगलक के शासनकाल में हस्तांतरण प्रक्रिया काफी कमजोर हो गई मुक्ता लोगो का अधिकार वंशानुगत होने लगा।

अक्ता का स्वरूप – रेवर्टी ने अक्ता के लिये फीक शब्द का प्रयोग किया है जो सीधे सामंती प्रथा की और संकेत करती है इसमें राजा का प्रधान काश्तकार वास्तव में अपनी जागीरदार का सर्वशक्तिमान अधिकार होता था किंतु रेवर्टी का कथन भ्रामक है मुक्ताओं पर बहुत अधिक नियंत्रण लागू था परंतु फीक में अधिक नियंत्रण का बोध नहीं होता है मुक्ता व्यवस्था सामंती व्यवस्था नहीं थी इससे स्पष्ट है कि राज्य व मुक्ता के मध्य सीधा संबंध था इसके अतिरिक्त किसी भी राज्य में कभी भी मुक्ता या वली को प्रदत्त भूमि के साथ अपना मूल अधिकार स्थानान्तरित नहीं किया गया यूरोप में सामंती व्यवस्था में वंशानुगत अधिकार होता था जबकि मुक्ता में ऐसा नहीं था।

अक्ता प्रथा के परिणाम:– प्रोफेसर इरफान हबीब ने अक्ता प्रथा के निम्न परिणाम बताएं।

1. **अमीर वर्ग का स्वरूप शहरी हो जाना :–** प्रोफेसर हबीब के अनुसार अक्ता व्यवस्था से अमीर वर्ग का स्वरूप शहरी हो गया वह एक स्थान विशेष पर अपनी शक्ति का संचय नहीं कर पाते थे वह अधिकांश दिल्ली व अन्य समक्ष नगरो में रहते थे वही से शाही सेवा करते थे जो अधिकृत भू क्षैत्र से काफी दूर थे।

2. **भू. राजस्व को नगदी में परिवर्तन की प्रथा:–** क्योंकि अमीर वर्ग का स्वरूप शहरी हो गया था अत: भू राजस्व को नगदी के रूप में परिवर्तन की प्रथा काफी पनप चुकी थी।

3. **व्यापार में बढोतरी:–** चुंकि राजस्व का अधिकांश भाग प्रोफेसर हबीब के अनुसार सर प्लस प्रोडक्ट के रूप में प्राप्त होता था अत: गांव व कस्बा के

मध्य बड़ी संख्या में व्यापार होना स्वाभाविक था व्यपार की इन प्रवृत्ति के फल स्वरूप उंचे किस्त की व्यावसायिक फसलों का विस्तार हुआ।

4. नवीन व्यापारी वर्ग का उत्थान सर्वप्रथम 14 वीं सदी में निम्न किस्म की फसलों के स्थान पर उच्च किस्म की व्यावसायिक फसलों का उत्पादन प्रारंभ हुआ, राज्य व्यवस्था की इस प्रणाली के अंतर्गत ग्रामीण क्षैत्र से शहरो की और बडी मात्रा में अनाज आने लगा और इसे सतत बनाए रखने के लिये अनाज के व्यापारियों का एक नवीन वर्ग उभरकर सामने आये कहा जाता है कि दिल्ली के मुल्तानी व शाह (उधार देने वाला) इतने धनी हो गये कि तुर्क अमीरों को बडी मात्रा में पैसे उधार देने लगे और बदले में राजस्व प्राप्ति का अधिकार प्राप्त कर लेते थे। इस प्रकार अक्ता से राजस्व प्राप्ति के अधिकार में मध्यकालीन वाणिज्य के उत्थान में पर्याप्त रूप से सहयोग दिया।

5. दस्तकरी का विकास:- राजस्व के रूप में ग्रामीण उत्पादन शहरों की ओर प्रवाह कस्बाई और शहरी जनसंख्या में काफी वृद्धि की कस्बो तथा शहरों में इससे दस्तकरी का विकास हुआ गुलाम को विभिन्न प्रकार की दस्ताकरी का प्रशिक्षण दिया जाने लगा।

हानियां:

1. अक्ता प्रथा में मुक्ता के अन्याय या विद्रोह को रोकने की कोई व्यवस्था नहीं थी सिद्धांत रूप से पीड़ित व्यवसायी सीधे सुल्तान से न्याय याचनाकर सकता था परंतु व्यवहार में ऐसा संभव नहीं था।

2. राजनैतिक विघटन के लिए उत्तरदाई :- अनेक विद्वानो की मान्यता है कि इस प्रथा में सरकारी अधिकारियों को रियायत की कोई व्यवस्था नहीं थी परंतु प्रबल शासन के समय यह प्रथा राज्य की शक्ति बढाने तथा उसके एकीकरण में सहायक रही तो निर्बल शासको के दौरान यह राजनीतिक विघटन तथा आर्थिक दुर्व्यवसा के लिये उत्तरदायी सिद्ध हुई।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. एम. हबीब :- दि पोलिटिकल थियरी ऑफ दी दिल्ली सल्तनत, दी सोशल डिडस्ट्रीब्यूशन ऑफ लैंड प्रॉपर्टी इन प्री ब्रिकिटश इंडिया, 1965
2. संतीश चंद्र, मिडाइवल इंडिया, न्यू दिल्ली, 1982
3. पी शरण, The Provincial Goverment of the mughals, 1973
4. J. Sarkar, Mughal Administration, 4th edn, 1952
5. B.R. Grover, Agrarian classification of land under Akbar, 1960
6. A.L. Shrivastav, Akbar the great, 3 vol, 1972
7. R.P. Tripathi, Same Aspects of Muslim Administration, 1985
8. सैय्यद अतहर अब्बास रिजवी आदि तुर्कीकालीन भारत, 1955
9. जियाउद्दीन बरनी, तारीख फिरोजशाही (हिंदी, अनुवाद)
10. अब्दुल अजीज, The Mansab systen under Aurenzeb, 1970
11. M. Athar Ali, The Mughal Nobility Under Aurenzeb, 1974

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No. - MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Cosmos Impact Factor - 6.780
July to September 2021, E-Journal, Vol. I, Issue XXXV

रवीन्द्रनाथ ठाकुर की कला व कृतियाँ -एक विवेचनात्मक दृष्टि

गीतांजलि वर्मा *

* सहायक आचार्य (चित्रकला विभाग) से. मु. मा. राज. कन्या महाविद्यालय, भीलवाड़ा (राज.) भारत

शोध सारांश – यह शोध भारतीय आधुनिक कला के स्तंभ कलाकार रवीन्द्रनाथ ठाकुर के कलाकर्म व प्रमुख महत्वपूर्ण कृतियों के अध्ययन की दृष्टि से प्रेरित है। जिसके माध्यम से उनके चित्रों में निहित सरलता किंतु बौद्धिक जटिलता का अध्ययन किया गया है। इस शोध के माध्यम से रवीन्द्र नाथ ठाकुर के प्रमुख महत्व के चित्रों उनकी चित्रण शैली व भारतीय आधुनिक कला जगत में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को समझने का उद्देश्य है। उनकी कला में निहित अभिव्यंजनावाद, दर्शन, आध्यात्मिकता, भावनाओं का विवेचनात्मक अध्ययन प्रस्तुत करना इस शोध का मुख्य उद्देश्य है।

शब्द कुंजी – ठाकुर, आधुनिक चित्रकला, अभिव्यंजना, दर्शन, आध्यात्मिकता, मनोविज्ञान।

जीवन परिचय – कोलकाता के जोरासांको में 1861 ई. में रवीन्द्रनाथ ठाकुर का जन्म हुआ। उनके परिवार में अनेक सदस्य कला, साहित्य व दर्शन से जुड़े हुए थे जिसका प्रभाव स्वाभाविक रूप से उन पर स्पष्ट दिखाई देता है। वे कलाओं के धनी व्यक्तित्व के थे। क्योंकि उनका पारिवारिक परिवेश कलात्मक था। उनके घर में देसी-विदेशी कलाकारों का सदैव आगमन रहता था। (चतुर्वेदी, डॉ. ममता, 62,63) यह भी उनके कला के प्रति रुझान को पुष्ट करता है। बंगाल में कला सदैव से पोषित होती रही है। इसका श्रेष्ठ उदाहरण रवीन्द्रनाथ टैगौर का कवि मन रहा। वे बाल्य काल से ही साहित्य में रुचि रखते थे। यद्यपि उन्होंने कला का कोई प्रशिक्षण नहीं लिया। उन्होंने अपने कलात्मक परिवेश को आत्मसात किया और ग्राह्य संवेदनाओं को कविताओं का स्वरूप देते गए। उन्होंने स्वयं को एक कवि, उपन्यासकार, सौंदर्य शास्त्री तथा गीतकार के रूप में स्थापित किया। उन्होंने अपने जीवन का पूर्वार्ध साहित्य को समर्पित किया जबकि उत्तारार्ध में वे रेखाओं, रंगों के मोह में पड़कर भारतीय आधुनिक कला जगत का सितारा बन गए।

जीवन के अंतिम पड़ाव में कला जागृति – 1913 में उन्होंने अपने काव्य संग्रह 'गीतांजलि' के लिए नोबेल पुरस्कार प्राप्त किया। किंतु उनके जीवन में कला का नवीन आयाम दस्तक दे रहा था। बाल्य काल में वे शब्दों से रेखा चित्र बनाते, किंतु जीवन के लगभग 60वें में दशक में उन्होंने चित्रकला के प्रति गहरा आकर्षण महसूस किया। उनका कवि हृदय एक चित्रकार बनने को आतुर हो उठा। उनके इस चित्रण प्रेम की अभिव्यक्ति में उन्होंने कहा 'अब तक में अपनी भावनाओं को साहित्य व संगीत में कर रहा हूँ। पर मेरी आत्म अभिव्यक्ति के तरीके अपूर्ण रहे। अत: भाव प्रकटीकरण के लिए चित्रित रेखाओं का सहारा ले रहा हूँ।' (साखलकर,337)

रवीन्द्रनाथ की कला का विकास – उन्होंने अपनी कला यात्रा हेतु रेखांकन व चित्रण का निरंतर अभ्यास किया। इस कला यात्रा में उन्होंने असंख्य रेखाचित्रों और चित्रों की रचना कर डाली। इन रेखाचित्रो व चित्रों के सृजन हेतु यह कथन न्यायसंगत रहेगा, 'कविता लिखते समय शब्दों या पंक्तियों की रेखाओं से मिटाने पर जो कल्पित आकारनिर्मित होती उसकी ओर ध्यान आकृष्ट होकर वे कुछ दृश्य कल्पना में मग्न होते। 1928 में इन स्वयंसिद्ध आकारों से वे इतने मोहित हुए की जिस कविता को लिखते समय वे आकार प्रकट हुए थे उसका अस्तित्व ही वे भूल गए एवं आकारों के विकास पर उन्होंने ध्यान केंद्रित किया और रवीन्द्रनाथ की अति यथार्थवादी कला का आरंभ हुआ।' (साखलकर,316)



Where his experiments with paintings started- doodles on Purabi manuscript, 1924

Coloured ink, watercolour and oil colour on paper, 1932, Rabindra Bhavan

उनकी कला पाश्चात्य अभिव्यंजनावादी प्रवृत्ति को संजोए हुए मानी गई। किंतु कला समीक्षक ए.के. स्वामी ने रवीन्द्रनाथ की कला को '**Not childish but child like**' कहकर विवेचित किया। (प्रताप डॉ. रीता,338)

रवीन्द्रनाथ ने एक बाल सुलभ सहजता पर सरलता के साथ चित्रांकन आरंभ किया, कभी कपड़े के टुकड़े को तो कभी-कभी अपनी उंगलियों को ही स्याही में भिगोकर चित्रण आरंभ किया। उन्होंने सहजानुभूति से सौम्यता पूर्ण कृतियों का निर्माण किया।

आधुनिक भारतीय चित्रकला में रवीन्द्रनाथ की कला का महत्व

Outdoor science class in Sriniketan, 1928

रवीन्द्रनाथ अपने समय के अत्यंत मुखर व्यक्तित्व के कलाकार थे, जिन्होंने कला को एक नवीन सोपान दिया। भारतीय आधुनिक चित्रकला में रवीन्द्रनाथ ठाकुर आधार स्तंभ हैं। उन्होंने भारतीय आधुनिक कला के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शांतिनिकेतन व विश्व भारती विश्वविद्यालय के माध्यम से प्रकृति के सानिध्य में निर्बाध शिक्षण की अवधारणा को पल्लवित किया। 1891 मैं अवनींद्रनाथ नाथ व नंदलाल को उच्च कलाओं की सीमा से बाहर के वृहद सांस्कृतिक परिदृश्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित करते हुए 'फोक' व 'पॉप' संस्कृति की ओर उन्मुख किया। (सेन अमृत)

रवीन्द्रनाथ ने भारतीय आधुनिक कला को अपने विचारों से पोषित किया। उन्होंने सौंदर्य शास्त्रीय विचारों का सृजन किया उनके सौंदर्य शास्त्र में राष्ट्रवाद से पलायन उनके साहित्यिक कृति 'आर्ट एंड ट्रेडीशन'(1926) में दृश्यगत होता है। उन्होने कभी कला के स्थापित नियमों का अनुसरण नहीं किया। वे पूर्ण स्वतंत्रता से अपनी भावाभिव्यंजना में लीन रहे। जीवन पर्यत सहस्त्रों कृतियों का निर्माण करते रहे।

रवीन्द्रनाथ की कला में निहित तत्वों की समीक्षा– ठाकुर के चित्रों में 'स्वांत सुखाय' की भावना निहित है।उनकी कला प्रयोगवादी थी। विशेष रूप से पोर्ट्रेट्स द्वारा विभिन्न भावों की स्वच्छंद अभिव्यक्ति होती है जबकि लैंडस्केप्स द्वारा प्रकृति की उदात्ता सौंदर्य अनुभूति का अंकन किया गया है। उनके चित्रों में रहस्यात्मकता, दार्शनिकता, आध्यात्मिक मनोवैज्ञानिकता के प्रभाव का पुट दिखाई देता है। उन्होंने गहरी नीली पृष्ठभूमि में प्राथमिक रंगों से लंबी व अंडाकार भैया वह आकृतियों का सृजन किया मूल रंगो द्वारा उन्होंने विभिन्न भावों जैसे भाई उदासी क्रोध आदि को अभिव्यक्त किया इस तरह के प्रमुख चित्रों में 'क्रंदन करता ऊंट', 'पिशाच आकृतियां','हताश पुरुष' आदि। उन्होंने काले रंग की पृष्ठभूमि में भी झांकती आकृतियों के साथ भी अनेक चित्र बनाए। जो की भयावह लगते हैं। कई बार उन्होंने रंगों के अभाव में फूलों की पंखुड़ियां को दबाकर भी रंगांकन के लिए प्रयोग किया। वे द्रव्य मिश्रित रंगों को पसंद करते थे और स्याही का भी अधिकतम प्रयोग किया करते थे। (चतुर्वेदी, डॉ. ममता, 64 व प्रताप डॉ. रीता,339)

Coloured ink and poster colour on paper, Rabindra Bhavan 1935-36

Coloured ink on paper, Rabindra Bhavan, 1936

टैगौर की कला, रेखाओं और लयात्मक माधुर्य की परंपरा से संबद्ध रही है, जो भाव–प्रवण एवं अभिव्यंजना कौशल से परिपूर्ण हैं। (प्रताप डॉ. रीता,338)

उनकी विशेष रुचि विभिन्न भाव– भंगिमाओं के साथ मानवाकृतियों का अंकन करने में थी। उनके चित्रों में स्त्री का चित्रण विशेष महत्व रखता है। उन्होंने स्त्री को 'देवी स्वरूप' अंकित किया है, जिसे समाज में एक 'वस्तु' जैसे माना जाता था। उनके लिए 'स्त्रीत्व' और 'देवत्व' एक दूसरे के पर्याय थे।

Colored ink on paper, 1939, Rabindra Bhavan

Poster colour and coloured ink on paper, 1938, Rabindra Bhavan

आपके चित्रों में 'चित्रण को' और 'उसके द्वारा प्राप्त आनंद' को महत्व दिया गया है। जबकि विषय गौण हैं।

उनके अधिकतर चित्रों में 'स्थिर' और 'भावपूर्ण आंखों' का अंकन है।

Coloured ink on paper, NGMA 1930

Coloured ink and watercolour on paper, Rabindra Bhavan , 1934-35

उनके चित्रों में चेहरों को अंडाकार बनाया गया, रेखाएं कहीं लयात्मक तो कहीं मोटी बनी है जो कि उन पर जापानी कला के प्रभाव के परिणाम स्वरुप बन पड़ी लगती हैं। ठाकुर की ज्यामितीय आकृतियां के प्रति दीवानगी उनकी कई चित्रों में दृश्यगत हैं।

आर्चर के अनुसार वे विभिन्न ज्यामितीय आकारों, उभरी हुई चोंच, दांतों और नाक को पतले नुकीले त्रिकोण के प्रति अति आकर्षित थे। ठाकुर के लिए यह आकृतियां गहरे मानसिक संताप की अभिव्यंजना का माध्यम रही।

coloured ink and poster colour on paper, 1930-31, Rabindra Bhavan

निष्कर्ष – उपरोक्त समग्र शोध पूर्ण अध्ययन से ज्ञात होता है कि रवींद्रनाथ ठाकुर की कला व चित्र अपने समय से बहुत आगे गतिमान थे। उनकी कला

व सौंदर्य की अवधारणा अत्यंत परिष्कृत थी। जिसे आज भी तर्कसंगत माना जा सकता है। उन्होंने सीमित रेखाओं, माध्यमों व संसाधनों से कला के स्वरूप को विकसित किया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. The Scottish Centre of Tagore Studies: Rabindranath Tagore as Painter by Tapati Gupta https://share.google/zrHBWnCUqfel0xBj2
2. Rupkatha Journal on Interdisciplinary Studies in Humanities: Vol II, Edition-I https://share.google/3D85RQm5Xvsyjqk7H
3. Rabindranath Tagore, `What is Art', Ibid, p34
4. Rabindranath Tagore,`Woman`, Personality, Macmillan Pocket Edition, New Delhi, 1980,174
5. Images courtesy- https://share.google/ksc8i8wFdJ1nKDtZT
6. प्रताप डॉ. रीता, आधुनिक भारतीय चित्रकला एवं मूर्तिकला का इतिहास, प्रथम सं. 2004 पृ.सं 338,339
7. चतुर्वेदी, डॉ. ममता, आधुनिक भारतीय कला एवं कलाकार, पंचम सं. 2014, पृ.सं. 62,63, 64
8. साखलकर र. वि., आधुनिक चित्रकला का इतिहास, सप्तम सं.1999,पृ.स. 316,337
9. सेन अमृत सीमाओं से परे, रवींद्रनाथ की पेंटिंग और विश्व भारती, टवस Vol II, Edition -1,2010

****